राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 283
लखनऊ, सोमवार 15 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा 10

महिला किसानों को मिलेगा आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ : केशव 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,49,230/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,36,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,11,960/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



# भारत इनोवेट्स में हुई चर्चाएं ज्ञानवर्धक रहीं : मोदी




- फ्रांस के निवेशकों को भारत की विकास यात्रा से जुड़ने का न्योता
- मोदी व मैक्रों ने भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

एजेंसी, नीस (फ्रांस)।

भारत और फ्रांस के बीच मनाए जा रहे नवाचार वर्ष (इयर ऑफ इनोवेशन) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस आयोजन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर के प्रमुख निवेशकों और वेंचर कैपिटल (जोखिम पूंजी) प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और भारत में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर इस कार्यक्रम और मुलाकातों की जानकारी साझा की। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों का आभार जताते हुए लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों, नीस में आपसे दोबारा मिलकर बेहद खुशी हुई।

भारत इनोवेट्स कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ क्योंकि हमारे दोनों देश मिलकर नवाचार वर्ष मना रहे हैं। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने निवेशकों के साथ हुई बैठक को बेहद समृद्ध और दूरदर्शी बताया। उन्होंने लिखा कि भारत इनोवेट्स 2026 में हुई चर्चाएं काफी ज्ञानवर्धक रहीं। इस दौरान निवेशकों और वेंचर कैपिटल लीडर्स के साथ नवाचार, प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और उभरते क्षेत्रों में भारत द्वारा पेश किए जा रहे असीमित अवसरों पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने भारत को निवेश का सबसे आकर्षक केंद्र बताते हुए लिखा कि भारत की विकास यात्रा देश की प्रतिभा, बड़े पैमाने (स्केल), स्थिरता और निरंतर हो रहे सुधारों (रिफॉर्म्स) से संचालित है। यही खूबियां भारत को वैश्विक निवेश और नवाचार के लिए एक पसंदीदा और आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। इसी संदेश को प्रधानमंत्री ने एक्स पर फ्रेंच भाषा में भी साझा किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में भारत के 120 अग्रणी स्टार्टअप और 20 से अधिक उत्कृष्ट संस्थान भाग ले रहे हैं, जो वैश्विक महत्व के 13 महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी स्तंभों पर भारत की डीप-टेक क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में दुनिया भर के 350 से अधिक शीर्ष निवेशकों और वेंचर कैपिटलिस्टों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, बायोटेक्नोलॉजी, रक्षा, अंतरिक्ष और क्लीन एनर्जी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों के स्टार्टअप्स और नवोन्मेषकों (इनोवेटर्स) के साथ सीधा संवाद भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा व स्थिरता को बढ़ावा देने वाली भारत-फ्रांस की संयुक्त पहलों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण विकास के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी, सतत जीवन के लिए उन्नत विनिर्माण (एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग) और स्वच्छ विकास के लिए ग्रीन हाइड्रोजन व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।

### भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच 'भारत इनोवेट्स' सेतु का कार्य करेगा : प्रधानमंत्री


फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी को साझा दृष्टि, नवाचार और प्रेरणा पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि यह मंच भारत की प्रतिभा और यूरोपीय पूंजी के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा भारतीय नवाचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### स्टार्टअप्स का मूल्यांकन मानवता पर उनके सकारात्मक प्रभाव से भी किया जाना चाहिए

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद उद्यमियों और निवेशकों से ऐसी तकनीकों को विकसित करने का आह्वान किया जो विश्वसनीय, समावेशी और मानव-केंद्रित हों। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि स्टार्टअप्स का मूल्यांकन केवल उनके बाजार मूल्य (मार्केट वैल्यूएशन) से नहीं बल्कि मानवता पर उनके सकारात्मक प्रभाव से भी किया जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक समुदाय को वैश्विक नवाचार के इस नए अध्याय को सह-निर्मित करने के लिए भारत के साथ हाथ मिलाने का निमंत्रण दिया।

# सीएम योगी ने गोरखपुर को दी सौगात

- 926 करोड़ रुपये की लागत से 226 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास



गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में 926 करोड़ रुपये की लागत से 226 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड तथा नवीन अनुपूरक पुष्टाहार वितरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुपोषण मिशन के द्वितीय चरण का शुभारंभ करते हुए बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को नवीन टेक होम राशन (टीएचआर) रेसिपी एवं अनुपूरक पुष्टाहार वितरित किया।

उन्होंने शेजल, सिद्धी, आंशी, सानवी और श्री जैसी नन्हीं बच्चियों को तथा सोनी देवी और अमृत देवी जैसी गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण किट प्रदान कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की लाभार्थी रवीना मधेशिया को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सुनीता देवी और चैता देवी को आवास की चाबी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शकुंतला देवी को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। कृषि विभाग की योजनाओं के अंतर्गत कौड़ीराम क्षेत्र के बुनेल प्रजापति को कृषि परियोजना के लिए अनुदान स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं बेलघाट क्षेत्र के जयप्रकाश मिश्रा को भी कृषि विकास से संबंधित सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया।

### एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान के पवेलियन का शुभारंभ

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखपुर स्थित वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में नवनिर्मित एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान के पवेलियन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने हॉकी प्रतियोगिता में भाग ले रहे नन्हें खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी हॉकी स्टिक थामकर मैदान पर स्ट्रोक लगाया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी तथा विभिन्न उत्पादों से सुसज्जित स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम में शामिल छोटे बच्चों को अन्न ग्रहण कराया तथा उनकी माताओं को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### लोकार्पण होने वाली परियोजनाएं

- 112 करोड़ से जिला कारागार में मेन वॉल का विस्तार कर 30 कैदियों की क्षमता वाली 4 नग बैरक एनक्लोजर वॉल का निर्माण
- 10 करोड़+ से वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज मैं बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा हॉल
- 27 करोड़ से बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम का जीर्णोद्धार
- पांच करोड़ से परिक्षेत्रीय साइबर धाने का प्रशासनिक भवन

**शिलान्यास होने वाली परियोजनाएं**

- 49 करोड़ + से बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों हेतु टाइप-2 के 100 आवासों का निर्माण कार्य
- 48 करोड़ से गुलहरिया में कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स कम एंटरटेनमेंट जोन का निर्माण कार्य
- 35 करोड़ से नगर निगम गोरखपुर में साहित्य पार्क का निर्माण कार्य

## संक्षिप्त समाचार

### रोशन आनंद सर के भाई प्रिंस यादव की मौत, खान सर कोचिंग फायरिंग केस में थे फरार

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में खान ग्लोबल और ज्ञान बिंदु कोचिंग चलाने वाले देश के दो चर्चित शिक्षक खान सर और रोशन आनंद सर के बीच विवाद में नया मोड़ आ गया है। रोशन आनंद सर के छोटे भाई प्रिंस यादव की नेपाल के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से पटना सन्न है। पुलिस ने कोचिंग इलाके पीरबहोर और कदमकुआं में एहतियातन भारी फोर्स तैनात कर दिया है। मृतक प्रिंस यादव खान सर की कोचिंग पर हमले में नामजद आरोपी थे, जोकि गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। बताया जा रहा है कि तब से वह अपने 5-6 दोस्तों के साथ नेपाल में रह रहे थे। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद बदहवास परिजन नेपाल के लिए रवाना हो गए हैं। फिलहाल मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

### बीएसएफ के जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल के एक सहायक उपनिरीक्षक ने रविवार को यहां एक शिविर के अंदर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों के मुताबिक, मध्यप्रदेश के रहने वाले सहायक उपनिरीक्षक लाल सिंह जम्मू के बाहरी इलाके में पलौरा स्थित बीएसएफशिविर में तैनात थे और सुबह के समय उन्होंने अपनी सरकारी राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर बीएसएफव पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिएअस्पताल भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक द्वारा ऐसा कदम उठाने के पीछे की वजह और हालात का पता लगाने के लिए एक जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने शुरुआती जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि सिंह लगभग एक महीने की छुट्टी के बाद 13 जून को ड्यूटी पर लौटे थे।

### तेज रफ्तार टेम्पो के कुएं में गिरने से 14 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर के मालशिरस तहसील में तंदुवाड़ी गांव के पास रविवार को एक तेज रफ्तार टेम्पो के कुएं में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मालशिरस पुलिस मौके पर पहुंची और कुंए से शवों को निकाल कर अस्पताल भेजा गया। लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया है। हादसे में मरने वाले सभी भक्त पंढरपुर के रंजनी गांव के रहने वाले थे। इस भयानक हादसे के बाद पूरे पंढरपुर में मातम पसर गया है। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि रंजनी गांव के रहने वाले लोग आज म्हसवड-पंढरपुर रोड से सिद्धनाथ के दर्शन करने गए थे। सिद्धनाथ के दर्शन करके गांव लौटते समय मालशिरस तहसील के म्हसवड-पंढरपुर रोड पर तंदुवाड़ी गांव के पास उनका टेम्पो कुएं में गिर गया और टेम्पो में सवार 14 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

### देहरादून में युवक की पीट-पीटकर हत्या के बाद बवाल

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहसपुर क्षेत्र स्थित बैरागीवाला गांव में एक युवक की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। क्षेत्र में भारी तनाव है। वहीं, प्रशासन ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी घर पर बुलडोजर चलाया, जबकि पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांव में खेतों की सिंचाई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था।

## राम जन्मभूमि दान मामला : एसआईटी गठन पर बोले नेता-

# दोषी व्यक्तियों पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या स्थित राम मंदिर दान चोरी विवाद के बाद एसआईटी जांच के आदेश दिए। सरकार का दावा है कि जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी ओर, योगी आदित्यनाथ के इस फैसले पर केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण के लिए पूरे भारत से, जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र भी शामिल हैं, लोगों ने योगदान दिया। कई लोगों ने इसके निर्माण में सहयोग किया। अगर दान मामले में कोई



गड़बड़ी या भ्रष्टाचार हुआ है, तो शिकायतें मिलने के बाद सरकार ने एसआईटी नियुक्त की है। अगर कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी गठित हुई है, पूरा मामला साफहो जाएगा। योगी सरकार में मंत्री दया शंकर मिश्र ने कहा कि सरकार ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है और उचित कार्रवाई करेगी। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री आशीष सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एनडीए सरकार गलत काम में शामिल हर व्यक्ति को कड़ी सजा दिलाना सुनिश्चित करती है। इस मामले में भी एसआईटी बनाई गई है और सभी को इंतजार करना चाहिए। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी

अयोध्या के राम मंदिर में दान पात्रों से धनराशि चोरी के मामले में शासन ने जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी में लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज किरन एस और विशेष सचिव, वित्त नील रतन को रखा गया है। एसआईटी सात दिनों के भीतर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी। दान पात्रों से धनराशि चोरी के मामले को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही चर्चाओं और राजनीतिक बयानों के बीच श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पूरे प्रकरण की विशेष जांच दल (एसआईटीई) से जांच कराने की मांग की थी। दान पात्रों से धनराशि चोरी के मामले को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाया था, तब से यह मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

### ईरान अमेरिका के साथ समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल न लेने पर हुआ सहमत



**एजेंसी, मास्को।** ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते के तहत होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाले जहाज़ों से टोल न लेने पर सहमत हो गया है। फॉक्स न्यूज़ ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। चैनल ने बताया है कि ईरान उस रणनीतिक जलडमरूमध्य को खोल देगा जहाँ कोई टोल नहीं लिया जाएगा। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चैनल को बताया कि अगर यह समझौता हो जाता है, तो ईरान के जलडमरूमध्य खोलने के साथ ही अमेरिका नाकेबंदी हटा लेगा, जिसके बाद बारूदी सुरंगें हटाने का काम शुरू होगा।

## पटना में छात्रों का बवाल, हालात बेकाबू पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

एजेंसी, पटना।

बिहार की राजधानी पटना में भारी बवाल हो गया। बिहार पुलिस प्रोहिबिशन कॉन्सटेबल भर्ती परीक्षा देने पटना पहुंचे अभ्यर्थी ट्रेनों की देरी पर भड़क गए। रविवार को पाटिलपुत्र रेलवे स्टेशन पर उनका विरोध-प्रदर्शन हिंसक हो गया। पथराव के बीच रेलवे स्टेशन पर भयंकर तोड़फोड़ मचाई। हालात बेकाबू होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले दागे हैं।

बिहार पुलिस प्रोहिबिशन कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए हजारों छात्र पाटिलपुत्र रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। ट्रेन देरी से चल



रही थी, जिससे छात्र भड़क गए। आक्रोशित छात्रों की भीड़ रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने मांग उठाई कि उन्हें स्पेशल ट्रेन के जरिये परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाए। रेलवे व्यवस्था और ट्रेनों का संचालन बिगड़ने लगा। कई ट्रेनें रात तक फंसी रहीं।

## घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक पहचान की जरूरत : अखिलेश

आगरा, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आगरा में अपने विजन इंडिया कार्यक्रम में युवा उद्यमियों एंटरप्रेन्योर और कारोबारियों को संबोधित कर सपा के विजन इंडिया का उद्देश्य और स्थानीय उद्योगों के विकास पर फोकस किया।

आगरा में होटल आईटीसी मुगल में आयोजित विजन इंडिया कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने स्थानीय उद्योग और व्यापारों के विकास, बढ़ावे और प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

अखिलेश यादव ने कहा जब मैकडॉनल्ड्स और पिज्जा हट दुनिया के कई देशों तक पहुंच सकते हैं, तो आगरा का पेठा क्यों नहीं पहुंच



- पी डी ए का मतलब प्रेम, दया और अपनापन भी है : पूर्व मुख्यमंत्री

सकता। इसके लिए समुचित प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि कई घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक पहचान की जरूरत है। जिसके लिए उन्हें समुचित माहौल नहीं मिल रहा है। पीडीए के संबंध में कहा कि पी डी ए पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक ही नहीं है, पी डी ए का मतलब पी से प्रेम, डी से दया और ए से अपनापन भी है। समाज में जितना प्रेम, दया और अपनापन बढ़ेगा, प्रदेश उतनी तेजी से आगे बढ़ेगा।

यही मूल्य समाज को आगे बढ़ाने और लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करते हैं।

### कांच उद्योग को जितनी मदद की जरूरत है उतनी नहीं मिल पा रही

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आगरा से सटा फिरोजाबाद राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर कांच उद्योग के लिए जाना जाता है, लेकिन कांच उद्योग को जितनी मदद की जरूरत है उतनी नहीं मिल पा रही है। फिरोजाबाद के उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष पैकेज देने की जरूरत पड़ी तो समाजवादी पार्टी की सरकार ऐसा करने में पीछे नहीं हटेगी। मौजूदा उद्योगों को कुछ सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन नए उद्यमियों और नई इकाइयों को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सहयोग उपलब्ध नहीं है। फिरोजाबाद को एक आधुनिक ग्लास सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। दुनिया के जिन देशों और शहरों में कांच उद्योग की सबसे उन्नत तकनीकें और सुविधाएं उपलब्ध हैं, उन्हें यहां लाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि स्थानीय उद्योग वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। उद्योग को मजबूती देने के लिए जरूरत पड़ने पर कॉमन फैसिलिटी सेंटर और ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भी स्थापित किए जाएंगे। फिरोजाबाद से हमारा विशेष जुड़ाव रहा है।

### तीन आईपीएस अफसरों का तबादला, रजनीश वर्मा बने एसीपी हजरतगंज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। प्रशासनिक आदेश के मुताबिक रजनीश वर्मा को एसीपी हजरतगंज, अभिषेक पांडेय को एसीपी कृष्णानगर और उदय प्रताप सिंह को एसीपी ट्रैफिक की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह तबादला पुलिस प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। नए अधिकारियों से उम्मीद है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाएंगे।

## उ.प्र. का मौसम : आगामी सात दिनों में आंधी-बारिश की संभावना, सावधान रहें किसान

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र में आने वाले सात दिनों में गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना है। यह पूर्वानुमान रविवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ ने जताया है।

उप्र प्रभागीय दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 से 20 जून तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 14 एवं 15 जून को 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर 70 किमी प्रति घंटे तक की गति



पहुंचने की चेतावनी भी जारी की गई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. सुनील पांडेय ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को देखते हुए खेतों में चल रहे कृषि कार्यों की उचित योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने धान की नर्सरी तैयार कर रखी है, वे जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें तथा तेज हवा और वर्षा के दौरान खेतों में अनावश्यक कार्य करने से बचें। डॉ. पांडेय ने बताया कि गरज-चमक एवं आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए किसान खुले खेतों, पेड़ों के नीचे तथा विद्युत पोलों के समीप खड़े न हों। कटाई के बाद खेतों में रखी उपज को सुरक्षित स्थान पर रखें और पशुओं को भी सुरक्षित आश्रय में बांधकर रखें। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव खरीफ फसलों की तैयारी के लिए लाभकारी हो सकता है, लेकिन किसानों को मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखनी चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि विज्ञान केंद्र एवं मौसम विभाग द्वारा जारी कृषि मौसम परामर्श का पालन करें, ताकि फसलों और पशुधन को संभावित नुकसान से बचाया जा सके।

**कार्रवाई** | कई ब्रांड्स को नोटिस जारी

## एफएसएसएआई गुमराह करने वाले फूड लेबल्स के खिलाफ सख्त

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने रविवार को कहा कि उसने कई खाद्य कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। इन कंपनियों पर भ्रामक ब्रांडिंग और उत्पाद से जुड़े दावों के जरिए लेबलिंग नियमों का उल्लंघन का आरोप है। इसके चलते खाद्य सुरक्षा नियामक ने कई फूड बिजनेस ऑपरेटर्स (एफबीओ) को नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि वे फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सरकारी एजेंसी ने कहा, एफएसएसएआई ने कई फूड बिजनेस ऑपरेटरों (एफबीओ) को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस भ्रामक ब्रांड नामों, ट्रेड नामों और प्रोडक्ट के दावों से जुड़े एफएसएस एक्ट, 2006 के नियमों का उल्लंघन करने के कारण जारी किए गए हैं। साथ ही कहा कि जिन कंपनियों को नोटिस मिले हैं, उनमें हेल्दी मास्टर, न्यूहर्ब्स टू विटामिन, प्लांट बी, द हेल्थ फैक्ट्री, टूवी, हेल्दी चॉइस, इमामी का हेल्दी एंड टेस्टी और हेल्थ ऐड शामिल हैं। साथ ही, ऑर्गेनिक विजडम, शाइन ऑर्गेनिक, टू ब्रदर्स ऑर्गेनिक फार्म्स, स्टोरिया, वर्ल्ड ऑफऑर्गेनिक और आयोटा वॉटर को भी नोटिस भेजे गए हैं।

एफएसएसएआई ने कहा है कि फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को निर्देश दिया गया है कि वे ग्राहकों को गुमराह होने से बचाने के लिए लेबलिंग और डिस्प्ले से जुड़े तय नियमों का सख्ती से पालन करें। नियामक के मुताबिक, उपरोक्त ब्रांड जो ट्रेड नाम इस्तेमाल करते हैं, उनसे ग्राहकों के गुमराह होने की संभावना हैय उन्हें लगता है कि ये नाम उनके प्रोडक्ट्स की प्रकृति या सेहत से



जुड़े फायदों के बारे में गलत जानकारी देते हैं। एफएसएसएआई ने हेल्दी मास्टर, द हेल्थ फैक्ट्री, हेल्दी चॉइस, इमामी के हेल्दी एंड टेस्टी और हेल्थ ऐड के प्रोडक्ट्स के नामों पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ऐसे ट्रेड नाम लागू नियमों का उल्लंघन करते हुए लगते हैं। रेगुलेटर ने टूवी के हेल्थी मिक्स चिप्स पर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि हेल्दी शब्द का इस्तेमाल गुमराह करने वाला हो सकता है, क्योंकि प्रोडक्ट में ऐसी दूसरी चीजें भी हैं जो इस दावे को सही नहीं ठहरातीं। न्यूहर्ब्स टू विटामिन के मामले में, एफएसएसएआई ने कहा कि टू विटामिन शब्द मौजूदा नियमों के तहत न तो परिभाषित है और न ही मान्यता प्राप्त है। इससे ग्राहकों के मन में प्रोडक्ट की खूबियों को लेकर गलतफहमी पैदा हो सकती है। रेगुलेटर ने प्लान बी प्लांट बेस्ड वीगन ट्रेड नेम की भी जांच की और पाया कि इससे ऐसा लगता है कि ये प्रोडक्ट सर्टिफाइड वीगन हैं। हालांकि, एफएसएसएआई ने पाया कि कंपनी ने वीगन फूड प्रोडक्ट के लिए पहले से मंजूरी नहीं ली थी और न ही अपने लाइसेंस में जरूरी वीगन फूड एंडोर्समेंट लिया था। इसके अलावा, एफएसएसएआई ने ऑर्गेनिक विजडम, शाइन ऑर्गेनिक और टू ब्रदर्स ऑर्गेनिक फार्म्स को उनके ब्रांड नामों में ऑर्गेनिक् शब्द के इस्तेमाल को लेकर नोटिस जारी किए।

# महिला किसानों को मिलेगा आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ : केशव

**▸ महिला किसान जब सशक्त होंगी तो परिवार, गांव व प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी और मजबूत होगी**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिला किसानों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4 करोड़ 95 लाख 83 हजार रुपये से अधिक की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के अंतर्गत संचालित महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए उन्हें सशक्त किसान और उद्यमी के रूप में विकसित करना है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में स्वीकृत इस धनराशि से विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की महिला किसानों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। परियोजना के माध्यम से महिला किसानों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता, आधुनिक कृषि तकनीक, आजीविका संवर्धन तथा बाजार से जोड़ने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान संख्या-83 (अनुसूचित जाति मद) के मानक मद-27 सब्सिडी के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जारी केन्द्रांश की धनराशि 2 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये तथा उसके सापेक्ष राज्यांश की धनराशि 1 करोड़ 98 लाख 33 हजार रुपये सहित कुल 4 करोड़ 95 लाख 83 हजार रुपये की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रदान की गई है।

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को कृषि क्षेत्र में केवल श्रमिक के रूप में नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली सशक्त किसान और सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करना है। इसके माध्यम से महिला-प्रधान परिवारों तथा संसाधन विहीन समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उनकी आय वृद्धि और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महिला किसान जब सशक्त होंगी तो परिवार, गांव और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने का प्रभावी माध्यम बनेगी।

# विहिप मनाएगा अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

विश्व हिन्दू परिषद इस वर्ष सितंबर माह से वर्षभर देशभर में अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी मनाएगी। जन्म शताब्दी समारोह के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए, एक केन्द्रीय स्तर पर और एक प्रान्त पर समिति बनेगी। इसी समिति के तहत सारे कार्यक्रम संपन्न होंगे।

रविवार को विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता अम्बरीष ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि शताब्दी समारोह समिति के तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा अयोध्या में 27 व 28 जून को होने वाली केन्द्रीय प्रबन्ध समिति की बैठक में बनेगी। यह बैठक श्रीराम सेवक पुरम स्थित तीर्थ यात्री निवास में होगी। इस बैठक में विहिप



**▸ अयोध्या में होगी विहिप केन्द्रीय प्रबन्ध समिति की बैठक**

के केन्द्रीय महामंत्री संगठन मिलिंद परांडे, केन्द्रीय सह संगठन मंत्री विनायक राव देशपाण्डे, विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार एडवोकेट, केन्द्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा सहित परिषद के सभी केन्द्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र के पदाधिकारी तथा देशभर के सभी प्रान्तों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रवक्ता अम्बरीष ने बताया कि केन्द्रीय प्रबन्ध समिति की बैठक में अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी मनाने की कार्ययोजना पर अंतिम मुहर लगेगी। अम्बरीष ने बताया कि हिन्दुओं के शौर्य को जाग्रत करने वाले सामाजिक समरसता के अग्रदूत, हिन्दुत्व के पुरोधा ,विश्व के सबसे बड़े जनांदोलन श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के सर्वोच्च सेनापति पूज्य अशोक सिंहल के योगदान के बारे में जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान समाज को बताया जायेगा। केन्द्रीय प्रबन्ध समिति की बैठक को सकुशल संपन्न कराने के लिए अयोध्या में बैठक भी हो चुकी है। विहिप के केन्द्रीय महामंत्री संगठन मिलिंद परांडे की उपस्थिति में हुई बैठक में क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने प्रान्तीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी बांट दी है।

## खबरें एक नजर में

### जनसत्ता दल लोकतांत्रिक में नए कार्यकर्ताओं ने ली सदस्यता




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के दिशा-निर्देश पर रविवार को पार्टी की संगठनात्मक क्षमता को सुदृढ़ करने एवं जनाधार का विस्तार करने के लिए राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर नव-नियुक्त कार्यकर्ताओं को सदस्यता पत्र वितरित किए गए। प्रदेश कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर शीर्ष नेतृत्व से प्रदेश प्रधान महासचिव कुंवर डॉ. बृजेश सिंह राजावत, जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह सूरज व जिला महासचिव अमोद सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे। उक्त पदाधिकारियों ने 6 नए कार्यकर्ताओं/ उम्मीदवारों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। ये सभी कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े हैं और पार्टी की विचारधारा व सामाजिक कल्याण की नीतियों में विश्वास रखते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह सूरज ने अपने वक्तव्य में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य पार्टी के विस्तार को बढ़ाना है, ताकि हर बूथ, हर गली और हर घर तक पार्टी की नीतियां पहुंच सकें। नए साथियों का जुड़ना इस संकल्प को और मजबूत करेगा। पार्टी उन्हें पूर्ण विश्वास और सम्मान के साथ कार्य करने का अवसर देगी। नए कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करेंगे और जनता की सेवा में अपना योगदान देंगे। प्रदेश प्रधान महासचिव कुंवर डॉ. बृजेश सिंह राजावत ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करें तथा पार्टी को जन-जन तक ले जाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### केजीएमयू में टंकी की सफाई के दौरान युवक की मौत, कर्मचारियों ने किया हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में केजीएमयू परिसर में पानी की टंकी की सफाई के दौरान एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल के रूप में हुई है। आरोप है कि सफाई के दौरान उसे करंट लग गया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना के बाद ट्रॉमा सेंटर में साथी कर्मचारियों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। कर्मचारियों का आरोप है कि राहुल को बिना सुरक्षा किट और पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के टंकी में सफाई के लिए उतारा गया था। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो हादसा टाला जा सकता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों और परिजनों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, केजीएमयू प्रशासन की ओर से घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### युवक का रेलवे पटरी पर मिला शव, मां ने जताई हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोमती नगर थानाक्षेत्र में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शनिवार रात घर से काम की बात कह कर निकाला था। इसके बाद हादसे का शिकार हो गया। युवक की मां ने हत्या की आशंका जताते हुए गोमती नगर थाने में तहरीर दी है। बड़ी जुगौली गोमती नगर निवासी बनसल बाबू पुत्र रमेश कुमार लकड़ी पॉलिश का काम करता था। मां मुन्नी देवी ने बताया शनिवार रात करीब 10 घर से निकला था। इसके बाद कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर ट्रैक पर फेंक दिया। मां ने वीरेंद्र यादव, गोपी यादव और विनय यादव पर हत्या करने की आशंका जताई है। उनका कहना है यह तीनों बेटे को लगातार धमकी दे रहे थे। कई बार घर आते समय रास्ते में रोककर जान से मारने की बात कही थी। हत्या की आशंका जताते हुए गोमतीनगर थाने में तीनों युवकों के खिलाफनामजद शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मामले में इंस्पेक्टर गोमती नगर बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में चेक किए गए सीसीटीवी में युवक अकेले जाते हुए दिखाई दे रहा है। वहीं रेलवे से पूछताछ में भी ट्रेन के आगे कूदने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### ताला तोड़कर जेवर व नकदी की पार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बीबीडी थानाक्षेत्र स्थित मयूर विहार कॉलोनी में चोरों ने बंद पड़े दो मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पार कर दी। घटना उस समय हुई जब दोनों परिवार वैष्णो देवी दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर गए हुए थे। नौकरानी ने कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। मयूर विहार गली नंबर-2 निवासी योगेंद्र कुमार मिश्रा के मुताबिक 6 जून को उनका परिवार और पड़ोसी तनु मौर्य का परिवार साथ में मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए थे। घरों में लगे पौधों की देखभाल के लिए दोनों मकानों की चाबी नौकरानी चांदनी कश्यप को दी गई थी। 9 जून की शाम करीब 7 बजे नौकरानी ने फोन कर बताया कि दोनों घरों के ताले टूटे हुए हैं और चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर योगेंद्र ने अपने रिश्तेदारों को घर पर भेजा। रिश्तेदारों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के साथ घर के अंदर पहुंचने पर कमरों का सामान बिखरा मिला और अलमारियों के लॉकर टूटे हुए थे। सूचना पर योगेंद्र 11 जून को घर लौटे तो जांच में पता चला कि उनके घर से सोने का हार, मांगटीका, चेन, दो लाकेट, बाली, झाला, अंगूठी, तीन नथ, मंगलसूत्र समेत कई सोने के जेवर चोरी हो गए। इसके अलावा चांदी की पायल, बिछिया, पाजेब, चांदी के सिक्के, करधन और करीब तीन हजार रुपए नकद भी गायब मिले। वहीं पड़ोसी तनु मौर्य के घर से सोने की चेन, तीन नथ, करीब 100 ग्राम चांदी के जेवर और 50 हजार रुपए नकद चोरी होने की जानकारी सामने आई है। पीड़ित की तहरीर पर बीबीडी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# सर्वोदय विद्यालयों व छात्रावासों में हर पेड़ की होगी डिजिटल पहचान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के विजन को आगे बढ़ाते हुए समाज कल्याण विभाग ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। विभाग ने अपने सभी जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों एवं अन्य संस्थानों में मौजूद पेड़ों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वृक्ष परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक पेड़ को एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिससे उसकी निगरानी, संरक्षण और प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।




**▸ हर पेड़ का तैयार होगा डिजिटल डाटा बैंक**

**▸ पेड़ों को मिलेगा संस्थान की संपत्ति का दर्जा**

नई व्यवस्था के अंतर्गत विभागीय संस्थानों में मौजूद सभी पेड़ों का व्यापक सर्वेक्षण कराया जाएगा।

**पर्यावरण संरक्षण का आदर्श मॉडल बनेंगे संस्थान**

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जारी बयान में कहा कि पेड़ हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं और उनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विभागीय संस्थानों में वृक्ष परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे न केवल पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।



प्रत्येक पेड़ को एक विशेष पहचान संख्या दी जाएगी और उसकी प्रजाति, स्थान, अनुमानित आयु तथा वर्तमान स्थिति का पूरा विवरण वृक्ष परिसंपत्ति पंजिका में दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही सभी पेड़ों की फोटो लेकर उनका डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा। इससे समय-समय पर उनकी स्थिति का आकलन करने और आवश्यक संरक्षण उपाय करने में सुविधा मिलेगी।

समाज कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि संस्थानों में मौजूद सभी पेड़ों को अब परिसंपत्ति के रूप में दर्ज किया जाएगा। किसी भी पेड़ की कटाई अथवा बड़े स्तर पर छंटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के नहीं की जा सकेगी। साथ ही प्रत्येक वर्ष इन पेड़ों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा, ताकि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। यह व्यवस्था हरित संपदा को सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# असदुद्दीन ओवैसी लखनऊ पहुंचे, नारे लगे- देखो-देखो शेर आया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी करीब डेढ़ साल बाद लखनऊ पहुंचे। वह बहराइच में एक रैली करेंगे। रविवार सुबह ओवैसी एयरपोर्ट पहुंचे तो समर्थकों ने नारे लगाए- देखो-देखो कौन आया, शेर आया शेर आया। 2027 यानी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए औवेसी का यह दौरा अहम माना जा रहा है। वह यूपी में 200 सीट पर लड़ने का ऐलान कर सकते हैं।

इसका इशारा शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने बहराइच पहुंचकर किया था। उन्होंने कहा था पार्टी 200 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, हालांकि इस पर अंतिम फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष यानी औवेसी करेंगे। ओवैसी का पहला कार्यक्रम सपा के गढ़ बहराइच की मटेरा विधानसभा में है।



वह शंकरपुर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करेंगे।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ओवैसी के यूपी के दौरे पर तंज कसा है। उन्होंने कहा ये ध्रुवीकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। धर्म और जाति के आधार पर राजनीति करते हैं। इनकी दाल गलने वाली नहीं है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के तहत काम करती है। जन-जन का आशीर्वाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ है।

# यू. पी. में बढ़ रहा रिपब्लिकन पार्टी का जनाधार शोषितों-वंचितों की आवाज बनेगी पार्टी : आठवले

एजेंसी, लखनऊ।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित सिडको भवन में पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक को संबोधित किया। बैठक में प्रदेशभर से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान पार्टी के प्रदेश स्तरीय विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. आठवले ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश में पूरी ऊर्जा के साथ संघर्ष कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी समाज के शोषित, वंचित और पीड़ित वर्गों की बुलंद आवाज बनने के लिए कटिबद्ध है।

इस अवसर पर उ न्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के सक्रिय नेतृत्व की सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आठवले ने कहा कि श्री गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में संगठन का विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है। पवन भाई गुप्ता न केवल प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच बना रहे हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनमें नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। उनकी मेहनत और संगठन कौशल का ही परिणाम है कि प्रदेश के हर जिले, ब्लॉक और तहसील स्तर पर पार्टी की नींव मजबूत हो रही है।



**पदाधिकारियों को दिया जीत का मंत्र**

डॉ. आठवले ने पार्टी को एक परिवार बताते हुए कहा कि यदि हम जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव स्तर पर मेहनत और लगन से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से परिणाम सकारात्मक मिलेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं और लगातार जनसभाएं आयोजित करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने विश्वास दिलाया कि पार्टी डॉ. आठवले के विजन को धरातल पर उतारने और उत्तर प्रदेश में शोषित समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। इस समीक्षा बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी और आगामी चुनौतियों का सामना एकजुट होकर करने का संकल्प लिया।

# मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 10 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेल और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इसी क्रम में मेरठ स्थित मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 10 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस वर्ष से विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (बीपीईएस) और बीएससी योग पाठ्यक्रम में प्रवेश दिए जाएंगे। इसके साथ ही दो वर्षीय एमएससी योग कार्यक्रम में भी दाखिले होंगे। खेल क्षेत्र में नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किया है।

विवि में बीपीईएस कोर्स 2025-26 से शुरू हो चुका है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत प्रॉस्पेक्टस वेबसाइट https:// sportsuniup .com/ पर उपलब्ध कर दिया गया है। खिलाड़ियों और छात्रों को आवेदन के लिए लगभग एक महीने का समय दिया गया है।




**▸ बीएससी योग और एमएससी योग में प्रवेश शुरू**

**▸ कई खेलों में पीजी डिप्लोमा कोर्स भी हो रहा शुरू**

**▸ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश की सुविधा**

अगर सीटों की बात करें तो बीपीईएस में 50, बीएससी योग में 40, एमएससी योग में 20 और स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में 15 सीटों पर प्रवेश होंगे। इसके अलावा इस सत्र से स्कूल ऑफ कोचिंग के अंतर्गत एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हॉकी, कबड्डी, कुश्ती और योग जैसे खेलों में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा कोर्स भी शुरू हो रहा है। इन सभी में पीजी डिप्लोमा के लिए 15-15 सीट पर प्रवेश होगा।

विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है। ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा खेलो इंडिया, एसजीएफआई राष्ट्रीय खेल, सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय ने सभी पाठ्यक्रमों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आरक्षित रखने का निर्णय लिया है। ये सीटें स्वीकृत क्षमता के अतिरिक्त होंगी।

**कुल 12 कोर्सों में होगा प्रवेश**

मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावत ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय में 9 डिप्लोमा, 2 स्नातक और 1 परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कुल 12 नए कोर्सों में प्रवेश फिटनेस टेस्ट के आधार पर होगा। कक्षा 12वीं के अंकों और फिटनेस टेस्ट के प्रदर्शन को मिलाकर मेरिट तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश की सुविधा दी जाएगी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों का समग्र विकास करना है। साथ ही इसका विजन उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी खेल केंद्र बनाना है।

### ओमैक्स रेजिडेंसी पर सड़क व नाले पर कब्जे का आरोप स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी स्थित ओमैक्स रेजिडेंसी आर-1 के खिलाफस्थानीय निवासियों का विरोध तेज हो गया है। निवासियों ने सार्वजनिक 60 फीट चौड़ी सड़क और नाले पर अतिक्रमण का आरोप लगाया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन करेंगे। निवासियों के अनुसार, सुल्तानपुर रोड से ओमैक्स रेजिडेंसी आर-1 होते हुए ईमार क्षेत्र तक जाने वाली सड़क और नाले का निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कराया था। आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, एलडीए ने वर्ष 2017 में इस सड़क के निर्माण पर लगभग 1.43 करोड़ रुपए खर्च किए थे। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सार्वजनिक सड़क जिस भूमि पर दर्ज है, उसका खसरा संख्या 497 (प) है। जबकि, ओमैक्स रेजिडेंसी के बैनामे में खसरा संख्या 497 (स) अंकित है। आरोप है कि गलत तथ्यों के आधार पर मानचित्र स्वीकृत कराकर सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। इस मामले को लेकर कई जनप्रतिनिधियों ने भी शासन और प्रशासन को पत्र लिखे हैं। वर्ष 2023 में विधायक राजेश्वर सिंह ने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को पत्र भेजकर जांच की मांग की थी। जांच के दौरान सड़क और नाले को क्षतिग्रस्त पाया गया था और अतिक्रमण की आशंका भी जताई गई थी। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मंत्री, प्रभारी मंत्री, विधायक, विधान परिषद सदस्य सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। निवासियों का दावा है कि वे वर्ष 2014 से सड़क और नाले को पुनर्स्थापित कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांगों में ओमैक्स रेजिडेंसी के पक्ष में स्वीकृत मानचित्र की निष्पक्ष जांच, सार्वजनिक सड़क और नाले को अतिक्रमण मुक्त कराना, पुलिस बल की मौजूदगी में निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराना शामिल है।

**सराहनीय** | **योगी सरकार के विकास मॉडल की देशभर में चर्चा**

# देश का ग्रोथ इंजन बना उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।





लखनऊ स्थित एक होटल में तीन दिवसीय डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग %त्रिवेणी% में दूसरे दिन रविवार को उत्तर प्रदेश के सुशासन, संस्कृति और समृद्धि पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न अतिथियों ने योगी सरकार की तरीफ करते हुए उनके विकास मॉडल की बात की। उन्होंने बताया कि किस तरह यूपी बीमारू राज्य से प्रगति की तरफ अग्रसर हुआ। इस आयोजन में कई राज्यों के 100 से अधिक डिजिटल क्रिएटर्स, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

रविवार को आयोजन के दूसरे दिन परिचर्चा सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले करीब तीन दशकों में यूपी सरकार और केंद्र सरकार के बीच समन्वय नहीं था, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को नहीं मिल पाता था। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार और 2017 में यूपी में योगी सरकार बनने के बाद हालात सुधरे। इस डबल इंजन सरकार के जरिए पीएम आवास योजना, शिक्षा से जुड़ी योजना, स्वच्छ भारत मिशन समेत हर योजना लागू हुई और इनका जनता तक फायदा भी पहुंचा।

**योगी सरकार में माफियाओं पर कार्रवाई**

अवनीश अवस्थी ने कहा कि योगी सरकार में ही प्रदेश के सभी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई। साथ ही उनके सभी मुकदमों में सजा भी कोर्ट से तय हुई। कुछ माफियाओं ने सरकारी जमीनों पर कब्जा किया था, जिनको खाली कराकर गरीबों के लिए आवास बनाए गए। वहीं गैंगस्टर एक्ट को भी सख्ती से प्रदेश में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि हर रोज सीएम योगी खुद कानून-व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं।

**उद्योग क्षेत्र में आया बदलाव**

दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के संस्थापक-अध्यक्ष मिलिंद कांबले ने चर्चा के दौरान कहा कि मैंने यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनते हुए देखा है। 2017 के बाद यूपी के उद्योग क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया। कानून-व्यवस्था, सड़क, रेल मार्ग में सुधार, उद्योग लगाने में आसान व्यवस्थाओं से राहत मिली है।

**यूपी से पलायन पर लगी लगाम**

विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) साकेत मिश्रा ने कहा कि योगी सरकार आने के बाद यूपी से पलायन काफी कम हो हुआ है। सरकार ने शिक्षा, रोजगार समेत अन्य मामलों पर बेहतर काम किया। बदलाव छोटी-छोटी चीजों से आता है, जिस पर योगी सरकार ने पूरा ध्यान दिया।

# नीट व पेपर लीक पर राजभवन घेराव के दौरान पुलिस व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की सड़कें आज एक बार फिर युवाओं के आक्रोश का गवाह बनीं। नीट और देश-प्रदेश में लगातार हो रहे पेपर लीक घोटालों के खिलाफ छात्र संगठन एनएसयूआई ने लखनऊ में एक जोरदार और आक्रामक प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ यह शांतिपूर्ण मार्च उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब राजभवन का घेराव करने जा रहे छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया।

पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई इस तीखी झड़प में कई लोग घायल हुए यहां तक की बेहोश भी हो गए आपको बता दें कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारी जैसे ही राजभवन की तरफ बढ़े, पुलिस ने पहले से तैयार की गई 4 लेयर की भारी-भरकम बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। पर कार्यकर्ता यहीं नहीं थमे, छात्र हाथों में झंडे लेकर बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेलने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच जोरदार झड़प शुरू हो गई। इसी धक्का-मुक्की और लाठीचार्ज के दौरान एक कार्यकर्ता के सिर पर गंभीर चोट आई और वह वहीं गिर पड़ा, जिसे उसके साथी आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस के जरिए छात्रों की आवाज को दबाया जा रहा है। लखनऊ यूनिवर्सिटी के एनएसयूआई अध्यक्ष राणा सुधांशु शर्मा और कांग्रेस प्रवक्ता सचिन ने भी पुलिस पर बदसलूकी और जानवरों जैसा व्यवहार करने के गंभीर आरोप मढ़े। इस पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस और एनएसयूआई ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया। संगठन की तरफसे तीन प्रमुख मांगें उठाई गईं।

पहली मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस महाघोटाले की नैतिक जिम्मेदारी लें और तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें। दूसरी मांग नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए पर अविलंब पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाए। तीसरी मांग पेपर लीक के सदमे के कारण जिन होनहार छात्रों ने दम तोड़ दिया, उनके पीड़ित परिवारों को 5 करोड़ का मुआवजा और घर के अन्य बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाए।

# शिक्षा आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की असली धुरीः सहकारिता मंत्री

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने जनपद के दो प्रमुख शैक्षणिक विद्यालयो में विधायक निधि (विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि) के तहत हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया । ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था के रूप में तैयार कराई गई इन परियोजनाओं के उद्घाटन के सिलसिले में मंत्री श्री राठौर ने सबसे पहले संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का दौरा किया। वहां उन्होंने फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर नए निर्मित कक्ष संख्या 37, 38 और 39 को छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए समर्पित किया।इसके बाद उन्होंने अटसालिया रिंग रोड स्थित हरिप्यारी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर परिसर का रुख किया और वहाँ छात्राओं व आगंतुकों की सुविधा के लिए विधायक निधि से ही नवनिर्मित इंटरलोकिंग मार्ग का विधिवत लोकार्पण किया। दोनों ही विद्यालयों में उपस्थित जनसमूह, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने देश के विकास में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षा केवल अक्षरों का ज्ञान या डिग्रियां हासिल करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह किसी भी सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की असली धुरी है। एक उन्नत समाज की कल्पना आधुनिक, वैज्ञानिक और संस्कारयुक्त शिक्षा के बिना अधूरी है। सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि हर बच्चे को बेहतर बुनियादी ढांचा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर मिलें। विद्यालयों में इन नए क्लासरूम और सुदृढ़ रास्तों का निर्माण इसी कड़ी का हिस्सा है ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक सुगम, सुरक्षित और सकारात्मक माहौल मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने विद्या भारती के संस्थानों द्वारा बच्चों में राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्य सिंचित करने के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के विभाग संघ चालक रवि मिश्र, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना, प्रबंधक राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, हरिप्यारी सरस्वती बालिका विद्यालय के प्रबंधक रितेश कुमार आनंद ÷रोमी÷, कोषाध्यक्ष सीमांत मिश्रा, प्रधानाचार्य ज्योति शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष लघु उद्योग भारती नवनीत गुप्ता, पूर्व प्राचार्य राजेश अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख खुटार नमित दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख मिर्जापुर प्रियांशू रघुबंशी, अजय कुमार प्रजापति, क्षमा वर्मा, पवन सिंह, संजीव राठौर, सुशील सक्सेना, नीलमणि त्रिवेदी प्रमुदित मिश्रा, काव्य गुप्ता, त्रिवेन्द्र सिंह आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** 133 तिलहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मजीदपुर में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। खेत बचाओ अभियान जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित किसान बंधुओं एवं स्थानीय जनों से खेती की उन्नत तकनीकों, भूमि संरक्षण तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है,कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित जन, कृषि विशेषज्ञों, किसानों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी उपस्थितजनों का आत्मीय स्नेह प्राप्त हुआ।

## पूर्व चेयरमैन ने प्रिंटिंग एंड स्पोर्ट्स का किया शुभारंभ

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में आधुनिक प्रिंटिंग एवं खेल सामग्री केंद्र ये एसजी टेक प्रिंटिंग एंड स्पोर्ट्स का रविवार को शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जगदीश गंगवार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्थान के प्रोपराइटर शाकेंद्र गंगवार ने बताया कि प्रतिष्ठान पर शर्ट प्रिंटिंग, मग प्रिंटिंग, तकिया प्रिंटिंग, मोबाइल कवर प्रिंटिंग, माउस पैड प्रिंटिंग सहित विभिन्न प्रकार की कस्टमाइज्ड प्रिंटिंग की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चों एवं युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री भी उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि खुदागंज में यह अपनी तरह का पहला प्रतिष्ठान है, जहां आधुनिक तकनीक से शर्ट प्रिंटिंग की सुविधा शुरू की गई है। इससे स्थानीय लोगों को प्रिंटिंग संबंधी कार्यों के लिए अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और समय व धन दोनों की बचत होगी। मुख्य अतिथि सुधीर सिंह ने नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आधुनिक व्यवसाय नगर के विकास और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिष्ठान की सफलता की कामना की। शुभारंभ समारोह में उपस्थित लोगों ने नए प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए इसे नगरवासियों के लिए एक उपयोगी और सुविधाजनक पहल बताया।

# त्यौहार को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं

**एसडीएम और सीओ की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक**

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को थाना बंडा परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में हुई बैठक में क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक और उपजिलाधिकारी पुवायां सदानंद सरोज ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सभी धर्मों के धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिक और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की।

सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट शेयर करने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांच लें। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट से माहौल खराब हो सकता है, इसलिए इसका जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। एसडीएम सदानंद सरोज ने आमजन से अपील की कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि सभी लोग परंपराओं और धार्मिक संवेदनशीलताओं का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें। प्रशासन हर तरह से सहयोग के लिए तत्पर है।

बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को आगामी त्योहारों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था और भाईचारा बनाए रखने के लिए वे पुलिस-प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी से भी सतत निगरानी की जाएगी। हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## खबरें एक नजर में

### एनएसयूआई पदाधिकारियों को नजरबंद किए जाने का आरोप




**शाहजहांपुर।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया एनएसयूआई द्वारा लखनऊ में आयोजित प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम से पहले शाहजहांपुर के कई पदाधिकारियों को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक की घटनाओं और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना था। उनका आरोप है कि शाहजहांपुर से कार्यक्रम में शामिल होने वाले एनएसयूआई पदाधिकारियों को उनके घरों में ही रोक दिया गया। एनएसयूआई नेताओं का आरोप है कि जिलाध्यक्ष रफी उल हसन को 13 जून की शाम लगभग पांच बजे से पुलिस की निगरानी में रखा गया और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। साथ ही जिला उपाध्यक्ष मोहसिन, अनुभव कटारिया सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों को भी राजधानी लखनऊ जाने से रोका गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष का कहना है कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है और इस प्रकार की कार्रवाई से युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने प्रशासन से लोकतांत्रिक गतिविधियों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करने की मांग की। एनएसयूआई नेताओं का कहना है कि संगठन छात्रों और बेरोजगार युवाओं से जुड़े मुद्दों को आगे भी अपनी आवाज उठाता रहेगा।

### करकौर में नाली-खड़ंजा और गंदगी को लेकर ग्रामीण अनशन पर



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** विकासखंड जैतीपुर से चंद कदम की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत करकौर में नाली, खरंजा और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। गांव निवासी सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण प्राचीन शिव मंदिर के पास आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। बताया जा रहा है कि 13 जून को सत्यवीर सिंह साइकिल यात्रा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय पहुंचे थे, जहां उन्होंने गांव की समस्याओं संबंधी प्रार्थना पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान के बाद डीएम शाहजहांपुर ने जांच के निर्देश दिए, जिसके तहत एसडीएम तिलहर, बीडीओ और पुलिस प्रशासन गांव पहुंचा था। अधिकारियों ने जल्द नाली, खड़ंजा और सफाई कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था। रविवार को सचिव और जेई ने गांव का निरीक्षण कर कुछ स्थानों की नाप–जोख की, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठ गए हैं और प्रशासन से तत्काल कार्य शुरू कराने की मांग कर रहे हैं।

### क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए विधायक ने लिखा पत्र



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 731 शाहजहांपुर पलिया मार्ग पर स्थित बड़ागांव से पहले नगर पालिका पुवायां के लिए जाने वाले बाईपास से पुवायां नगर के राजीव चौक होते हुए ग्राम धारा के निकट बाईपास तक एवं खुटार नगर पंचायत के उत्तर तथा खुटार के दक्षिण बाईपास मोड तक की सड़क अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है। जिसको लेकर पुवायां विधायक चेतराम ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को पत्र भेजा है। जिसमें विधायक ने लिखा है कि जब नगर के बाहर हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा था, तब इसी मार्ग से भारी वाहनों सहित सभी वाहनों का आवागमन हो रहा था। निरंतर आवाजाही एवं भारी वाहनों के दबाव के कारण यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। खेद का विषय है कि उक्त मार्ग को क्षतिग्रस्त होने के बाद अधूरा छोड़ दिया गया है तथा आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों राहगीर, स्कूली बच्चे, किसान एवं व्यापारी गुजरते हैं। सड़क पर बड़े–बडे गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। जनहित एवं यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर पुवायाँ बाईपास से राजीव चौक होते हुए ग्राम धारा एवं खुटार के उत्तर एवं दक्षिण में अवशेष भाग को पुनर्निर्माण कराने हेतु वांछित धनराशि अवमुक्त करने के दिशा निर्देश दें।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के रक्तकोष विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाहजहांपुर को रक्तदान जागरूकता एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. जौहरी ने कहा कि जिस प्रकार परिवार अपने भविष्य की सुरक्षा हेतु बैंक में धन संचय करता है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान के महत्व को समझते हुए नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से किसी को जीवनदान देना सबसे बड़ी मानव सेवा एवं पुण्य का कार्य है। उन्होंने समाज के धर्मगुरुओं, मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों तथा विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं से रक्तदान जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई धर्म, जाति या भेदभाव नहीं होता, यह केवल मानव जीवन बचाने का माध्यम है।

डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान रेड क्रॉस परिवार के लिए प्रेरणास्रोत है तथा भविष्य में संस्था और अधिक उत्साह के साथ रक्तदान एवं जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। अंत में उन्होंने कार्यक्रम आयोजकों एवं उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. जौहरी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर डॉ विजय जोहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेड क्रॉस की पहल पर विश्व का पहला ब्लड बैंक 15 मार्च 1937 को अमेरिका के शिकागो स्थित कुक काउंटी अस्पताल में स्थापित किया गया था। आज रेड क्रॉस सहित अनेक सामाजिक संस्थाएं रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाहजहांपुर जनपद में मोहल्ला खलील शर्की स्थित जली कोठी के सामने अपनी संपत्ति पर शीघ्र ही ब्लड बैंक की स्थापना के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस संबंध में संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है तथा आवश्यक कार्यवाही प्रचलन में है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ब्लड बैंक की स्थापना से जिले के मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सकेगा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया। अंत में रक्तदाताओं एवं समाजसेवियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अधिकार एवं कर्मचारी तथा सहयोगी संस्थाओं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला बदर अपराधी तमंचा के साथ गिरफ्तार



**बंडा, शाहजहांपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बंडा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिला बदर घोषित एक शातिर अपराधी को अवैध 315 बोर तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक कीपैड मोबाइल भी बरामद हुआ है। यह कार्रवाई एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश, एएसपी ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा सीओ पुवायां प्रवीण मलिक के निर्देशन में की गई। गत 13 जून की रात बंडा पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था ड्यूटी, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी रामदास अवैध असलहे के साथ खखरा बुजुर्ग के पास घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर बण्डा–बिलसण्डा मार्ग के निकट कच्चे रास्ते से आरोपी को दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी ग्राम ढका घनश्याम निवासी 45 वर्षीय रामदास है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी जिला बदर घोषित है और इसके बावजूद जिले की सीमा में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी रामदास के खिलाफ आर्म्स एक्ट और उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 20 हजार से अधिक टैक्स बकाया वाले वाहन स्वामियों पर कसेगा शिकंजा

**4,250 बकायेदारों को भेजे जा रहे डिमांड नोटिस, कर जमा न करने पर होगी वसूली की कार्रवाई**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों पर कर बकाया है, उन्हें डिमांड नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों से समय से अपना कर जमा करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले में 4,250 वाहन स्वामी ऐसे हैं, जिन पर 20 हजार रुपये या उससे अधिक कर बकाया है। परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में सभी बकायेदारों को डिमांड नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 1,741 वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जबकि शेष 2,696 वाहन स्वामियों को 30 जून तक नोटिस जारी किए जाएंगे। एआरटीओ ने बताया कि डिमांड नोटिस मिलने के बाद कई वाहन स्वामी अपना बकाया कर जमा कर देते हैं। इसके बावजूद जो वाहन स्वामी कर जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ 45 दिन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तहसीलवार आरसी जारी की जाएगी। इसके बाद तहसील प्रशासन के माध्यम से बकाया कर की वसूली कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों की मांग पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने मंदिर परिसर में लगवाई लाइट



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्रामीणों एवं संभ्रांत नागरिकों की मांग पर 133 तिलहर विधानसभा से पूर्व सपा विधायक रोशन लाल वर्मा ने सिंधौली के खन्नौत नदी पुल के पास स्थित बालाजी महाराज मंदिर एवं बरम बाबा देवस्थान पर प्रकाश व्यवस्था कराई। लंबे समय से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में अंधेरा रहने के कारण श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। प्रधान पिंटू वर्मा, प्रधान राम प्रकाश, पूर्व प्रधान अरुण दीक्षित, बाबा जी लालबाबा, रोशन स्वरूप, बाबूराम सहित अन्य ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से लाइट लगवाने की मांग की थी। मांग को गंभीरता से लेते हुए रोशन लाल वर्मा ने मंदिर परिसर में लाइट लगवाने की व्यवस्था कराई।

लाइट लगने के बाद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब मंदिर परिसर में अंधेरे की समस्या दूर हो जाएगी और श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

# बड़ी लापरवाहीः खुदागंज-कटरा मार्ग पर हादसे को दावत दे रही रोड निर्माण कंपनी

**थाने के सामने भी नहीं बनाए स्पीड ब्रेकर**

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खुदागंज नगर में विकास की रफ्तार जब बिना सुरक्षा के दौड़ती है, तो वह विनाश का कारण बन सकती है। कुछ ऐसा ही मंजर खुदागंज-कटरा मार्ग पर देखने को मिल रहा है, जहाँ सड़क निर्माण कंपनी की घोर लापरवाही आम जनता और पुलिस प्रशासन दोनों के लिए जान का जोखिम बनी हुई है। थाने के सामने सुरक्षा गायब, पुलिस बल को भी खतरा चौंकाने वाली बात यह है कि निर्माण कंपनी ने खुदागंज थाने के ठीक सामने नई सड़क का निर्माण तो कर दिया है, लेकिन यहाँ सुरक्षा मानकों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। थाने के सामने स्पीड ब्रेकर गति अवरोधक न होने से वाहन यहाँ से अत्यधिक तेज गति में गुजर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर मुख्य चौराहे पर भी स्पीड ब्रेकर नहीं है स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस को अक्सर आपातकालीन स्थितियों इमरजेंसी में अचानक थाने से बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे में यदि कोई तेज रफ्तार वाहन सामने से आ जाए, तो बड़ी दुर्घटना होना निश्चित है। ग्रामीणों ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि शायद रोड निर्माण कंपनी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही उनकी नींद टूटेगी।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश क्या कहते हैं जिम्मेदार नागरिकः** इस अव्यवस्था को लेकर खुदागंज नगर के निवासियों में गहरा रोष है। नगर निवासी पप्पू सिंह ने बताया कि नया रोड बनने से खुशी तो है, लेकिन थाने जैसी संवेदनशील जगह के सामने स्पीड ब्रेकर न देना कंपनी की बड़ी चूक है। यहाँ से लोग फर्राटा भरते हुए निकलते हैं, जिससे हर पल खतरे का साया बना रहता है।आलोक सिंह बताया कि थाने के सामने स्पीड ब्रेकर होना अनिवार्य है। इमरजेंसी के समय पुलिस फोर्स की गाड़ियाँ जब निकलती हैं, तो तेज रफ्तार ट्रैफिक के कारण भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। निर्माण कंपनी को तुरंत यहाँ ब्रेकर बनाने चाहिए।

### सिर्फ थाना ही नहीं, मुख्य बाजार की गलियां भी असुरक्षित?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लापरवाही का यह आलम केवल थाने तक सीमित नहीं है। खुदागंज नगर के मेन मार्केट जाने वाली मुख्य गली के सामने और शहर के अन्य कई व्यस्त चौराहों पर भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए हैं। लोगों का कहना है कि जब कंपनी ने थाने जैसी महत्वपूर्ण जगह को नजरअंदाज कर दिया, तो आम रास्तों की सुरक्षा की उम्मीद उनसे क्या की जाए। सड़क बनाना अच्छी बात है, लेकिन लोगों की जान की कीमत पर नहीं। संबंधित उच्च अधिकारियों को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए और निर्माण कंपनी को सख्त निर्देश जारी करने चाहिए। नगर वासियों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सड़क के इस संवेदनशील पैच का निरीक्षण किया जाए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, विशेषकर थाने के सामने और मुख्य बाजार के मोड़ों पर तत्काल ऊंचे और मानक के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। शाहजहांपुर पीडब्ल्यूडी के विभाग के अवर अभियंता रंजीत यादव से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया है कि स्पीड ब्रेकर होना बहुत जरूरी है, इस संबंध में निर्माणाधीन कंपनी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से बात करता हूं और उन्हें जानकारी देता हूं।

# प्रवक्ता परीक्षाः 5276 अभ्यर्थियों में 1516 ने दी परीक्षा और 3760 ने छोड़ी

- एडीएम प्रशासन-एसपी ग्रामीण ने
- परीक्षा केंद्रों पर परखी सुरक्षा व्यवस्थाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता पुरुष-महिला पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा 13 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में 5276 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1516 उपस्थित रहे, जबकि 3760 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में आयोजित की गई। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग, पुलिस की मुस्तैदी के कारण परीक्षा के दौरान कोई अप्रिय घटना या अव्यवस्था सामने नहीं आई। परीक्षा को पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और मजिस्ट्रेटों की निगरानी में अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। उधर एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसपी ग्रामीण दिक्षा भंवरे ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा ली गई है। कही से कोई शिकायत नहीं आई है। सभी मजिस्ट्रेटों ने अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया है।

## सांसद चंद्रशेखर से मिले प्रत्याशी हरीराम



सिंधौली, शाहजहांपुर। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की लखनऊ स्थित अतिथिगृह बटलर पैलेस में लोकप्रिय नगीना लोकसभा सांसद भाई चन्द्रशेखर आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष कांशीराम, आजाद समाज पार्टी की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक विधानसभा चुनाव 2027 में प्रदेश भर से आए हुए प्रत्याशियों की समीक्षा हुई। ये बैठक 12 जून से 18 जून तक निरंतर चलेगी। आज 135 सदर विधानसभा के प्रत्याशी हरीराम वर्मा की बैठक सकारात्मक संपन्न हुई। हरीराम वर्मा स्मृति चित्र प्रदान करते हुए गर्मजोशी से स्वागत करते हुए चुनावी रणनीति में अपने विचार साझा किए।

# रात में मिट्टी खनन की पकड़ी ट्रॉली कराई सीज

- अवैध खनन पर एसडीएम की छापामार कार्रवाई जारी, अब तक दर्जन भर से ज्यादा पकड़ चुके मिट्टी व बालू खनन की ट्रैक्टर-ट्रालियां

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तिलहर क्षेत्र में मिट्टी व बालू के अवैध खनन का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है । वहीं एसडीएम जीत सिंह राय ने अवैध खनन के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार कर रखा है । वह करीब दर्जन भर अवैध खनन के वाहन सीज कर चुके हैं। शनिवार देर रात भी एक ट्रेक्टर ट्रॉली को कोतवाली में सीज कराया गया है। जानकारी के मुताबिक तिलहर निगोही मार्ग पर डडिया बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की शिकायतें लगातार प्रशासन को मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने शनिवार रात छापेमारी कर डडिया गांव के समीप एक मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा । जिसे कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर सीज कर दिया गया है। वाहन स्वामी की पहचान वेद प्रकाश मौर्य निवासी चौड़ेरा के रूप में हुई। एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित वाहन स्वामी के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से राजनैतिक संरक्षण में अवैध धड़ल्ले से अवैध खनन संचालित है। लेकिन ऐसे आरोपों की पुष्टि नहीं की जा सकती।

## खबरें एक नजर में

### अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** गैर जनपद में रहने बाली एक महिला व उसके पति के सोशल मीडिया एकाउंट पर अश्लील फोटो व वीडियो डालने के मामले में आहत पति द्वारा संबंधित थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के मामले में वहां की पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दबिश देकर आरोपी को घर दबोचा और साथ ले गई। जानकारी के मुताबिक तिलहर क्षेत्र की एक युवती की बरेली जनपद के एक कस्बा में शादी हुई थी । जहां उसकी हँसती खेलती ज़िंदगी को तब ग्रहण लग गया । जब तिलहर के एक युवक ने युवती से अंतरंगता की अश्लील वीडियो व फोटो उक्त दंपति के ही सोशल मीडिया एकाउंट पर डालकर उनके जीवन में ज़हर घोल दिया । पीड़ित पति ने तिलहर के दोदराजपुर पुर निवासी एक युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने कहना है कि उक्त युवक की इस घिनौनी हरकत से समाज में उनके सम्मान को ठेस लग रही है। यदि वह आत्म हत्या करने को मजबूर हुए तो उक्त युवक को पूर्ण जिम्मेदार माना जाए। इसी क्रम में संबंधित थाने के। इंस्पेक्टर क्राइम ने तिलहर पुलिस की मदद से आरोपी युवक को दोदराज पुर स्थित घर पर दबिश देकर घर दबोचा और साथ ले गए।

### गर्रा नदी के राजघाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान आयोजित

**शाहजहांपुर।** जिला गंगा समिति शाहजहांपुर के अंतर्गत डीपीओ डॉ. विनय कुमार सक्सेना के निर्देशन तथा वर्क संस्था के नेतृत्वकर्ता रेहान कुरैशी के संयोजन में प्रातःकाल गर्रा नदी स्थित राजघाट पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नदी एवं घाटों की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ जनसामान्य को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए घाट परिसर में श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के राजेश अवस्थी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि धार्मिक मूर्तियों एवं पूजन सामग्री को नदियों में प्रवाहित करने के बजाय उनका सम्मानपूर्वक उचित स्थान पर विसर्जन अथवा धरती माता की गोद में समर्पण किया जाना चाहिए, जिससे नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सके। वरिष्ठ समाजसेवी राजू बग्गा ने कहा कि नदियों एवं घाटों का संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना होगा। लोक भारती के महानगर संयोजक आलोक मिश्रा ने स्वयं श्रमदान करते हुए उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक रेहान कुरैशी ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द के साथ मिलकर पर्यावरण एवं जल संरक्षण के कार्यों में सहभागिता निभानी होगी। गंगा प्रेमी हिमांशु सक्सेना ने कहा कि जल ही जीवन है और नदियाँ मीठे जल का प्रमुख स्रोत हैं। इन्हें प्रदूषण से बचाना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम में वर्क एनजीओ, नगर निगम शाहजहांपुर, विश्व हिन्दू परिषद, लोक भारती, गंगा समग्र तथा मानवता वेलफेयर सोसाइटी सहित विभिन्न संगठनों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर नितिन अग्रवाल, विशव चौहान, उमैर, फैज़, रोहित, नवेद, शहज़ेब, अंकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। फ़स्वच्छ नदी, सुरक्षित भविष्यफ़ के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला युवक का शव



**बंडा, शाहजहांपुर।** सोनीपत से काम करके वापस घर लौट युवक की दूसरे दिन अज्ञात परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव बंडा कस्बे से धर्मापुर मोहल्ले को जाने वाली सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था। जबकि पास में एक स्कूटी खड़ी मिली। सूचना पर राहगीरों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बंडा के बाबा चरनदास कालोनी निवासी रामवीर सिंह (50 वर्ष) सोनीपत, हरियाणा से काम करके करीब डेढ़ वर्ष बाद शनिवार को अपने घर वापस आया था जबकि उसकी पत्नी मंगलेशा, पुत्र अरविंद, दीपक और पुत्री ज्योति रुद्रपुर, उत्तराखंड में रहकर मजदूरी करते हैं। रविवार शाम करीब चार बजे ब्लॉक रोड से मोहल्ला धर्मापुर को जाने वाली सड़क पर रामवीर का शव खून से लथपथ सड़क के किनारे पड़ा मिला जबकि एक स्कूटी सड़क के किनारे खड़ी मिली। मोहल्ले वालों के अनुसार रामवीर ने किसी से स्कूटी मांगी थी लेकिन स्कूटी किसकी है इसका पता नहीं चल सका है। उसके शव को सड़क के किनारे पड़ा देखकर राहगीरों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस उसके शव को लेकर बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि मृतक के परिवार वालों को सूचित कर दिया गया है जो रुद्रपुर से आ रहे हैं, मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में गुड्डू वर्मा ने पेश की दावेदारी

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)** जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर ढाई के निवर्तमान प्रधान हवलदार सिंह उर्फ गुड्डू वर्मा ने भीम आर्मी प्रमुख आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण से लखनऊ में भेंटकर विधानसभा प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। निवर्तमान प्रधान गुड्डू वर्मा ने बताया कि वे पार्टी प्रमुख के आमंत्रण पर लखनऊ में वीवीआईपी गेस्ट हाउस में आजाद समाज पार्टी प्रमुख सांसद नगीना चंद्रशेखर आजाद से भेंट की। पार्टी प्रमुख ने उनसे पार्टी की गतिविधियों और चुनाव जीतने के आंकड़ों पर विस्तृत वार्ता की। प्रधान ने बताया कि पार्टी प्रमुख उन्हें चुनावी तैयारी के लिए पार्टी की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

# सहयोग संस्था व रानी लक्ष्मी बाई विंग ने संयुक्त रूप से लगाया रक्तदान शिविर, राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने किया शुभारंभ

- विश्व रक्तदान दिवस पर मां बेटों ने किया महादान, दूसरों का हौसला बढ़ाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विश्व रक्तदान दिवस पर बहल मेमोरियल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गए। राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद ने रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं है, यह दान सीधे एक नया जीवन प्रदान करता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने शिविर में रक्तदान करने वालों की सराहना की। दानवीरों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए। खास बात रही कि मां और बेटों ने रक्तदान किया। इन्होंने रक्तदान किया जिसमें संस्था संरक्षक मोहम्मद शाहनवाज़ खान (एडवोकेट), सरदार हरजीत सिंह, सुमन गुप्ता, तनमय बाथम, स्तुति गुप्ता, अर्पित बाथम, अक्षत गुप्ता, रुद्राक्ष गुप्ता, वकार आलम, असरा मकसूद, त्रिशाल गुप्ता, आकाश गुप्ता, दिव्यांशु गुप्ता, सैयद कामरान हुसैन, मोनिस हसन खा, रवि शंकर वर्मा, ममता गुप्ता, भूपेश मल्होत्रा, अनुराग पाण्डेय (उपायुक्त उद्योग केंद्र, शाहजहाँपुर ) कुशल भारद्वाज, विजय भदौरिया, प्रतिमा शुक्ला, विकास सक्सेना, नीलम वर्मा, असरा मकसूद, त्रिशाल गुप्ता। बहल मेमोरियल हॉस्पिटल की डॉक्टर रश्मि बहल ने धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में अनिल गुप्ता प्रधान, प्रमोद गुप्ता पूर्व कप्तान वायु सेना, डॉक्टर नमिता सिंह, डॉक्टर अमित सिंह, नीलम वर्मा, विकास सक्सेना, अजय अवस्थी (वरिष्ठ पत्रकार), शालू यादव, रजनी गुप्ता, नवनीत प्रकाश गुप्ता, अमरदीप खालसा, शिवम वर्मा, अंकुश गुप्ता, महेंद्र दुबे, ममता यादव, संगीता गुप्ता आदि सभी शामिल रहे।

# हाइवे किनारे खड़े ट्रक में घुसी डीसीएम, दो घायल

- सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर



**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर धनेला के निकट एक खड़े ट्रक में डीसीएम पीछे से जा टकराई। दुर्घटना में डीसीएम के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां से उन्हें गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के कंजा खेड़ा निवासी अनुराग वर्मा ने बताया कि वह अपने साथी ड्राइवर पुर्थव पांडे के साथ लखनऊ से डीसीएम से सोलर पैनल लेकर बरेली जा रहे थे। इसी दौरान रविवार सुबह तड़के हाइवे पर गांव धनेला के समीप पहुंचते ही डीसीएम के आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। और डीसीएम अनियंत्रित हो ट्रक में पीछे से जा टकराई। और डीसीएम में सवार वह और पुर्थव घायल हो गए । स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनो को सीएचसी भिजवाया गया । यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दोनों घायलों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ट्रक चालक ने नाम न बताते हुए कहा कि उसका ट्रक खराब हो गया था। इसी दौरान डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी।

# होर्डिंग बनी चर्चा का विषय, आनन फानन में हटाई

- फोटो वित्तमंत्री का और नाम ईओ का, सोशल मीडिया पर वायरल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर पुवायां के मुख्य चौराहा राजीव चौक पर होर्डिंग बैनर वैसे आए दिन बगैर नगर पालिका परिषद के परमीशन के लगे रहते हैं, लेकिन इस बार चौक पर लगे तिरंगा झंडा के पोल पर पालिकाध्यक्ष की होर्डिंग भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ लगी हुई थी,जोकि विवादों के घेरे में आ गई। जो होर्डिंग लगी हुई थी, उस पर वित्तमंत्री के फोटो के नीचे उनका नाम न होकर, ईओ कल्पना शर्मा का नाम लिखे होने पर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म चल रहा था कि अगर यह प्राइवेट पार्टी की ओर से होर्डिंग लगवाई गयी हैं, तो इसमे ईओ का नाम क्यों और अगर पालिका की ओर से लगी है तो ईओ का फोटो क्यों नहीं। किसी ने होर्डिंग का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया तो तमाम कमेंट्स आने लगे। जिसके बाद आनन फानन में होर्डिंग को हटवा दिया गया। होर्डिंग हटने के बाद भी चर्चाएं बाजार में होती रही। इस बाबत नगर पालिका परिषद की ईओ कल्पना शर्मा ने बताया कि जो भी व्यक्ति होर्डिंग-बैनर लगाता है, इसके लिए पहले उसको पालिका से परमीशन लेनी होगी। उन्होंने इसके लिए पूर्व में गजट को शासन को पत्राचार कर दिया है। होर्डिंग के सवाल पर ईओ बोली कि टीम भेजकर पूरे नगर क्षेत्र में होर्डिंग सर्च कराई, ऐसी होर्डिंग कहीं नहीं दिखी।

# 52 दरवाजा मंदिर के नवनिर्माण कार्य का एमएलसी ने किया लोकार्पण

**पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर के जीर्णोद्धार को 59.01 लाख रुपये मिली थी धनराशिसमृद्धि है**



शाहजहांपुर। तहसील पुवायां- बंडा के ग्राम मुड़िया कुर्मियात स्थित प्रसिद्ध श्री ठाकुर जी महाराज विराजमान 52 दरवाजा मंदिर के नवनिर्माण एवं जीर्णोद्वार एमएलसी डा.सुधीर गुप्ता ने किया। उन्होंने मंदिर में भगवान जी की चौखट पर मत्था टेककर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना। मंदिर में पर्यटन विभाग के द्वारा धनराशि 59.01 लाख लोकार्पण कार्य किया गया। जिसमें मन्दिर के मुख्य द्वार का नव निर्माण,सत्संग भवन नव निर्माण, मोरल आर्ट के द्वारा दीवारों पर राधा कृष्ण जी मूर्ति, पेयजल व्यवस्था, मंदिर प्रागण में इंटरलॉकिंग, मंदिर की सीढ़ियों का नव निर्माण, चार सोलर लाइट एवं शू रैक एवं रंगरोपन का कार्य कराया गया। इस अवसर पर एमएलसी ने मन्दिर प्रांगण में पौधारोपण कर ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने उक्त कार्यों के लिए ग्रामवासियों को मंदिर के कायाकल्प की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रशांत पटेल, मुड़िया कुर्मियात प्रधान अभिनव वर्मा, प्रधान फतेह चन्द्र वर्मा, प्रधान नन्हे वर्मा, प्रधान हरिराम, प्रधान रोशन लाल गंगवार, प्रधान रामखिलौना, मंदिर पुजारी दिलीप सहित ग्रामवासी व क्षेत्रवासी आदि मौजूद रहे। चालन मनोज मिश्रा ने किया।

## नपं बंडा की बड़ी लापरवाही, वाटर कूलर में उतरा करंट, बाल-बाल बची युवक की जान

**बंडा, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत बंडा में आम जनता की सुविधा के लिए लगाए गए वाटर कूलरों के रख-रखाव में एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। यहाँ पानी पीने गए सनातन धर्म फाउंडेशन के संस्थापक व अध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा वाटर कूलर में आ रहे तेज करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। वहाँ मौजूद लोगों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। रविवार सुबह करीब 11 बजे सनातन धर्म फाउंडेशन के अध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा बंडा के सुनासिर नाथ मंदिर के पास लगे वाटर कूलर पर स्वयं पानी पीने और गोवंश के लिए जल भरने गए थे। जैसे ही उन्होंने वाटर कूलर को छुआ, वैसे ही वह उसमें प्रवाहित हो रहे जोरदार विद्युत करंट की चपेट में आ गए ।सौरभ करीब एक मिनट तक करंट से तड़पते रहे। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए वाटर कूलर की बिजली सप्लाई बंद की और उन्हें सुरक्षित दूर हटाया। समय रहते उठाए गए इस कदम से युवक की जान बच गई। इस गंभीर घटना को लेकर सनातन धर्म फाउंडेशन की ओर से जनपद शाहजहाँपुर के अपर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा गया है। संस्था ने आरोप लगाया है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा वाटर कूलर लगाने और उसके रख-रखाव में घोर लापरवाही बरती गई है।

# इरफान अहमद अंसारी द्वारा संपादित कहानी संग्रह मंज़िल से दूर का विमोचन

- साहित्यिक संस्था इदराक एवं नज़र मेमोरियल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



साहित्यिक संस्था इदराक एवं नज़र मेमोरियल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में बीती रात मोहल्ला हाथीथान स्थित शिक्षक इरफ़ान अहमद अंसारी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध उर्दू कहानीकार इरफ़ान अहमद अंसारी द्वारा संपादित नदीम अंसारी की कहानियों के संग्रह ÷मंजलि से दूर÷ का विमोचन किया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता अशफ़ाक़ उल्ला खां ने की। मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर गुलाम अशरफ़ क़ादरी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मंसूर अहमद सिद्दीक़ी तथा अज़ीम शाहजहांपुरी उपस्थित रहे। साहित्यिक संस्था इदराक के संस्थापक एवं महासचिव असग़र यासिर तथा नज़र मेमोरियल सोसाइटी के संस्थापक एवं महासचिव हमीद खज़िर ने संपादक इरफ़ान अहमद अंसारी को स्मृति-चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ, प्रो. गुलाम अशरफ़ क़ादरी, डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी, अज़ीम शाहजहांपुरी, ज़ुबैर आलम अंसारी, फ़हीम बिस्मिल, राशिद हुसैन राही तथा इशरत सग़ीर ने पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि मंजलि से दूर समकालीन जीवन और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्त करने वाला एक महत्वपूर्ण कहानी-संग्रह है तथा इसके संपादक का यह प्रयास साहित्य जगत के लिए सराहनीय है। इरफान अहमद अंसारी ने संग्रह और अपनी साहित्यिक यात्रा के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत हाफ़िज़ क़ासिम अख़्तर ने तिलावत-ए-कुरआन से की, जबकि रैहान क़ादरी ने नात पेश कर माहौल को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल ओढ़ाकर एवं बैज लगाकर किया गया। समारोह में सूफ़ी खलीक अहमद साबरी, मोहम्मद अरशद अंसारी, इमरान सईद, शारिक अक्स, ग़यास अहमद, सुधाकर तिवारी एडवोकेट, परवेज़ अहमद ख़ां, हर्ष दीक्षित, रिज़वान अहमद, नईम अहमद, मोहम्मद राशिद, शकील अहमद, फ़ैसल फ़ैज़ , मोहम्मद अफ़ज़ाल, मोहम्मद फ़ैसल सलमान, मोहम्मद अंसार, हिना शकील, हुमा शकील, लाइबा नूर, हुदा फ़ातिमा सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन फ़हीम बिस्मिल ने किया।

अंत में कार्यक्रम के संयोजक राशिद हुसैन राही ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की मौत मामले में पति व ससुर गिरफ्तार

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में खुदागंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पति और ससुर को उनके घर से दबोचकर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और महिला उत्पीड़न के मामलों में पुलिस की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना खुदागंज पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता मिली। जनपद पीलीभीत के थाना घुंघचाई क्षेत्र स्थित ग्राम गुलड़िया भूपसिंह निवासी अनुज सिंह ने 13 जून 2026 को थाना खुदागंज में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन को उसके पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि मारपीट करने के बाद उसे जहरीला पदार्थ देकर मौत के घाट उतार दिया गया। तहरीर के आधार पर थाना खुदागंज में पति रंजीत सिंह, ससुर छत्रपाल सिंह तथा सास राजवती के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 148/2026 दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धाराओं में संशोधन करते हुए प्रकरण को और गंभीर श्रेणी में शामिल किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थाना खुदागंज पुलिस टीम ने ग्राम कंधरापुर नवदिया में दबिश देकर आरोपी पति रंजीत सिंह (30 वर्ष) एवं उसके पिता छत्रपाल सिंह (55 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को उनके आवास से हिरासत में लिया गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने बताया है। कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जबकि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की मौत से जुड़े इस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं मृतका के परिजनों ने आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की इस मौके पर राकेश कुमार मौर्य उपनिरीक्षक घनश्याम बहादुर, कांस्टेबल राहुल कुमार, आरक्षी रोहित पांचाल एवं महिला आरक्षी शिवानी मौजूद रहे।

# ध्यान, योग और आत्मचेतना का पर्व बना ध्यानोत्सव

- ब्राइटर माइंड के बच्चों ने बंद आंखों से सब देखकर किया अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन, सीएमओ ने किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन की ओर से रामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे ÷ध्यानोत्सव÷ के दूसरे दिन ध्यान साधना के माध्यम से आंतरिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन किस तरह प्रभावी हो सकता है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मिश्रीपुर स्थित श्री रामचंद्र मिशन योगाश्रम में आयोजित तीन दिवसीय ध्यानोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा विवेक मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ध्यानोत्सव के आरंभ में लखनऊ से आये चंद्रकांत ने योग के कुछ प्रमुख आसन कराये। ध्यानोत्सव में मौजूद लोग उस समय अचंभित रह गए जब रामचंद्र मिशन द्वारा संचालित ब्राइटर माइंड कार्यक्रम के बच्चों चेतन और करिश्मा ने आंखों में पट्टी बांधकर लोगों के विजिटिंग कार्ड,नोट के नंबर, गेंदों के रंग, पहचान पत्र आदि सही पढ़कर बता दिया। बच्चों की अद्भुत प्रतिभा की लोगों ने जमकर सराहना की। जोन प्रभारी शालिनी मेहरोत्रा ने सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडिटेशन की सफाई की विधि पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्री रामचन्द्र मिशन के कार्यों और उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि ध्यानोत्सव का मूल उद्देश्य व्यक्ति के अंतर्मन में दया, करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावनाओं का विकास करना है, ताकि जीवन और कार्य के बीच संतुलन स्थापित हो सके। केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा ने प्रतिभागियों को ध्यान अभ्यास कराया। इस मौके पर सीएमओ डॉ विवेक मिश्रा ने कहा कि रामचंद्र मिशन ध्यान साधना के माध्यम से लोगों की आध्यात्मिक उन्नति कर मानव कल्याण का जो काम कर रहा है वह अद्वितीय है। जोन प्रभारी शालिनी मेहरोत्रा और प्रशिक्षक श्री गोपाल अग्रवाल ने सीएमओ डा मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ध्यानोत्सव के आयोजन में राजगोपाल अग्रवाल, ममता सिंह हर्षवर्धन अग्रवाल, आनंद मिश्रा, सुयश सिन्हा, संजय सक्सेना, प्रवीण बाजपेई, कृष्णा भारद्वाज, सुनीता सिन्हा, अमिता सक्सेना, प्रतिमा, आलोक, माया सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## भारत में सूखे के आसार

भारत सरकार को उर्वरक, खाद सबसिडी 3.42 लाख करोड़ रुपए करनी पड़ सकती है। यह सबसिडी कंपनियों को दी जाएगी, ताकि वे खाद का पर्याप्त बंदोबस्त कर सकें। बजट में इस सबसिडी का करीब 1.71 लाख करोड़ रुपए का अनुमान रखा गया था। खाद के संकट के साथ देश की खाद्य-सुरक्षा भी जुड़ी है। यदि कमजोर मॉनसून और अल नीनो के कारण, खाद के अभाव में, उपज कम हुई, तो खाद्यान्न की कमी के कारण देश में खाद्य-संकट के हालात भी बन सकते हैं। कृषि विशेषज्ञ गेहूं, चावल, दलहन की उपज कम आंक रहे हैं, लिहाजा उनके आकलन हैं कि दक्षिण एशिया में सूखे के गंभीर आसार बन रहे हैं। उन देशों में भारत भी शामिल है। फिलहाल सरकार दावा कर रही है कि खाद्यान्न के भंडार भरे हैं, लेकिन बुनियादी समस्या उर्वरक और एलएनजी की है। हमें दोनों का आयात करना पड़ता है। करीब 59 फीसदी एलएनजी खाड़ी देशों से आयात होती रही है, जिसमें करीब 43 फीसदी एलएनजी अकेला कतर हमें सप्लाई करता था। ईरान युद्ध के दौरान मिसाइल हमलों से कतर की रिफाइनरी, एलएनजी के ढांचे, तेल के अन्य ठिकाने नष्ट हुए हैं, लिहाजा कतर को उत्पादन बहुत कम करना पड़ा है, नतीजतन आपूर्ति बाधित है। भारत में अब खरीफ की फसलों की बुवाई का समय है। धान, ईख, मक्का आदि मुख्य फसलें हैं। खाद का भारत का आयात बिल करीब 74 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के प्रतिनिधि किसानों को सलाह दे रहे हैं कि यूरिया, डीएपी खाद का इस्तेमाल कम करें। जैविक, प्राकृतिक खेती पर फोकस है, लेकिन सरकारी अधिकारी यह नहीं जानते कि प्राकृतिक खेती के लिए औसत खेत तीन साल में तैयार होता है। यह खेती छोटे भू-भाग पर भी नहीं की जा सकती। किसान जिस खाद का इस्तेमाल करते हैं, उसका एक मोटा हिस्सा जमीन के भीतर रिस कर और भूमिगत जल के साथ मिल कर आसपास के खेतों में चला जाता है। उससे जैविक खेती प्रभावित, खादयुक्त हो जाती है। फिर वह प्राकृतिक खेती रहती ही नहीं। भारत में करीब 6.01 करोड़ टन खाद की सालाना खपत होती है। बेशक 90 फीसदी एनपीके का उत्पादन देश में ही किया जाता है और 87 फीसदी यूरिया का उत्पादन भी हम करने में सक्षम हैं, लेकिन उर्वरक संयंत्रों को चलाने के लिए भी एलएनजी चाहिए। खाड़ी, पश्चिम एशिया में अब भी युद्ध जारी है। बेशक राष्ट्रपति ट्रंप समझौते और युद्धविराम के ढोंग करते रहें, लेकिन हकीकत यह है कि वह युद्ध खत्म करना ही नहीं चाहते। अमरीका का एक तबका युद्ध से डॉलर छाप रहा है। बमबारी जारी है। ईरान ने भी कुवैत, बहरीन, जॉर्डन के अमरीकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले कर उन्हें तबाह किया है। युद्ध के कारण तेल, गैस, खाद और खासकर एलएनजी के आयात और आपूर्ति दोनों ही बाधित हैं। इनके कारण और कमजोर मॉनसून, अल नीनो के प्रभाव से भारत के राजस्थान, गुजरात के कच्छ क्षेत्र, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार, बंगाल और कर्नाटक आदि राज्यों में सूखे, खाद्य-संकट के आसार बन रहे हैं। कम उत्पादन के कारण चावल, दालों, सब्जियों की आपूर्ति और उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। उससे खाद्य मुद्रास्फीति में भी बढ़ोतरी की आशंका है। विश्व में 26.6 करोड़ लोग सूखे और खाद्य-संकट के शिकार हो चुके हैं। उन देशों में एशिया के भी कई देश हैं, लेकिन शुक्र है कि भारत फिलहाल उस जमात में नहीं है। सरकारों ने सूखे से निबटने के लिए जिला स्तरीय समितियां बनाई हैं। फसल विविधीकरण के प्रयास भी जारी हैं, लेकिन किसान की उपज पर्याप्त नहीं होगी, तो वह बाजार में क्या बेचेगा? यदि व्यापार अच्छी तरह नहीं कर पाएगा, तो उसकी आय कैसे बढ़ेगी? औसत किसान आज भी 10,000 रुपए माहवार कमा पाता है। उसमें भी खेती की आमदनी कम और मजदूरी का मेहनताना ज्यादा है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 12 साल पूरे करने का जश्न भाजपा-एनडीए मनाए, लेकिन देश का औसत किसान कब जश्न मना पाएगा, यह भी यक्ष-प्रश्न से कम नहीं है। खेती की लागत बढ़ रही है, जबकि किसानों की आमदनी में पर्याप्त इजाफा नहीं हो पा रहा है। गांवों के लोग अब खेती को छोड़ रहे हैं और मजदूर बनकर अपना गुजारा कर रहे हैं। खेती को लाभदायक बनाने की घोषणाएं होती हैं, पर हकीकत इससे दूर है।

# आम लोगों के आशियाने का सपना और भूमाफिया का संजाल

*दीपक कुमार त्यागी*



*भूमाफियाओं की नज़र शहर, कस्बे व गांवों तक में भी सरकारी जमीन, पट्टे की भूमि, कृषि भूमि, औद्योगिक भूमि, तालाब, चरवाहे, श्मशान, कब्रिस्तान, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, रेलवे, आर्मी व नदी के फाट (रीवर फ्रंट) आदि तक की भूमि को बेचने पर लगी हुई है, भूमाफिया अपने ताकतवर गठजोड़ के दम पर आम लोगों को अवैध जमीन बेचने में व्यस्त हैं और उनको ऐसा करने देने से रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाले सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोग उनसे पैसे कमाने में मस्त हैं। कमाल की बात यह है कि जब तक यह भूमाफिया इन जमीनों की पर अवैध प्लाटिंग करके बंदरबांट करते हुए आम आदमी को ठगने का कार्य जारी रखते हैं, तब तक न जाने क्यों शासन व पुलिस-प्रशासन की तरफ से इन लोगों को स्थाई रूप से रोकने के लिए ठोस कार्रवाई धरातल पर नहीं होती है जिससे कि इन भूमाफिया पर सख्ती के साथ लगाम लगायी जा सके। आशियाना बनाने के आम लोगों के सपनों का भूमाफिया जमकर के लाभ उठा रहे हैं। अपने आकाओं के आशीर्वाद से भूमाफियाओं के इस पूरे ताकतवर गठजोड़ पर सिस्टम में बैठे हुए ईमानदार लोगों के लाख प्रयासों के बावजूद भूमाफिया द्वारा आम लोगों से की जा रही जीवन भर की गाढ़ी कमाई की ठगी पर लगाम नहीं लग पा रही है। विचारणीय तथ्य यह है कि जब अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियां भूमाफियाओं के गठजोड़ के द्वारा विकसित की जाती है, उस वक्त सिस्टम अपनी आंखों पर पट्टी बांध करके आखिर क्यों बैठ जाता है और कॉलोनी बसने के बाद वहां के निवासियों को आये दिन बुलडोजर का भय क्यों दिखाया जाता है। क्यों अक्सर बसने के बाद ही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने की सिस्टम द्वारा कोशिश की जाती है और भूमाफिया व उसके ताकतवर गठजोड़ के खिलाफ ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हो पाती है।*
*अवैध कॉलोनियों का मुद्दा केवल कानून और अतिक्रमण का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन की जवाबदेही, भ्रष्टाचार और आम नागरिकों के आवासीय अधिकारों से भी जुड़ा है। यदि किसी भूमि पर अवैध प्लाटिंग हो रही है, तो उसे प्रारंभिक स्तर पर ही रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है। लिहाजा, उन भूमाफियाओं, भ्रष्ट अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर ऐसी कॉलोनियों को पनपने दिया। जब तक आम आदमी के लिए वैध और किफायती आवास के पर्याप्त विकल्प उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक भूमाफियाओं का संजाल नए-नए रूपों में पनपता रहेगा।*

आम लोगों के सस्ते आशियाने की जरूरत को पूरा करने के लिए ताकतवर लोगों और सिस्टम में बैठे भ्रष्टाचारी लोगों व भूमाफियाओं के ताकतवर गठजोड़ की कृपा से अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियों का जन्म आये दिन होता रहता है। इस गठजोड़ को बखूबी पता होता है कि अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियां देश व प्रदेशों के नियम-कायदे व कानून को पूरी तरह से ठेंगा दिखाते हुए स्वयं सुनियोजित विकास में सबसे बड़ी बाधक बन रही है, लेकिन भ्रष्ट लोगों की कृपा से देश में पिछले तीन दशकों में लाखों की संख्या में अवैध कॉलोनियां कुकुरमुत्ते की तरह फल-फूल गयी हैं।

पिछले कुछ दशकों से तो आलम यह हो गया है कि सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट व एनजीटी आदि के समय-समय पर दिये गये सख्त आदेशों व दिशा-निर्देशों तक की अवहेलना करते हुए मोटी कमाई के लालच में बेहद ताकतवर लोगों का यह पूरा गठजोड़ देश में अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियों को शहर-दर-शहर फलने-फूलने का पूरा अवसर प्रदान कर रहा है, जो स्थिति देश के सुनियोजित विकास के लिए बेहद चिंताजनक है। रही-सही कसर उस वक्त पूरी हो जाती है जब इन अवैध कॉलोनियों में मकान बनवाने के नाम पर व मकान बनने के बाद तोड़ने से बचाने के नाम पर अवैध उगाही करके भ्रष्टाचारियों के बीच धन की बंदरबांट होती है, बेचारे लुटे-पिटे गरीब पर जीवन भर ही दोहरी मार पड़ती रहती है, हर पल वह अपने सपने का आशियाना व जीवन भर की गाढ़ी कमाई छिनने के भय में जीवन यापन करता रहता है।

देश के सुनियोजित विकास में शहर-दर-शहर अवैध कॉलोनियां बहुत बड़ी बाधक बन गयी है। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट व एनजीटी तक भी पूरे देश में कुकुरमुत्ते की तरह फैली इन अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियों पर चिंता जता चुका है। लेकिन फिर भी देश में लाखों की संख्या में अवैध कॉलोनियों का जाल बन चुका है, सरकार व सिस्टम की इन कॉलोनियों पर कार्रवाई के बाद भी स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। जिसके चलते अब इन अवैध कॉलोनियों पर न्यायालयों को सख्त रुख अपनाना पड़ रहा है। एनजीटी के सख्त रुख के बाद ही गाजियाबाद में हिंडन नदी के रीवर फ्रंट (नदी के फाट) डूब क्षेत्र में बसी हुई इन अवैध कॉलोनियों पर गाजियाबाद प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के मूड में पूरी तरह से नज़र आ रहा है। जिलाधिकारी के सख्त कार्रवाई करने के आदेश के बाद अब डूब क्षेत्र में अपने सपनों का आशियाना बनाने वाले लोगों को अपने घरों की चिंता सताने लगी है। लोगों का तर्क है कि दशकों बाद अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाने के आदेश से मकान मालिकों की जीवन भर की गाढ़ी कमाई धूल में मिल जाने की आशंका है।

वैसे अवैध कॉलोनियों के जाल वाली इस स्थिति के लिए देश के अधिकांश प्रदेशों में जिस तरह वहां के विकास प्राधिकरण की आम लोगों को बिना लाभ-हानि के प्लाट व भवन मुहैया करवाने के अपने मूल उद्देश्य से भटक कर भारी लाभ कमाने के लिए स्वयं ही प्रोपर्टी डीलर बनकर सम्पत्ति को अधिक से अधिक महंगा करके बेचने के लिए डीलिंग की सोच काफी हद तक जिम्मेदार है। इस चिंताजनक स्थिति का लाभ पूरे देश में भूमाफिया जमकर उठा रहे हैं। आलम यह है कि भूमाफियाओं की नज़र शहर, कस्बे व गांवों तक में भी सरकारी जमीन, पट्टे की भूमि, कृषि भूमि, औद्योगिक भूमि, तालाब, चरवाहे, श्मशान, कब्रिस्तान, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, रेलवे, आर्मी व नदी के फाट (रीवर फ्रंट) आदि तक की भूमि को बेचने पर लगी हुई है, भूमाफिया अपने ताकतवर गठजोड़ के दम पर आम लोगों को अवैध जमीन बेचने में व्यस्त हैं और उनको ऐसा करने देने से रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाले सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोग उनसे पैसे कमाने में मस्त हैं।

कमाल की बात यह है कि जब तक यह भूमाफिया इन जमीनों की पर अवैध प्लाटिंग करके बंदरबांट करते हुए आम आदमी को ठगने का कार्य जारी रखते हैं, तब तक ना जाने क्यों शासन व पुलिस-प्रशासन की तरफ से इन लोगों को स्थाई रूप से रोकने के लिए ठोस कार्रवाई धरातल पर नहीं होती है जिससे कि इन भूमाफिया पर सख्ती के साथ लगाम लगायी जा सके। आशियाना बनाने के आम लोगों के सपनों का भूमाफिया जमकर के लाभ उठा रहे हैं। अपने आकाओं के आशीर्वाद से भूमाफियाओं के इस पूरे ताकतवर गठजोड़ पर सिस्टम में बैठे हुए ईमानदार लोगों के लाख प्रयासों के बावजूद भूमाफिया द्वारा आम लोगों से की जा रही जीवन भर की गाढ़ी कमाई की ठगी पर लगाम नहीं लग पा रही है।

विचारणीय तथ्य यह है कि जब अवैध फ्रीहोल्ड कॉलोनियां भूमाफियाओं के गठजोड़ के द्वारा विकसित की जाती है, उस वक्त सिस्टम अपनी आंखों पर पट्टी बांध करके आखिर क्यों बैठ जाता है और कॉलोनी बसने के बाद वहां के निवासियों को आये दिन बुलडोजर का भय क्यों दिखाया जाता है। क्यों अक्सर बसने के बाद ही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने की सिस्टम द्वारा कोशिश की जाती है और भूमाफिया व उसके ताकतवर गठजोड़ के खिलाफ ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हो पाती है।

अवैध कॉलोनियों का मुद्दा केवल कानून और अतिक्रमण का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन की जवाबदेही, भ्रष्टाचार और आम नागरिकों के आवासीय अधिकारों से भी जुड़ा है। यदि किसी भूमि पर अवैध प्लाटिंग हो रही है, तो उसे प्रारंभिक स्तर पर ही रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है। लिहाजा, उन भूमाफियाओं, भ्रष्ट अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर ऐसी कॉलोनियों को पनपने दिया। जब तक आम आदमी के लिए वैध और किफायती आवास के पर्याप्त विकल्प उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक भूमाफियाओं का संजाल नए-नए रूपों में पनपता रहेगा। इसलिए जरूरत है कि आवास नीति का केंद्र आम नागरिक की आवश्यकता बने और व्यवस्था ऐसी हो कि किसी परिवार को अपने घर के सपने और कानूनी सुरक्षा के बीच चुनाव करने की मजबूरी न झेलनी पड़े।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# विदेशी धरती पर भारतीयों की हत्या, सिर्फ विरोध नहीं, निर्णायक कार्रवाई की जरूरत

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

ब्रिटेन के लंदन स्थित साउथॉल क्षेत्र में 26 वर्षीय भारतीय मूल के युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या ने एक बार फिर विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इस हमले के बाद ब्रिटिश पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया, लेकिन अधिकांश को बाद में छोड़ दिया गया। यह स्थिति वास्वत में उस बढ़ती चिंता का हिस्सा है जिसमें विदेशों में भारतीय मूल के लोगों पर नस्लीय, सांप्रदायिक और हिंसक हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अन्य देशों में भारतीयों के खिलाफ हिंसा और नस्लीय हमलों के अनेक मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जिसमें पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया या फिर आरोपी आसानी से कानून के शिकंजे से बाहर निकल गए। इससे विदेशों में बसे भारतीय समुदाय के भीतर असुरक्षा की भावना और अधिक गहरी हुई है। भारतीय संसद में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच केवल कनाडा में 17 भारतीय छात्रों की हिंसक घटनाओं में मृत्यु हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसे नौ मामले दर्ज हुए। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया, किर्गिस्तान, ब्रिटेन, जर्मनी, चीन, डेनमार्क और ग्रेनाडा जैसे देशों में भी भारतीय नागरिक हिंसा का शिकार बने। वर्ष 2014 से 2025 के बीच विदेशों में भारतीयों पर नस्लीय हमलों के कुल 90 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 40 मामले कनाडा से सामने आए। अमेरिका और जर्मनी भी इस सूची में प्रमुख स्थान रखते हैं। यदि व्यापक दृष्टि से देखा जाए तो स्थिति और भी गंभीर प्रतीत होती है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच विदेशों में 28 हजार से अधिक भारतीयों की मृत्यु हुई, जिनमें 136 मौतें सीधे हिंसक घटनाओं से जुड़ी थीं। वर्ष 2023 में भारतीयों पर 86 हमले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 57 और 2021 में 29 थी। वर्ष 2025 के मध्य तक यह आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका था। यह वृद्धि देखा जाए तो एक ऐसे संकट का संकेत है जो भारतीय समुदाय की वैश्विक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

विदेशों में भारतीयों के साथ आज सिर्फ हिंसा ही नहीं हो रही, बल्कि श्रमिक शोषण की घटनाएं भी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2021 से 2025 के बीच भारतीय दूतावासों और मिशनों को शोषण, दुर्व्यवहार और रोजगार संबंधी 80,985 शिकायतें प्राप्त हुईं। संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और सऊदी अरब से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में वेतन न मिलना, पासपोर्ट जब्त कर लेना, अत्यधिक काम करवाना, ओवरटाइम का भुगतान न करना, छुट्टियां न देना, कंपनियों का अचानक बंद हो जाना और श्रमिकों को स्वदेश लौटने के लिए आवश्यक अनुमति तक न देना जैसी गंभीर समस्याएं शामिल हैं। ब्रिटेन में ही कुछ समय पहले दो बुजुर्ग सिख टैक्सी चालकों सतनाम सिंह और जसबीर सांघा पर नस्लीय हमला हुआ था। हमलावरों ने उन्हें गालियां दीं, जमीन पर गिराया और मारपीट की। सतनाम सिंह की पगड़ी तक उतार दी गई, जिसे उन्होंने अपनी अस्मिता पर गहरा आघात बताया। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया के जिलॉन्ग शहर में हरमनप्रीत सिंह को नस्लीय टिप्पणी का सामना करना पड़ा और बाद में उन पर शारीरिक हमला किया गया, जिससे उनकी नाक की हड्डी टूट गई। अमेरिका में भी भारतीयों के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हैदराबाद के युवा छात्र अंशुल कुंचा की हत्या इसका एक दर्दनाक उदाहरण है। पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए पिज्जा डिलीवरी का कार्य कर रहे अंशुल को कथित रूप से एक सुनियोजित साजिश के तहत सुनसान स्थान पर बुलाया गया और सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। उनके परिवार का आरोप है कि यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हमला था। इन घटनाओं के बीच ओमान तट और होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हुए सैन्य तनाव में तीन भारतीय नाविकों की मृत्यु ने भी भारत की चिंता बढ़ा दी है। चाहे कारण अलग-अलग हों, लेकिन हर घटना में जान गंवाने वाला भारतीय नागरिक ही है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि विश्व के विभिन्न देशों में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत की कूटनीतिक रणनीति कितनी प्रभावी है और उसे और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं? भारत आज विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। उसके नागरिक शिक्षा, व्यापार, तकनीक, चिकित्सा और श्रम के क्षेत्र में दुनिया के लगभग हर हिस्से में अपनी प्रतिभा का योगदान दे रहे हैं। विदेशों में रहने वाले करोड़ों भारतीय भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक और वैश्विक शक्ति के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा राष्ट्रीय सम्मान और प्रतिष्ठा का भी प्रश्न है।

हालांकि यह सच है कि भारत सरकार और विदेश मंत्रालय समय-समय पर इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हैं, संबंधित देशों से संवाद करते हैं और पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराते हैं, किंतु अब परिस्थितियां औपचारिक विरोध या संवेदना प्रकट करने से आगे बढ़ चुकी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भारत उन देशों के साथ उच्चस्तरीय और परिणामोन्मुख वार्ता करे, जहां भारतीयों पर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे मामलों की त्वरित जांच, दोषियों को कठोर दंड और पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए ठोस तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। भारत को अपने सभी प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण एजेंडा बनाना होगा। भारतीय दूतावासों को और अधिक सक्रिय, सशक्त तथा जवाबदेह बनाया जाना चाहिए ताकि संकट की स्थिति में भारतीय नागरिकों को तुरंत सहायता मिल सके। साथ ही, नस्लीय घृणा और भारतीयों के विरुद्ध हिंसा के मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता है। आज करोड़ों भारतीयों की अपेक्षा केंद्र की मोदी सरकार से यही है कि वह विदेशों में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। जिन देशों में भारतीय लगातार हमलों का शिकार हो रहे हैं, वहां चिंता व्यक्त करने के बजाय ठोस कूटनीतिक दबाव बनाया जाए। दोषियों को दंडित कराने, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाया जाए, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की शक्ति दुनिया के किसी भी कोने में रह रहे उसके नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान से भी मापी जाती है। जैसा कि सभी के सामने है-ओमान के तट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच हुए मिसाइल हमलों में 3 भारतीय नाविकों की मौत अमेरिकी बलों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर की गई कार्रवाई के दौरान हुई। भारत ने अमेरिकी हमलों को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस पर अमेरिका की बेशर्मी देखिए कि कह रहा है, वॉशिंगटन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में लागू अमेरिकी नाकेबंदी के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगा। वह व्यवसायिक जहाजों तक को नहीं छोड़ रहा! ऐसे में अब समय आ गया है कि भारत इस दिशा में और अधिक दृढ़, स्पष्ट तथा प्रभावशाली पहल करे, ताकि हर भारतीय की विदेशी धरती पर सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

साहित्य



## अनजान शहर में

**संजय एम तराणेकर**

अनजान शहर की गलियों में,
मैं खुद को ढूँढता फिर रहा हूँ।
हरेक चेहरा लगता अपना-सा,
फिर भी तन्हा-तन्हा रहता हूँ।

यहाँ पर हवाओं का रंग नया,
सपनों की भाषा भी हैं अलग।
शोर-भीड़ बहुत है राहों में पर,
दिल को मिलता नहीं मलंग।

ये ऊँची इमारतें, चमकती रातें,
शोर यहाँ हर पल गाते रहता है।
गाँव की मिट्टी की सौंधी खुशबू,
मन को अक्सर बुलाते रहती है।

हम कदम बढ़ाये जाते हैं फिर,
एक नई सुबह की आस लिए।
अनजान शहर भी अपना लगे,
यह अपनेपन-सा एहसास लिए।





## राशिफल

**मेषः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# बोझ नहीं, घर की नींव हैं बुजुर्ग

*योगेश कुमार गोयल*

प्रतिवर्ष 15 जून को विश्वभर में 'विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस' मनाया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना, उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना है। वर्ष 2026 में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का वैश्विक विषय है- 'जागरूकता से परे- बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम को कारगर बनाना।'

इस विषय का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के प्रति जागरूकता को ठोस, कार्रवाई योग्य नीतियों में बदलना और ऐसे मजबूत, सुरक्षात्मक तंत्र सुनिश्चित करना है जो बुजुर्गों के अधिकारों का सम्मान करते हों। भारतीय संस्कृति में तो बुजुर्गों को अनुभवों की खान माना जाता रहा है लेकिन चिंताजनक स्थिति यह है कि हमारे यहां भी अब बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा के मामले निरन्तर बढ़ रहे हैं। भारत में संयुक्त परिवारों के बजाय एकल परिवारों के बढ़ते चलन के कारण भी बुजुर्गों की उपेक्षा के मामलों में वृद्धि हो रही है।

आज की आधुनिक दुनिया में बुजुर्गों के साथ ऐसे बर्ताव के बढ़ते मामलों के पीछे सोशल स्टेट्स भी प्रमुख वजह माना जाता है। दरअसल, समाज में स्वयं की हैसियत बड़ी दिखाने की चाहत में कुछ लोगों को अपने ही परिवार के बुजुर्ग मार्ग की बड़ी रूकावट लगने लगते हैं। ऐसी ही रुढ़िवादी सोच के कारण उच्च वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग तक में अब वृद्धजनों के प्रति स्नेह की भावना कम हो रही है। बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले हालांकि केवल भारत तक सीमत नहीं हैं बल्कि विदेशों में तो बुजुर्गों की हालत और भी बुरी है लेकिन भारत के संदर्भ में यह स्थिति ज्यादा चिंताजनक इसीलिए है क्योंकि भारतीय समाज में सदैव संयुक्त परिवार को अहमियत दी जाती रही है, जहां बुजुर्गों का सर्वोपरि स्थान रहा है।

हमारे यहां दादा-दादी, माता-पिता, ताऊ-ताई, चाचा-चाची तथा कई बच्चों के साथ भरा-पूरा परिवार होता था, परिवार में बड़ों को सम्मान और छोटों को प्यार दिया जाता था लेकिन आज के बदलते दौर में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की धारणा खत्म होती जा रही है, जिसके कारण लोग जहां अपने बुजुर्गों से दूर हो रहे हैं, वहीं बच्चे भी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित हो रहे हैं।

अकेले रहने के कारण जहां अब बुजुर्गों के प्रति अपराध बढ़ने लगे हैं, वहीं छोटे परिवारों में बच्चों को परिवार के बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनकी कार्यशैली पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में दुनियाभर में वृद्धों एवं प्रौढ़ों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने की सख्त जरूरत महसूस होने लगी है।

हमारे बुजुर्ग ही हमारे घर की नींव और समाज की अमूल्य विरासत होते हैं, जिनके अनुभव पूरे परिवार, समाज और देश के काम आते हैं। जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वह घर स्वर्ग से भी सुंदर माना जाता है। इसके बावजूद बहुत से परिवारों में बुजुर्गों को निरन्तर अपने ही परिजनों की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे परिजनों को इस बात का आभास कराया जाना बेहद जरूरी है कि आज के युवा भी आने वाले समय में वृद्ध होंगे। जीवन में हम आज जो भी हैं, अपने घर के बुजुर्गों की बदौलत ही हैं, जिनके व्यापक अनुभवों और शिक्षाओं से हम जीवन में सभी प्रकार की कठिनाइयों को पार करने में सक्षम होते हैं। सही मायनों में हमारे बुजुर्ग ही हमें जीवन जीने का सही मार्ग सिखाते हैं। ऐसे में यदि बुजुर्गों को अपनापन और उचित मान-सम्मान दिया जाए, उनकी पसंद-नापसंद का ख्याल रखा जाए तो वे घर के लिए बेहद महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। बुजुर्गों में स्वास्थ्य चिंताएं, अनिद्रा, डर, हताशा, चिड़चिड़ापन, तनाव, बुरे सपने आना, खालीपन की भावना, भूख की कमी और अनिश्चित भविष्य से जुड़ी चिंता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आईआईटी मद्रास ने बुजुर्गों के हेल्थ केयर पर एक सर्वेक्षण किया था, जिसकी रिपोर्ट 'ग्लोबलाइजेशन और स्वास्थ्य' पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। उस रिपोर्ट के मुताबिक बुजुर्गों में मधुमेह, रक्तचाप तथा हृदय संबंधी बीमारियां ज्यादा आम मिली। चौंकाने वाला यह तथ्य भी सामने आया कि केवल 18.9 प्रतिशत बुजुर्गों के पास ही स्वास्थ्य बीमा की सुविधा थी और स्वास्थ्य पर उनके ज्यादा खर्च करने की क्षमता नहीं थी। बुजुर्गों की स्थिति पर आईआईटी मद्रास की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों की 27.5 फीसदी आबादी गतिहीन है और बुजुर्गों की करीब 70 फीसदी संख्या आंशिक या पूरी तरह से दूसरों पर आर्थिक रूप से निर्भर है।

बहरहाल, बुजुर्गों की विभिन्न समस्याओं को लेकर समाज को संजीदा होने और विपरीत परिस्थितियों में उनका संबल बनकर उन्हें बेहतर जीवन जीने के लिए सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराने की दरकार है। वृद्धावस्था में बुजुर्ग शारीरिक रूप से शिथिल भी हो जाएं तो परिजनों का कर्त्तव्य है कि पूरे सम्मान के साथ उनका ध्यान रखा जाए। जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र बढ़ती है, शरीर का रोग प्रतिरोधी तंत्र कमजोर होने लगता है और व्यक्ति को कई प्रकार की बीमारियां चपेट में ले लेती हैं। वृद्धावस्था में विभिन्न बीमारियों के अलावा आमतौर पर घुटनों तथा जोड़ों में दर्द तथा रीढ़ की हड्डी के मुड़ने जैसी समस्याओं सहित शारीरिक स्थिति में बदलाव सामान्य बात है। बुजुर्गों को इस तरह की समस्याओं से राहत के लिए उन्हें उचित पोषण मिलना बेहद जरूरी है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### राजा मिश्रा की मौत से पहले हुई मारपीट का वीडियो हुआ वायरल



**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज मोहल्ला निवासी सौरभ उर्फ राजा मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में एक वीडियो सामने आने के बाद परिजनों ने पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। राजा मिश्रा के पिता संत कुमार मिश्रा ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस ने वीडियो में दिख रहे कुछ संदिग्धों को पकड़ा है! पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शिक्षक संत कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 11 तारीख को रात को उनका पुत्र राजा घर आया और अपने कमरे में सो गया। वह दूसरे दिन 12 तारीख को उठा नहीं तो शाम को उसकी मां ने कमरे में जाकर देखा वह बेसुध हालत में पड़ा था। शरीर अकड़ गया था। मोहल्ले के एक डाक्टर को बुलाकर दिखाया। उन्होंने बेटे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने भी मृत घोषित कर दिया। शनिवार को बेटे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रविवार को 11 तारीख की रात का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया। जिसमें कुछ लोग उसके बेटे के साथ मारपीट कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो स्टेशन रोड स्थित एक शराब ठेके के पास का है। जिसमें 11 तारीख की रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में कुछ लोग उसे मार रहे है। मारने के दौरान वह रोड पर गिरकर बेहोश हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मारपीट की वजह से उसकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि बेटे से कई लोग रुपया उधार लिए हैं जिसके चलते उसके साथ मारपीट कर उसकी हत्या की गई है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### मिशन शक्ति केंद्र पनवाड़ी की पहल से एक परिवार टूटने बचा



**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया, जिससे एक परिवार टूटने से बच गया। जिसमें मिशन शक्ति केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना स्थानीय पनवाड़ी पर आवेदिका पूजा पत्नी दीपेश कुशवाहा निवासी ग्राम भरवारा, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा अपने पति दीपेश कुशवाहा पुत्र बलवान सिंह के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। आवेदिका द्वारा बताया गया कि उसका पति प्रतिदिन शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौज एवं विवाद करता है, जिससे वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से अत्यंत परेशान है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाया गया, जहां मिशन शक्ति टीम द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता एवं धैर्य के साथ दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा आपसी संवाद के माध्यम से उनके बीच उत्पन्न विवाद के कारणों को समझते हुए उन्हें उचित परामर्श दिया गया। काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से आश्वासन दिया गया दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने के उपरांत प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निस्तारण किया गया। जिससे एक परिवार टूटने से बच गया और पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिला।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर युवाओं ने रक्तदान महादान का दिया संदेश, डीएम-एसपी ने रक्तदाताओं का किया सम्मान



**उरई (जालौन)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल उरई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा समाज के अन्य लोगों से भी रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है, बल्कि यह मानव जीवन की रक्षा का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान अभियान से जुड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुल 9 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जेजे राम, चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा, मजदूरों से भरा ट्रक पलटा, 13 घायल, कई की हालत गंभीर

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें मजदूरों और उनके परिवारों से भरा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 13 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार अलीगढ़ से महोबा जनपद लौट रहे ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिक और उनके परिवार ट्रक में सवार थे। सुबह करीब 8.15 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 208 तथा ग्राम छिरिया सलेमपुर के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही जालौन पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस तथा स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया। हादसे में घायल परदेशी (6 वर्ष), ज्ञानवती (50 वर्ष), मायावती (40 वर्ष), पप्पू (40 वर्ष), अमर सिंह (35 वर्ष), रामगोपाल (40 वर्ष), प्रेमशंकर (40 वर्ष) तथा धर्मवीर (30 वर्ष) सहित कई लोगों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार सीएचसी जालौन में किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रक में महोबा जनपद के पहाड़ी बसेला गांव सहित अन्य क्षेत्रों के श्रमिक परिवार सवार थे। दुर्घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गर्भवती की मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**रामपुरा (जालौन)।** थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम सिलउवा बुजुर्ग में एक गर्भवती विवाहिता महिला शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा मारपीट कर फांसी पर लटकाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना रामपुरा में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार झांसी जनपद के थाना समथर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धींगपुरा निवासी अनिल कुमार पुत्र हरपे जाटव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने लगभग दो वर्ष पूर्व अपनी पुत्री मुस्कान की शादी रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलौवा बुजुर्ग निवासी मनोज कुमार पुत्र सुरेश जाटव के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराई थी। विवाह के दौरान अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज भी दिया गया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति मनोज कुमार, ससुर सुरेश, सास अन्नपूर्णा तथा ननद प्रियंका अतिरिक्त दहेज में नकद रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मुस्कान को लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। मृतका के पिता का कहना है कि उन्होंने रिश्तेदारों के माध्यम से कई बार ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार मृतका मुस्कान की दो वर्षीय एक पुत्री है तथा वह वर्तमान में गर्भवती भी थी। आरोप है कि 13 जून 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने पहले मुस्कान के साथ मारपीट की और बाद में उसे फांसी पर लटका दिया। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जन कल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रमाण पत्र किए वितरित

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रभारी मंत्री/राजमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उप्र सरकार, अजीत पाल सिंह, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विकास खंड तेलियानी परिसर में आयोजित जन कल्याण शिविर एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा गोष्ठी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न विभागों के लगाए गये स्टॉलों (कृषि, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, पूर्ति, स्वास्थ्य, बाल विकास, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, रेशम, बैंक, समाज कल्याण आदि) का अवलोकन किया और शिविर में उपस्थित बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्रासन कराया एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की और पोषाहार की पोटली भी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री जनधन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन एवं डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। इस मौके पर मंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। ब्लॉक परिसर में प्रभारी मंत्री, विधायकगण, भाजपा जिलाध्यक्ष ने पौध रोपित किए। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून, 2026 तक समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के पहल एक पेड़ माँ के नाम पर पौधरोपित किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, खंड विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी, मिचकी की ओर से ग्राम मिचकी एवं आसपास के क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सांसद नरेश उत्तम पटेल को दो महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन के माध्यम से फ्तेहपुर रेलवे स्टेशन से प्रातः 6 बजे प्रयागराज जाने हेतु मेमो ट्रेन के संचालन तथा रेलवे स्टेशन के पास स्थित व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग पर आम जनता की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए ओवरब्रिज/पैदल पुल के निर्माण की मांग की गई। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश सविता एवं संयोजक आचार्य बाबू सिंह ने सांसद को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया तथा शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभागों से आवश्यक कार्यवाही कराने का अनुरोध किया। सोसाइटी का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीणों के शिक्षा, विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव राजा रंजीत सिंह पटेल, जगनायक सचान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मानस रक्त केंद्र में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

▸ **आभा मेडिकल सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित**

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**





विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशनश् एवं मानस रक्तकेंद्र के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सजग नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके चलते कुल 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संकल्प दोहराया। शिविर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन राज कुमार मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि अंकुर सचान व ध्रुव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार मौर्य ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपका यह छोटा सा प्रयास किसी को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन्होंने किया रक्तदान-शिविर में मुख्य रूप से अयास, आरिफ़ राज हंस यादव, सचिन कुमार पाण्डेय, राहुल अवस्थी, मनोज, डॉक्टर महेश, अमित राज, यशु रस्तोगी, युवराज सिंह, नितिन पाल, सर्वेंद्र सिंह, राज सिंह, मनीष कुमार सोनी, हरिकेश, रणविजय, राजेश सिंह, रामशंकर, सत्यम, शिव सिंह, राजेश, राजू, हर्षित और संदीप ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान कर मिसाल पेश की। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से हिमांशु श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह, राजेश मौर्य, सत्यम बाजपेई, कंवलजीत सिंह और मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव, डॉक्टर कैलाश, लैब टेक्नीशियन अनुस पटेल, अनामिका, विष्णु तथा अंजली, श्रेया ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उपस्थित रहकर व्यवस्थाएं संभालीं। वहीं दूसरी ओर शांतिनगर में आभा मेडिकल सेंटर में भी विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर अपना रक्त परीक्षण करवाया और रक्तदान भी किया।

इस अवसर पर डॉक्टर जेपी त्रिपाठी, डॉ अभिषेक त्रिपाठी, डॉक्टर अभिषेक शर्मा सहित तमाम लोगों के समझ लोगों ने रक्तदान किया और बताया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं होती है। इससे किसी की जिंदगी बचाकर जो सुकून मिलता है वह एहसास शब्दों से बयां नहीं किया जा सकता।

### सर्किल क्षेत्र के चार क्षेत्राधिकारियों को एसपी ने सौंपा उत्तरदायित्व

**महोबा।** जनपद में नवागंतुक पुलिस उपाधीक्षक अनुरुद्ध कुमार के आगमन के फल स्वरुप तात्कालिक प्रभाव से नियुक्त क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र का विभाजन कर एसपी के निर्देशानुसार सभी को उत्तरदायित्व सौंपा गया है। पुलिस उपाधीक्षक रविकांत गोंड को सर्किल महोबा थाना कोतवाली, खन्ना, महिला थाना, यातायात एवं अतिरिक्त रिटसेल पुलिस लाइन के कार्य का उत्तरदायित्व सोपा गया है। क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे सर्किल चरखारी को थाना चरखारी,खरेला, श्रीनगर तथा अतिरिक्त न्यायिक सम्मन सेल, अभियोजन, न्यायालय सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। नवागंतुक पुलिस उपाधीक्षक

▸ **नवागंतुक सीओ अनुरुद्ध कुमार को कुलपहाड़, रविकांत गोंड को सर्किल महोबा का सौंपा गया उत्तरदायित्व**

अनिरुद्ध कुमार सर्किल कुलपहाड़ को थाना कुलपहाड़, पनवाड़ी, महोबकंठ, अजनर, साइबर थाना एवं अतिरिक्त में न्यायालय सुरक्षा (कचहरी कुलपहाड़) साइबर थाना के कार्यों का उत्तरदायक दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक तेज प्रकाश सिंह क्षेत्राधिकारी कार्यालय को पुलिस कार्यालय, थाना एएचयूटी, चुनाव सेल, क्राइम ब्रांच, यूपी-112, जिला नियंत्रण के साथ अग्निशमन केंद्र, स्थानीय अधिसूचना इकाई, आयोग सेल, सम्मन सेल, न्यायालय सुरक्षा एवं आईजीआरएस,सीएम डेश बोर्ड, सीसीटीएनएस के कार्यों का उत्तरदायक सोपा गया है। आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी नगर एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ और क्षेत्राधिकारी चरखारी एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय एक दूसरे के लिंक अधिकारी होंगे।

## टांसफार्मर का स्थान बदलवाये जाने को एमएलसी को दिया ज्ञापन



**कुलपहाड़/महोबा।** नगर के अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों ने एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर को ज्ञापन देकर तहसील के सामने लगा विद्युत ट्रांसफार्मर का स्थान बदलवाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं को दावत देता रहता है। एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर को दिए ज्ञापन में नगर के जमुना प्रसाद एडवोकेट, बद्री प्रसाद एडवोकेट, बार एसोसिएशन के महामंत्री बृजेंद्र द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, निशांत सिंह यादव आदि ने कहा है कि कुलपहाड़ तहसील के सामने लगा विद्युत ट्रांसफार्मर के पास से दो रास्ते होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं का कारण बनता है, वहां एक्सीडेंट की कई घटनाएं हो चुकी हैं। फिर भी विद्युत विभाग ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। उन्होंने एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर से तहसील के सामने लगा विद्युत ट्रांसफार्मर का स्थान बदलवाये जाने की मांग की है।

## नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा सकुशल संपन्न

▸ **डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



प्रवक्ता (पुरुष, महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा जनपद जालौन के 6 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर सतर्क निगरानी बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा गया है। जनपद के 6 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2332 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनके सापेक्ष 870 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा पूरे जनपद में शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

### जनपद में मत्स्य योजनाओं के आवेदन शुरू, 28 जून तक मौका

**उरई (जालौन)।** जनपद जालौन में मत्स्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना। सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना और सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं के लिए विभागीय पोर्टल 8 जून 2026 से 28 जून 2026 तक खुला रहेगा। इच्छुक आवेदक इस निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग का लक्ष्य मत्स्य पालन से जुड़े लोगों, मछुआरों और इस क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को इन योजनाओं से जोड़ना है।

## गंगा-जमुना क्षेत्रीय गहोई वैश्य सभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**माधौगढ़, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के अमृता पैलेस सभागार में गंगा-जमुना क्षेत्रीय गहोई वैश्य सभा का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता रहे, जबकि अध्यक्षता अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौलया 'डब्लू भइया' ने की। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सांवला, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहन कनकने तथा विधायक मूलचंद निरंजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रघुवीर शरण महतेले 'राजू' को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही सभा की समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी शपथ ग्रहण की। समारोह में गंगा-जमुना क्षेत्रीय गहोई वरिष्ठ संघ, महिला सभा तथा नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों का भी शपथ ग्रहण संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सभागार में समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि श्यामबिहारी गुप्ता ने कहा कि गहोई समाज देश के करदाताओं में अग्रणी है तथा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी सबसे अधिक सहयोग करता है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पहचान और परंपराओं पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने समाज की नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौलया 'डब्लू भइया' ने कहा कि गहोई समाज देश के बड़े संगठित समाजों में शामिल है, लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में उसे अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। उन्होंने समाज के लोगों से राजनीतिक रूप से भी अपनी ताकत प्रदर्शित करने का आह्वान किया। साथ ही चित्रकूट भवन के निर्माण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिदिन एक रुपये के सहयोग का संकल्प लेने का आग्रह किया, ताकि भवन को भव्य स्वरूप प्रदान किया जा सके। विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि गहोई समाज का उन्हें तथा भारतीय जनता पार्टी को सदैव भरपूर समर्थन मिलता रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के हितों और विकास के लिए वह हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रघुवीर शरण महतेले 'राजू' ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और समाज के हितों के लिए हरसंभव कार्य करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक अजीत बजाज एवं अंकित कस्तवार रहे, जबकि स्वागताध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिपौलया ने किया। समारोह के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

## 'मोहर्रम पर्व आपसी सद्भाव के साथ मनाएं, ताजियों की ऊंचाई अधिक न रखें'

▸ **आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम व सीओ ने संयुक्त रूप से दिए दिशा निर्देश**

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**





आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार एवं नवागंतुक पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार की उपस्थिति व कोतवाली प्रभारी अवधेश मिश्रा व क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह व चौकी प्रभारी सुजीत जायसवाल की मौजूदगी में आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित ताज़िए दारों से जानकारी हासिल कर आपसी सदभाव के साथ शांतिपूर्ण ताजिया जुलूस निकालने की बात कही गई।

कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने सभी लोगों से आपसी व प्रेम भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण मोहर्रम पर्व को मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा अगर किसी को कोई समस्या हो तो तुरन्त पुलिस को सूचना देकर अवगत कराएं। कहा कि कोई भी ताज़िए दार रूट परिवर्तन नहीं करेगा। जो हर वर्ष की तरह निर्धारित रूट अंकित है, उसी रूट से ताजिया जूलूस निकाला जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति ताजिया जूलूस में हुड़दंग नहीं करेगा और न ही कोई व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग करेगा। मोहर्रम जुलूस में अगर कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो तुरन्त पुलिस को सूचना दें। ताजिया दारों से कहा गया है कि ताज़िए की ऊंचाई 10 फीट से ज्यादा न रखें। क्योंकि ऊंचाई के कारण विधुत हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने सभी ताजिया कमेटी के लोगों से कहा कि अपने अपने मोहल्ले के पांच पांच सदस्यों के नाम पता और मोबाइल नंबर लिखकर थाने में जमा करा दें, ताकी जरूरत पड़ने पर उनसे सम्पर्क कर व्यवस्था को दुरुस्त बनाया जा सके।उन्होंने नगर पंचायत को आदेश कर, जिस रूट से ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, उस रूट की पहले से निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दें। कहीं भी रास्ते में जल भराव व अतिक्रमण न रहे। इस बैठक में उपनिरीक्षक विकास तिवारी, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब, उपनिरीक्षक अनिल सिंह सहित सगीर पहलवान, डॉ हरगोविंद, मौला बख्श जैतपुर, हाजी अलाउद्दीन, बृजेंद्र द्विवेदी, प्रधान सतारी संदीप पांडेय, प्रधान बौरा नीतेन्द्र सिंह, प्रधान बम्होरी खुर्द प्रेमचन्द्र साहू, प्रधान कमालपुरा मनोज राजपूत, ताज़िए दार ऐजाज अंसारी उर्फ कल्लू, अरबाज, फरीद, रमेश पेंटर, जाकिर हुसैन, शफीक राईन, दीदार बक्स सुगिरा, मुनीर बक्स, हाफिज मोहम्मद अशरफ विजयपुर, अजीज मंसूरी, सुल्तान अंडवारा, हाजी अलादीन सुगिरा, मुन्शी बेलाताल, रवि सोनी लाड़पुर, देवेन्द्र लटौरिया, हरी प्रकाश, मकबूल, विधुत कर्मी सत्यवीर आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजवाद की पाठशाला हैं गाँधीवादी राजनाथ शर्मा : ब्रजेश पाठक

▸ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गाँधीवादी राजनाथ शर्मा का जाना कुशलक्षेम, सीएमओ रहे मौजूद



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार को प्रख्यात गांधीवादी एवं समाजवादी चिन्तक और लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा का हालचाल लेने बेलहरा हाउस स्थित उनके पहुंचे। वहां उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमओ डॉ रंजन गौतम से उनका उचित और आवश्यक इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बता दें कि बीते दिनों श्री शर्मा के फेफड़ों में संक्रमण के चलते उन्हें एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। जहां उन्हें चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त निमोनिया की शिकायत पाई गई। गुरूवार को वह स्वस्थ होकर अस्पताल से घर पहुंचे, जहां वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। श्री शर्मा के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने राजनाथ शर्मा के साथ ही उनके बेटे मृत्युंजय शर्मा और धनंजय शर्मा से मुलाकात की और स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री के इस आत्मीय एवं संवेदनशील व्यवहार की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। श्री पाठक ने कहा कि राजनाथ शर्मा जैसी शख्सियत हमारी अनमोल धरोहर है। राजनाथ शर्मा समाजवाद की पाठशाला है। आज के दौर में ऐसे राजनेता विरले है। शर्मा जी स्वस्थ रहें और शतायु हों। वह हमारा मार्गदर्शन करते रहे। यही ईश्वर से प्रार्थना है। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रंजन गौतम, वाल्मीकी नगर वार्ड के सभासद अश्विनी शर्मा शिवा, आशु लिपिक अंकुर वर्मा, पत्रकार पाटेश्वरी प्रसाद, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, चौकी प्रभारी अनुराग पाठक, कोतवाली प्रभारी सुधीर सिंह, रंजय शर्मा, डॉ अदिति शर्मा, जिला उपभेक्ता फोरम के पूर्व न्यायिक सदस्य हुमायूं नईम खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

# कुरआन पाक मुकम्मल करने पर तकमीले कुरआन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**समृद्धि न्यूज़, जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला बुनकर कॉलोनी निवासी मोहम्मद राशिद खान के पुत्र मोहम्मद अकमल खान द्वारा कुरआन पाक मुकम्मल करने की खुशी में तकमीले कुरआन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हें मुबारकबाद दी। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुई।इसके बाद कारी शुएब आलम फुरकानी महमूदाबादी, हाफिज तस्लीम अली लखीमपुरी, हाफिज मोहम्मद नसीम लखीमपुरी, मोहम्मद औफ सहित अन्य लोगों ने नात-ए-पाक पेश की।
इसके बाद मौलाना यार मोहम्मद साकिबी साहब ने तकरीर की। अंत में मौलाना यार मोहम्मद साकिबी साहब ने मोहम्मद अकमल खान को कुरआन मुकम्मल कराया और उनके बेहतर भविष्य के लिए दुआ की।
कार्यक्रम के समापन पर मौजूद लोगो ने परिवार को मुबारकबाद दी। इस मौके पर समाजसेवी मोहम्मद सालिम, पत्रकार अज़मी रिज़वी, हाजी मास्टर इस्राइल कुरैशी, अकरम खान, शानू, सगीर, फरहद, एडवोकेट तबरेज, तौकीर, दानिश, परवेज खान, आसिफ खान,कय्यूम खान, तालिब अंसारी, फूल बाबू, रफी बेकरी, कफील कुरैशी, माजिद, भोगाई, मो अहद। हित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# शराब की कम्पोजिट दुकान में हुई सेंधमारी, नकदी शराब हुई चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



लोनी कटरा थाना क्षेत्र के दहिला चौराहा पर स्थित शराब की कंपोजिट शॉप में सेंध काट कर चोर 23 हजार रुपए कीमत से अधिक की शराब व नगदी चुरा ले गए। सेल्समैन ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की माँग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में कंपोजिट शॉप के सेल्समैन लखनऊ जनपद के थाना नगराम अंतर्गत घोड़सारा गांव निवासी भगौती प्रसाद पुत्र रामदास ने बताया कि रविवार सुबह देसी शराब ठेका दहिला के सेल्समेन ने उनकी दुकान में सेंध काट कर चोरी की सूचना दी ।सूचना पाकर दुकान पहुंचे सेल्समैन ने बताया कि दुकान पहुंचने पर दुकान के पीछे सेंध कटी मिली ।।जिसकी सूचना दुकान मालिक एवं मैनेजर को फोन के माध्यम से दी गई और सब लोगों के आने के बाद पुलिस के सामने दुकान का शटर खोला गया । स्टॉक के मिलान में गल्ले से 20150 रुपए एवम 3300 रुपये कीमत की 10 हाफ इंपिरियल शराब कम पाई गई।

# सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 12 वर्ष : केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जन-जन तक पहुंचा विकास

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में सम्मानित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवेश, रोजगार एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। प्रदेश आज देश की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट एवं औद्योगिक निवेश जैसी परियोजनाएं विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भावी विकास कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्य मंत्री (कारागार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही तथा राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चन्द्र शर्मा, सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, अध्यक्ष उ0 प्र0 अनुसूचित जाति आयोग बैजनाथ रावत,भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।



## खबरें एक नजर में

### अस्पताल की सड़क खुद वेंटिलेटर पर है जिम्मेदारों को इलाज की फुर्सत नहीं



**लालगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जहां एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे कर रही है, वहीं लालगंज सरकारी अस्पताल की मात्र 100 मीटर सड़क पूरी तरह ध्वस्त होकर उन दावों की हकीकत बयां कर रही है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीज, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग रोजाना गड्ढों, कीचड़ और धूल से जूझने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस रास्ते से अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का आना-जाना होता है, उसी सड़क की बदहाली पर किसी की नजर नहीं पड़ रही। सड़क की हालत ऐसी हो चुकी है कि मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही परेशान हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग केवल कागजों में विकास दिखाने में व्यस्त हैं, जबकि जमीनी हकीकत अस्पताल के बाहर बिखरी पड़ी है। सवाल यह है कि जब अस्पताल तक जाने वाली सड़क ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता बेहतर सुविधाओं की उम्मीद किससे करे यह अपने आप पर एक सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

### जनपद में प्रवक्ता 'पुरुष व महिला' रा.इ.का. 'प्रा.' परीक्षा-2025 शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 जनपद के 5 परीक्षा केंद्रों पर एक सत्र (पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:00 बजे तक) शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि कुल 2077 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 787 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 1290 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा फिरोज गांधी कॉलेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जन कल्याण शिविर लगाकर 90 मरीजो का किया गया उपचार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लॉक परिसर में रविवार को जनकल्याण शिविर और स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 90 मरीजों की ओपीडी की गई, साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री अल्का मिश्रा के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभकिया।अतिथियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को ताला-चाभी सौंपकर गृह प्रवेश कराया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।स्वास्थ्य मेले का संचालन सीएचसी सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में हुआ। यहां 90 मरीजों की ओपीडी की गई और उन्हें निःशुल्क जांच व दवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर एनआरएलएम ने 10 स्वास्थ्य सखियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता और सीएचसी अधीक्षक डॉ आरिफ सिद्दीकी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी जयराम बाल्मीकि, अभिषेक कुमार, आशीष वर्मा रंजीत वर्मा सहित ब्लॉक के अधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# मिशन शक्ति के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें महिला उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा संबंधी किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत शिकायत दर्ज कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करेगी घरेलू हिंसा के लिए 181 डायल करके महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर छतंबा मजरे नरेंद्रपुर गांव में पुलिस पाठशाला लगाई गई।महिला उपनिरीक्षक दीपांशी चौहान ने महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित 1090, 181 तथा 112 डायल करके महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में मदद ले सकती हैं। घरेलू हिंसा होने पर 181 पर अपनी शिकायत दर्ज कराऐ जिससे जांच कर कार्रवाई की जाएगी। 1090 वूमेन पावर लाइन पर फोन कर महिलाएं शिकायत दर्ज कर सकती हैं। साइबर ठगी को लेकर भी महिलाओं एवं ग्रामीणों को जानकारी दी गई।महिला उपनिरीक्षक दीपांशी चौहान ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी की घटनाएं ज्यादा हो रही है जिसमें मोबाइल फोन पर कॉल के माध्यम से साइबर लोग भोले भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं बिना नंबर से ऐसी कॉल पर आने वाले मैसेज या काल का जवाब ना दें ऐसी कोई परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस मौके पर महिला आरक्षी साधना सचान, तनवी सिंह, शुभी सचन, दीपा शाक्य उपस्थित रही।



### नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप लगाकर पुलिस से लगाई गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने गांव के ही एक युवक और उसके परिजनों पर उसकी 17 वर्षीय नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। पीड़ित पिता ने बताया कि गत 11 जून की दोपहर लगभग 3:00 बजे उसकी नाबालिक पुत्री को उनके गांव का ही 25 वर्षीय युवक अपने साथ लेकर कहीं गायब हो गया।

जिससे उनकी पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका है ।काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं हो सकी है।

# निर्धारित मार्ग से ही निकालें मोहर्रम का जुलूसः क्षेत्राधिकारी



**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** मोहर्रम का जुलूस सभी लोग निर्धारित मार्गो से ही निकाल कर परम्परागत तरीके से पर्व मनाये।नई परंपरा अपनायें जाने की कोई अनुमति नहीं दी जायेगी।यह बात पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने रामनगर थाना परिसर मे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह के संयोजन मे आयोजित शान्ति समिति की बैठक में व्यक्त की।उन्होंने आगे कहाकि निर्धारित मानक 8 फुट से ऊंची ताजिया नही होनी चाहिये।जिससे कर्बला ले जाने मे किसी प्रकार की असुविधा न हो।पेड़ों की कटाई छटाई नहीं की जाएगी और न ही किसी प्रकार का निर्माण तोड़ा जाएगा।विवाद है तो सूचित करें जिससे समय रहते उसका निशान कराया जा सके।नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने अपने संबोधन में कहाकि यहां दोनों समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर सभी त्यौहार मनाते हैं यहां किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कहाकि जुलूस के दौरान झंडे में लोहे का राड और हरा बांस कत्तई प्रयोग न करे।अफवाहों पर ध्यान न दे।किसी प्रकार की कोई समस्या है तो पुलिस को सूचित करें अपने स्तर से कोई निर्णय न लें अन्यथा कानून अपना काम करेगा। कांप फतेहुल्लाहपुर के मोहम्मद हसन ने लटकते हुए बिजली के तारों को कसवाये जाने की मांग की। बुढ़वल गांव में कर्बला को जाने वाले रास्ते पर कटीले तार लगा दिये जाने की शिकायत की।

# नशामुक्त भारत का संदेश लेकर असम से पैदल निकले पल्लव देव पहुंचे रामसनेहीघाट

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** देश को नशामुक्त बनाने और युवाओं को जागरूक करने का संकल्प लेकर असम से पैदल यात्रा पर निकले युवा समाजसेवी पल्लव देव रविवार को रामसनेहीघाट पहुंचे। यहां प्रेस क्लब के तत्वावधान में पत्रकारों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर उनके अभियान की सराहना की। असम के रानीबारी गांव निवासी पल्लव देव ने 5 मई 2025 को अपनी पदयात्रा शुरू की थी। उनका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाना है। इस दौरान वह असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में हजारों किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर चुके हैं। पल्लव देव ने बताया कि उनका सपना भारतीय सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का था, लेकिन चिकित्सीय कारणों से उनका चयन नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने निराश होने के बजाय समाज सेवा का मार्ग चुना और नशामुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से यह जनजागरण यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा नशे की लत के कारण अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, जिससे परिवार और समाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उनकी यह यात्रा युवाओं को सही दिशा देने और स्वस्थ समाज के निर्माण का एक प्रयास है। उन्होंने कहा, 'यदि मेरी इस यात्रा से मिलने वाले लोगों में से एक प्रतिशत लोग भी नशे और मांसाहार जैसी बुरी आदतों को छोड़कर राष्ट्र और समाज के प्रति जागरूक बनते हैं।



# आईजी रेंज लखनऊ ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

▸ आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ श्री किरण एस. द्वारा पुलिस लाइन में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। बैठक के दौरान आईजी रेंज महोदय द्वारा उ0प्र0 शासन और पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा जारी प्राथमिकताओं व आदेश-निर्देशों से सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया और उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। लम्बित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारणः आईजी रेंज महोदय ने लम्बे समय से लम्बित चल रही विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि सभी लम्बित मुकदमों का गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध और त्वरित निस्तारण किया जाए, जिससे पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। **महिला संबंधी अपराधों पर सख्त कार्रवाईः** महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए निर्देश दिए गए कि महिला संबंधी अपराधों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ त्वरित और कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। **न्यायालय में मुकदमों की प्रभावी पैरवीः** अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालयों में चल रहे मुकदमों की प्रभावी पैरवी करने पर जोर दिया गया। आईजी महोदय ने कहा कि गवाहों की समय पर पेशी और मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत कर जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जाए। **आगामी त्योहारों (मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा) की तैयारियांः** आगामी त्योहारों 'मोहर्रम' और 'कांवड़ यात्रा' के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महोदय ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रूट मार्च करें, शांति समिति की बैठकें आयोजित करें और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें ताकि दोनों पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। बैठक के अंत में महोदय ने स्पष्ट किया कि जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार संवेदनशील होना चाहिए।

### बिना कार्य कराए निकलवा दिया भुगतान, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत संदना में तैनात सचिव प्रदीप कुमार पर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव द्वारा मनमाने तरीके से पंचायत के कार्य कराए जा रहे हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत में कई विकास कार्यों के नाम पर धनराशि निकाल ली गई, लेकिन धरातल पर कार्य अधूरे पड़े हैं या कई स्थानों पर कार्य शुरू ही नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में निर्माण कार्यों में पुरानी और घटिया ईंटों का इस्तेमाल कराया जा रहा है, जिससे सरकारी कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# ठेकेदार का सनसनीखेज आरोपः अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट

▸ रंगदारी और जबरन हस्ताक्षर कराने की शिकायत



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिले के लहरपुर क्षेत्र निवासी ठेकेदार अंकित किशोर ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह उर्फ संजू, उनके सहयोगियों तथा अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि विकास खंड एलिया क्षेत्र में टेंडर कार्यों और भुगतान के नाम पर उससे लगातार अवैध धन की मांग की जा रही थी। विरोध करने पर कार्य रुकवाने, जेसीबी से तुड़वाने और ब्लैकलिस्ट कराने की धमकियां दी गई। पीड़ित के अनुसार, 11 जून 2026 को बेलवांव गांव में निर्माणाधीन भवन का प्लास्टर कार्य कराने के दौरान विवाद हुआ। इसके बाद कमालपुर पेट्रोल पंप चौराहे के पास कथित तौर पर कई लोगों ने उसकी कार को घेरकर रोक लिया और उसे जबरन अपने साथ ले गए। आरोप है कि उसे गांव ले जाकर बंधक बनाया गया, जातिसूचक गालियां दी गई, बेरहमी से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसकी जेब में रखी नकदी छीन ली, बैंक चेक, स्टाम्प पेपर और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर जबरन हस्ताक्षर कराए। पीड़ित का दावा है कि उसके फर्म से जुड़े कई दस्तावेज, लेटर पैड, चेक बुक और अन्य कागजात भी अपने कब्जे में ले लिए गए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दबाव बनाकर उसके खाते से रकम निकलवाने का भी प्रयास किया गया। अंकित किशोर ने यह भी कहा है कि थाने ले जाते समय भी उसके साथ मारपीट की गई और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने तथा अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। मामले ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आरोपित पक्ष का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर डॉक्टर पी.के. कटियार हुए सम्मानित

**▸ डीएम ने दिया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उत्कृष्ट सहयोग के लिए प्रशस्ति-पत्र**



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर पी के कटिहार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री में शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस मौके पर रक्त केंद्र प्रभारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय कन्नौज के रक्त केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवा के लिए पी.के. गैस सर्विस, गुरसहायगंज के स्वामी डॉक्टर पी के कटियार को सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविरों में उत्कृष्ट सहयोग के लिए डॉ. पी.के. कटियार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और समाजहित में किए जा रहे योगदान की सराहना की गई। रक्त केंद्र प्रभारी डॉ. अंजना यादव और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जी.एन. द्विवेदी ने पी.के. गैस सर्विस द्वारा शिविरों में दिए गए सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहां कि भविष्य में भी इसी तरह समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा जताई। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की। इस मौके पर डॉक्टर पीके कटिहार ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन जिंदगियां बचा सकता है, इसलिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवाओं को रक्तदान 6 महीने के अंदर अवश्य करना चाहिए समाज सेवा के लिए यह कार्य बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में पीके कैसे एजेंसी के प्रबंधक अमित दुबे के अलावा चिकित्सालय के डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और रक्तदाता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# इंदरगढ़ सरदार पटेल इंटर कॉलेज में योग सत्र दिवस संपन्न

**▸ माध्यमिक विद्यालयों में हुआ योग दिवस सत्र का आयोजन**

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशन में जनपद की सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में रविवार को योग सत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें सभी शिक्षकों कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को इंदरगढ़ स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में 14 जून योग सत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता ज्ञानेंद्र कुमार धीरज कुमार (वरिष्ठ लिपिक) तथा सुनील कुमार ,रघुवीर कुमार, रघुवीर सिंह, रामनरेश, नीरज पटेल तथा सुबह 6:15 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से विद्यालय के छात्रा व छात्राओं तथा अध्यापकों ने बड़ी संख्या में योग कार्यक्रम में भाग लिया इस



मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार कटियार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देश पर 14 जून योग सत्र दिवस के रूप में मनाया गया जिसके अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों ने अपना रजिस्ट्रेशन भी किया और प्रमाण पत्र भी जेनरेट कराए।

गुरसहायगंज इसी प्रकार नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गांधीनगर में भी रविवार को योग सत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया इस मौके पर शिक्षकों ने छात्र एवं छात्राओं को योग करने की विधि बताइ। इस मौके पर शिक्षक बृजेश कुमार गंगवार सुनील सिंह रामाश्रय वर्मा डॉक्टर अमीर हम्ज़ा आनंद राजन रिचा राजपूत रमेश चंद कुशवाहा करतार सिंह यादव पुष्पेंद्र कुमार सिंह दुर्ग विजय विजय शंकर पाठक शिव सिंह यादव राकेश कुमार सक्सेना राकेश कुमार यादव अवनीश पटेल मनोज कुमार शशि देवी के अलावा विद्यालय के कर्मचारी शिक्षक गण मौजूद रहे। इसके अलावा नगर के रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज रामगंज सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज तिर्वा रोड गुरसहायगंज विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग सहित नगर व क्षेत्र के विद्यालयों में योग सत्र दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# जन कल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले में उमड़ी भीड़



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड सभागार में आयोजित 14 से 16 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय 'जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले' का भव्य शुभारंभ विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने नागरिकों से शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुषमा बादाम पाल ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आमजन के लिए बेहद उपयोगी हैं, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराने तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

जनकल्याण मेला में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी की देखरेख में संचालित मेला में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# ट्रैक्टर-टॉली की टक्कर से दिव्यांग मजदूर की मौत



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज।** नगर के तिर्वा रोड पर शनिवार की दोपहर करीब 04 बजे ट्रैक्टर-टॉली की टक्कर से एक दिव्यांग मजदूर की मौत हो गई। हादसे में युवक साइकिल समेत गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक की पहचान राममूरत पुत्र अर्जुन सिंह, 31 वर्ष, निवासी ग्राम बनियानी पोस्ट ऊंचा, थाना गुरसहायगंज के रूप में हुई है। वह एक पैर से दिव्यांग था और मजदूरी करता था। हादसे के समय वह गुरसहायगंज से साइकिल से अपने घर बनियानी जा रहा था। तभी तिर्वा रोड बाथम मार्केट के सामने ट्रैक्टर-टॉली ने उसे टक्कर मार दी।
गंभीर हालत में परिजन उसे नगर के CHC ले गए ,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक विवाहित था। उसकी पत्नी शीलादेवी (28) और 04 वर्षीय पुत्री हैं। उसकी मां का नाम कुसमा देवी है। मृतक अनुसूचित जाति बहेलिया समुदाय से था। परिजनों ने राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर विरासत दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 12 साल सुशासन पर भाजपा का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल सुशासन पूरे होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की कड़ी में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और उनका स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक देवेंद्र देव ने बताया कि '12 साल सुशासन' के तहत मोदी सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाई जाएंगी। इस मौके पर उज्ज्वला, आयुष्मान, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। देवेंद्र देव ने कहा, 'प्रधानमंत्री



मोदी ने बीते 12 सालों में देश को भ्रष्टाचार मुक्त, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ाया है। गुरसहायगंज की जनता भी इस उपलब्धि को बड़े उत्साह से मना रही है।' भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार की सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री एवं कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्र के प्रभारी विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रतिभाग् करने का अवसर प्रदान हुआ। इसमें प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे और कार्यकर्ताओं को 2027 की तैयारी का मंत्र देंगे। स्वागत समारोह में भाजपा जिला व नगर पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहेंगे। कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र देव ने प्रदेश महामंत्री एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता को बुके भेंट करके उनका भव्य स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### एक यूनिट रक्त से बच सकती हैं तीन जिंदगियां: डॉ. सी.पी. पाल




**कन्नौज।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, कन्नौज के रक्त केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सी.पी. पाल ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्त केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. अनीता ओमरे और सह-नोडल अधिकारी डॉ. के.एल. मिश्रा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों, रेजिडेंट डॉक्टरों, छात्र-छात्राओं तथा रक्त केंद्र की टीम ने भाग लिया। वक्ताओं ने बताया कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है और मरीजों की जरूरत केवल स्वैच्छिक रक्तदान से ही पूरी की जा सकती है। इस दौरान ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन की जानकारी देते हुए बताया गया कि एक यूनिट रक्त से पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा और प्लेटलेट्स तैयार किए जाते हैं। इस प्रकार एक रक्तदाता का रक्त तीन अलग-अलग मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक बन सकता है। कार्यक्रम के अंत में स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई। उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान कर 'रक्तदान-जीवनदान' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1684 मरीजों को मिला लाभ

**कन्नौज।** जनपद के 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 1684 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारियों और निरीक्षणकर्ताओं ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।
स्वास्थ्य मेले में मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार की सुविधा दी गई। इसके साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच, टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र परीक्षण भी किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में लाभान्वित 1684 मरीजों में 759 पुरुष, 689 महिलाएं और 236 बच्चे शामिल रहे। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 29 नए गोल्डन कार्ड बनाकर लाभार्थियों को वितरित किए गए।

# भाकियू 'अवधेश' ने भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा

**▸ असालताबाद में हुई किसान पंचायत**

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम असालताबाद में हुई किसान पंचायत में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा जमीन प्लाट खरीदने या बेचने या फौती दर्ज कराने उसके बाद नाम पृथक करके चढ़वाने पर लेखपाल व तहसील के कर्मचारी परेशान करते हैं। इस संबंध में पूर्व में भी मेरे द्वारा एसडीएम से इस सम्बंध में वार्तालाप किया गया था लेकिन पूर्ण रूप से सुधार नहीं हुआ है। पूर्ण सुधार होने तक प्रयास जारी रहेगा किसानों को किसी भी प्रकार की



समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉ राजू पाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार से मुलाकात कर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में ज्ञापन देगा। अगर सुधार नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन अनशन किया जाएगा।

राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा कि निरंतर नई ऊंचाइयों को छूते हुए संगठन आगे बढ़ रहा है। रत्नेश कुमार दुबे ने कहा कि संगठन को बहुत ऊंचाइयों पर ले जाने में सभी लोग मिलकर सहयोग करें। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए प्रमोद राजपूत को जिला प्रभारी, सूर्यवीर यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख को कानपुर मंडल उपाध्यक्ष, गोविंद को छिबरामऊ ब्लॉक अध्यक्ष विजय सिंह को जिला उपाध्यक्ष, संतराम को तहसील उपाध्यक्ष, दिनेश चंद यादव को जिला संगठन मंत्री, बृजेश शाक्य को जिला संयुक्त सचिव, अरविंद सिंह को जिला सचिव, वीरपाल वर्मा को जिला महासचिव, जयवीर सिंह को जिला संरक्षक, अविनाश कुमार को जिला मंत्री, नरसिंह को ब्लॉक मंत्री बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा सभी पदाधिकारी 15 दिन के अंदर जनपद व मंडल की सभी कमेटियों का गठन करें।

राकेश यादव उर्फ दादा की अध्यक्षता एवं मंडल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आशीष सक्सेना के संचालन मैं हुई किसान पंचायत में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# समाजसेवी विमल कुमार शर्मा का निधन

**राम कथा के सक्रिय सहयोगी को भावभीनी श्रद्धांजलि**



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ (कन्नौज)।** नगर के प्रमुख समाजसेवी और श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल के पूर्व अध्यक्ष विमल कुमार शर्मा (47 वर्ष) का रविवार सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे पिछले एक वर्ष से लीवर इंफेक्शन की बीमारी से जूझ रहे थे। ताजपुर रोड पर विमल इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक विमल शर्मा पिछले 15 वर्षों से 9 दिवसीय राम कथा में सक्रिय सहयोग देते आ रहे थे। उन्होंने गत वर्ष राम कथा में दशरथ की भूमिका भी निभाई थी। उनके अंतिम संस्कार में पांचाल घाट फर्रुखाबाद में भारी भीड़ उमड़ी। बड़े पुत्र शांतनु शर्मा ने मुखाग्नि दी। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सहित वृंदावन वाराणसी कैसे के आचार्य स्वरूप दास जी महाराज, हरिदास जी महाराज, गणेश जी महाराज, गरीब दास जी महाराज, पूर्व सभासद मनोज कुमार सिंह एडवोकेट, आचार्य प्रशांतानंद चंदन, भानु प्रताप सिंह चौहान, सुशील पांडे एडवोकेट, सभासद नरेंद्र शर्मा, पंकज मिश्रा एडवोकेट, उमेंद्र यादव एडवोकेट, टिंकू पांडे, राहुल मिश्रा, सुरेंद्र शर्मा, सुनील राजपूत, जितेंद्र शर्मा, बृजेश पांडे, परशुराम शर्मा समेत अनेक गणमान्य नागरिकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को संबल देने की प्रार्थना की।

# सड़क पर फैली मक्का दे रही दुर्घटनाओं को दावत



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

किसानों द्वारा सड़कों पर सूखने के लिए बिछाई गई मक्का दुर्घटनाओं को दावत दे रही है, जबकि सड़क पर फैली मक्का से कई बार घटनाएं हो चुकी है और कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है, लेकिन किसानों सहित अधिकारी भी इससे बेपरवाह हैं।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम नौली रोड साई मंदिर के पास और ग्राम कसियानंदपुर तपन भट्टा के सहित और भी सड़कों पर कई किसानों ने रोड के बीच में ईटो के टुकड़े लगाकर खेत से काट कर लाई गई मक्का की फसल सड़क पर फैलाकर सुखाने का काम शुरू कर दिया है। किसानों को यह मालूम है कि अगर कोई बाइक या कार मक्का पर चढ़कर फिसल गई तो बड़ा हादसा भी हो सकता है, लेकिन इससे उनको कोई लेना-देना नहीं है। सड़क के किनारे पड़ी मक्का को बचाने के लिए किसानों ने अब एक नया काम शुरू कर दिया है। मक्का को सड़क के एक तरफ बिछा कर बीच सड़क पर ईटों की दीवार बना देते हैं। ऐसे में चालक मक्का से बचे या ईटो की दीवार से जबकि सड़क पर फैली मक्का से कई घटनाएं हो चुकी हैं और कइयों ने अपनी जान गंवा दी हैं। इस पर जल्द ही कार्यवाही ना की गई तो कई अप्रिय घटनाएं हो सकती हैं।

# निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज के पास मिला भ्रूण, क्षेत्र में फैली सनसनी

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** सदर क्षेत्र के पाल चौराहे के पास स्थित निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज के निकट रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक भ्रूण मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों की नजर पड़ने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार भ्रूण खुले स्थान पर पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने उसे कहीं और से लाकर यहां फेंका है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। लोगों का कहना है कि पाल चौराहे के आसपास कई निजी अस्पताल संचालित हैं, इसलिए मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की जानी चाहिए। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की तैयारी की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि भ्रूण वहां कैसे पहुंचा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चक्कर आने से बाइक सवार युवक घायल अस्पताल में भर्ती

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नबीगंज मार्ग पर बाइक सवार एक युवक अचानक चक्कर आने से दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जनपद फर्रुखाबाद थाना मोहम्मदाबाद के महोई ग्राम जैदपुर निवासी 22 वर्षीय विक्रम पुत्र जसकरन कश्यप अपने मामा रमाकांत के घर छ्वीलेपुर में उनकी बेटी प्रिया के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रविवार दोपहर वह बाइक से नबीगंज मार्केट जा रहा था। तभी चौधरी कोल्ड टोल प्लाजा के आगे उसे अचानक चक्कर आ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।

# दो वर्षों से सड़क पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ कन्नौज।**

विकासखंड क्षेत्र के प्रेमपुर गांव में पिछले दो वर्षों से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन कर प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ रोष जताया।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर लगातार जमा रहने वाले गंदे पानी से आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं आनंदी देवी मंदिर और माधौनगर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी कठिनाइयों का



सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। हल्की बारिश में भी गंदा पानी घरों में घुस जाता है, जिससे नुकसान होता है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है।

ग्रामीण बबलू, मनीष, गोविंद तोमर और अन्य लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस मामले में ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र कुमार ने सड़क को पीडब्ल्यूडी की बताते हुए जल निकासी को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया।

वहीं खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच कराकर स्थायी समाधान कराने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बेटी की विदाई के बाद पिता ने तोड़ा दम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पिता के लिए अपनी बेटी का कन्यादान जीवन का सबसे बड़ा सपना होता है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लडैता (मोहन नगला) में एक ऐसी ही दिल को छू लेने वाली घटना हुई, जहाँ लकवा से बीमार अनवार अली ने समाजसेवियों की मदद से अपनी बेटी मुस्कान की शादी तो धूमधाम से करवा दी, लेकिन बेटी के विदा होते ही पिता ने हमेशा के लिए अपनी आंखें मूंद लीं। मालूम हो कि अनवार अली काफी समय से बीमार थे और पैसे की कमी के कारण वह अपनी पुत्री के विवाह को लेकर बहुत परेशान थे। जब यह बात फर्रुखाबाद के समाजसेवी और सपा जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव को पता चली।

IS 15700 : 2018
सेवोत्तम प्रमाणित

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
**लोहियापुरम् योजना फतेहगढ़/छिबरामऊ योजना**
cmo1farrukhabad@gmail.com

भारतीय मानक ब्यूरो
IS 15700
BUREAU OF INDIAN STANDARDS
SQMS

पत्र सं0 : /सं0प्र0/ दिनांक:

**सर्व साधारण को सूचना**

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की छिबरामऊ योजना छिबरामऊ में भूखण्ड सं0 1/2 श्री उपेन्द्र दत्त पुत्र श्री दीन दयाल के पक्ष में प्रदेशन पत्र सं0 1337/सं0प्र0 दिनांक 25.06.1996 द्वारा आवंटित है। आवंटन पत्र के अनुसार सन्दर्भित भूखण्ड का भुगतान एवं औपचारिकताओं आधार पर कार्यालय पत्रांक 1821 दिनांक 08.10.1996 को विक्रय विलेख निष्पादित किया गया। मूल प्रदेशन ग्रहिता श्री उपेन्द्र दत्त की मृत्यु दिनाक 13.07.2022 को हो जाने की सूचना देते हुए उनकी पत्नी श्रीमती स्नेहलता द्वारा उक्त भूखण्ड सं0 1/2 को अपने पक्ष में अन्तरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान प्रमाण-पत्र एवं समस्त वारिसानों के शपथ-पत्र सहित आवेदन कर अनुरोध किया गया है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-1/2 को स्व0 उपेन्द्र दत्त की मृत्योपरान्त श्रीमती स्नेहलता पत्नी स्व0 उपेन्द्र दत्त के पक्ष नामान्तरण में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय आवास एवं विकास परिषद फर्रुखाबाद में प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जायेगा इसके पश्चात इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

पृ0 सं0 : 281 /उक्त/ दिनांक: 12/06/2026

# प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

**लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र व सहायता सामग्री**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सहायता सामग्री, स्वीकृति पत्र एवं अनुदान राशि के चेक वितरित किए गए।

**विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मिला लाभ**

कृषि विभाग द्वारा एक कृषक को 60 हजार रुपये की अनुदानित धनराशि से रोटावेटर, एक कृषक को सरकार द्वारा 5 लाख रुपये के अनुदान सहित किसान ड्रोन तथा एक अन्य कृषक को 75 हजार रुपये के अनुदान से स्ट्रॉ रीपर उपलब्ध कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड के रूप में कुल 13.15 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विकास खंड शमशाबाद की ग्राम पंचायत रम्पुरा निवासी लाभार्थी श्रीदेवी पत्नी तीसराम को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत पांच लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य



लाभार्थी को चेक सौंपते प्रभारी मंत्री

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थी मुकेश कुमार को चेक प्रदान किया गया। श्रम विभाग की कन्या विवाह योजना के एक तथा शिशु हित लाभ योजना के तीन लाभार्थियों को सहायता राशि वितरित की गई। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दो लाभार्थियों को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) प्रदान किए गए। राजस्व विभाग की मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए तथा पांच लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

**मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग पर जताई नाराजगी**

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन करने वाली योजनाओं का परीक्षण किया। जननी सुरक्षा योजना की निम्न रैंकिंग पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए नव तैनात मुख्य चिकित्साधिकारी को आगामी माह में स्थिति में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाया जाए।

**जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर दिए आवश्यक निर्देश**

अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य ने संकिसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं एमबीबीएस चिकित्सक की नियुक्ति की मांग उठाई, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कायमगंज विधायक डॉ0 सुरभि ने आवास विकास क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सड़कों की खुदाई के बाद रेस्टोरेशन कार्य लंबित होने की शिकायत की। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि 20 दिनों बाद स्वयं विधायक से संपर्क कर वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करें तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**जल जीवन मिशन की गुणवत्ता की होगी जांच**

प्रभारी मंत्री ने कहा कि कई स्थानों पर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा ग्राम प्रधानों से रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण हुए बिना ही कंप्लीशन सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि टीम गठित कर स्थलीय जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि रेस्टोरेशन कार्य वास्तव में पूर्ण हुआ है।

**सड़क, निर्माण एवं आधारभूत परियोजनाओं पर विशेष जोर**

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को जनपद में निर्माणाधीन नई सड़कों की सूची जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने तथा सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए। बरेली-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग-730सी की जांच में पाई गई कमियों को 30 जून तक दूर करने का आश्वासन परियोजना प्रबंधक द्वारा दिया गया। जिस पर प्रभारी मंत्री ने 30 जून के बाद जिलाधिकारी को टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं बेवर से इटावा मार्ग पर मझोला नहर के निकट दो किलोमीटर अधूरे मार्ग को एक माह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। **बैंकों के निष्क्रिय खातों की होगी केवाईसी**

प्रभारी मंत्री ने प्रभारी एलडीएम को निर्देशित किया कि नए एलडीएम की नियुक्ति तक वे स्वयं समीक्षा बैठकों में उपस्थित रहें। उन्होंने विगत दस वर्षों से निष्क्रिय बैंक खातों में जमा धनराशि लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु सूची उपलब्ध कराने तथा बीडीओ, तहसीलदार एवं ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की सहायता से संबंधित व्यक्तियों की केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

**विद्युत, पर्यटन एवं स्वास्थ्य परियोजनाओं की समीक्षा**

विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर नई कॉलोनियों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएं। पांचाल घाट द्वितीय चरण परियोजना का कार्य टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 1 जुलाई से प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। लोहिया चिकित्सालय में निर्मित ट्रॉमा सेंटर को अगले सप्ताह तक सभी आवश्यक एनओसी प्राप्त कर स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सकों एवं स्टाफ की मांग शीघ्र भेजने के निर्देश भी दिए गए। स्थायी नियुक्ति होने तक स्थानीय स्टाफ से संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

**निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं रखरखाव पर रहेगा विशेष ध्यान**

प्रभारी मंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की नियमित समीक्षा, औचक निरीक्षण एवं गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए। नलकूप विभाग द्वारा स्थापित किए जा रहे नलकूपों की बोरिंग की गहराई की जांच कराने को भी कहा गया। पर्यटन विभाग की योजनाओं के हस्तांतरण के बाद उनके समुचित रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए गए। कायमगंज विधायक की शिकायत पर गठवाया में निर्माणाधीन कस्तूरबा विद्यालय की गुणवत्ता की जांच कराने तथा मंडी परिषद, गन्ना विभाग, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों की क्षतिग्रस्त सड़कों की सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए।

**विधानसभावार विकास कार्यों की सूची तैयार करने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभावार विकास कार्यों की अद्यतन सूची तैयार कर संबंधित जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए, जिससे विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक अमृतपुर, भोजपुर, सदर एवं कायमगंज, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रंजिश में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, छह घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** रंजिश में दो पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे, चाकू चले। दोनों पक्षों से छः लोग घायल हो गए। चार लोगों को लोहिया रेफर किया गया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी डॉ0 रविकांत शाक्य का खेत सिद्धमढ़ी के निकट स्थित है। रविवार सुबह वह अपने भतीजे कुशल व बटाईदार कमलकांत के साथ खेत पर मक्के की फसल की रखवाली करने गए थे। उसी समय मोहल्ले के ही कबीर खां ने रंजिश में गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चाकू व लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे रविकांत का सिर, कुशल का मुंह व कमलकांत का कान फट गया। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के कबीर खां ने आरोप लगाया कि उनका खेत में फसल का नुकसान कर रहे थे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट कर दी। जिससे कबीर, पारस व तीर्थ घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। जिसमें रविकांत, कुशल, कमलकांत व कबीर को लोहिया रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर युवती को भगा ले जाने का आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर निवासी एक युवती शनिवार दोपहर बाद लगभग 4 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। शाम तक युवती के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। खोजबीन के बाद परिजनों ने रविवार थाने पहुंचकर पुलिस को युवती की मां ने गांव इमादपुर निवासी युवक पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव इमादपुर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को लिया हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी रामदत्त का मोहल्ला दौलतपुर निवासी युवकों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवादित जमीन पर दौलतपुर निवासी युवकों ने रविवार निर्माण शुरू करा दिया। जानकारी पर रामदत्त शाक्य ने मौके पर पहुंचकर जमीन को अपनी बताकर निर्माण का विरोध किया। जिसपर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। विवाद की सूचना पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। और विवाद को शांत कर दो लोगों को थाने ले गई। इसके कुछ देर बाद पुनः युवकों ने निर्माण शुरू करा दिया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने विवाद का निस्तारण न होने तक काम को बंद करने की बात कही। जिसपर पुलिस की मौजूद लोगों व महिलाओं से नोंकझोंक हुई। जिसपर पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाने पर पुलिस दोनों पक्षों से पूंछताछ कर रही है।

### कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों ने दो को पीटा

**पुलिस ने आरोपियों को लिया हिरासत में**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव डुड़ियापुर त्यौरी निवासी रघुवीर सिंह के घर में परिवार के ही युवक व उसके परिजनों ने जबरन कब्जा कर अपना भूसा भर दिया। रविवार सुबह लगभग 7 बजे रघुवीर सिंह ने अपने घर से भूसा निकालने की बात कही। तो युवक व उसके परिजनों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने रघुवीर सिंह को मारपीट करना शुरू कर दिया। रघुवीर सिंह को बचाने आए भतीजे राजकुमार को भी लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट में राजकुमार घायल हो गया। विवाद में राजकुमार का मोबाइल फोन भी कही गिर कर गुम हो गया। पुलिस को राजकुमार ने तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू की।

# पुलिस ने दो गांजा तस्करों को भेजा जेल



पुलिस हिरासत में गांजा तस्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने दो गांजा तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनोद कुमार शुक्ला द्वारा मुखबिर की सूचना पर बिरिया तिराहे से दो अभियुक्तो को 42 किलो 225 ग्राम नाजायज गाँजा, 1130, रुपये नगद, दो मोवाइल फोन एक आधार कार्ड दो बैक कार्ड सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी सतेन्द्र चौधरी उर्फ मुन्ना पुत्र छठ्ठू चौधरी निवासी ग्राम कोडर थाना जी0वी0 नगर जिला सिवान बिहार व मीना पुत्र लोकमन सीसा निवासी ग्राम अम्बापडा थाना बईपुरीडुडा जिला कोरापुर ओडिशा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त सतेन्द्र चौधरी ने बताया कि मैं अपने पिताजी के साथ उडीसा में पला बडा हूँ तथा उडीसा के जंगलो से गाँजा लाकर रेल बस आदि वाहनों में पिट्ठू बैग लगैज तथा सूटकेस में भरकर मीना के साथ सप्लाई करता हूँ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का आम के पेड़ से लटका मिला शव

**मायके वालों ने जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बसंतापुर गांव में एक महिला ने आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मायके वालों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ग्राम बसंतपुर निवासी 35 वर्षीय सुधा पत्नी धर्मेन्द्र कुमार का खेतों में काम कर रहे लोगों ने शव को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों ने शव को फांसी के फंदे से लटका देखा तो पास जाकर पहचान की। इसके बाद सुधा के परिजनों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही सुधा के ससुर अमर सिंह



मृतका का फाइल फोटो

मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर ले आए। ससुर अमर सिंह ने फोन पर सुधा के पिता अवधेश कुमार निवासी चौकिया थाना जहानगंज को घटना की जानकारी दी। अवधेश कुमार शाम करीब 4 बजे अपने परिजनों के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने अपनी बेटी की जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। अवधेश के साथ आए परिजन रमेश सिंह ने नवाबगंज थाने में घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक सुधा के पति धर्मेंद्र अहमदाबाद में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं।



जांच पड़ताल करती पुलिस

सुधा करीब आठ दिन पहले ही अहमदाबाद से घर लौटी थीं। सुधा की शादी लगभग 11 वर्ष पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें 10 वर्षीय पुत्र शनि और 7 वर्षीय पुत्री नैना शामिल हैं। थाना प्रभारी की सूचना पर फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर आवश्यक नमूने एकत्र किए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# युवती के गोली मारने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर युवती के पैर में गोली मारने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ।

जानकारी के अनुसार 12 जून को थाना मऊदरवाजा पर वादी द्वारा सूचना दी गई कि अभियुक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर गाली-गलौज कर जान से मारने की नीयत से वादी की बहन के पैर में गोली मार दी है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 333/352/109 बीएनएस के तहत विशाल कश्यप पुत्र विशम्भर निवासी मोहल्ला अस्तबल तराई थाना मऊदरवाजा के तहत विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी की



पुलिस हिरासत में आरोपी

तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के पास से 01 अवैध देशी तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### पूर्व प्रधान के भाई की हत्या में युवक पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासिनी ममता पत्नी स्व0 विनोद कुमार ने गांव के ही नन्हे उर्फ राजीव पुत्र संतराम के विरुद्ध पति की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना मेरापुर के ढर्राशादी नगर निवासी ममता पत्नी स्व0 विनोद कुमार ने मेरापुर पुलिस को दिये पर प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 12 जून को समय करीब 4 वजे शाम गाँव के राजीव उर्फ नन्हें घर से पति को सराय अगहत लेकर गये ओर रात को शराब पिलाकर करीब शाम 9 बजे वापस आये और मेरे पति विनोद कुमार बैठक में लेट गये। उसके बाद रात में समय करीब 12 बजे नन्हे उर्फराजीव पुत्र सन्तराम मेरे पती विनोद को बुलाकर ले गया।

# ई-रिक्शा की टक्कर से साईकिल सवार दंपत्ति घायल



घायल महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार दपंत्ति घायल हो गये। जिन्हे आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊरसीवाद किला निवासी 27 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र जगदीश कुमार अपनी पत्नी कामनी देवी को साइकिल पर बैठाकर कायमगंज बाजार आया था। बाजार से सामान लेकर दोनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे पुल गलिव पुलिया पर पहुंचे, सामने से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि साइकिल सवार पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

# करंट लगने से छात्र की मौत

**चार्जिंग पर लगे ई-रिक्शे से घटी घटना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोचिंग पढ़कर लौट रहे छात्र को जोरदार करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के अर्रापहाड़पुर निवासी बृजमोहन का 10 वर्षीय पुत्र शिवा उर्फ कृष्ण कोचिंग पढ़कर घर लौट रहा था। पड़ोस में रहने वाले नन्हे पुत्र अकबर अपनी ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहे थे। ई-रिक्शा में करंट उतर आया और छात्र शिवा को करंट लग गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजब सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज भिजवाया। पुलिस ने जांच के लिए ई-रिक्शा को भी अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के पिता बृजमोहन ने बताया कि उनका पुत्र कक्षा 6 का छात्र था और कोचिंग से लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। मृतक अपने चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। मां रेनू, बड़ी बहन जानवी, छोटी बहन मानवी और छोटा भाई सक्षम आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही स्लीपर बस नोएडा में फ्लाईओवर के पास पलटी, 17 घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट स्लीपर बस नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास रविवार को डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे 17 यात्री घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस और बचाव दल ने फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला और घायलों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार फेज वन थाना क्षेत्रांतर्गत फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार स्लीपर बस के चालक की महामाया फ्लाइओवर के पास झपकी लग गई। इस चूक के चलते बस गंदे नाले से पहले अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर आधी पलट गई। उसमें सवार 29 यात्रियों के बीच चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मदद करनी शुरू की और



डिवाइडर से टकराकर पलटी बस

पुलिस को सूचना दी। पीआरवी और फेज वन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से सभी यात्रियों को बाहर निकाला। 17 घायल यात्रियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि किसी के कोई गंभीर चोट नहीं आई। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामले में शिकायत मिलने से इनकार किया। यातायात पुलिस ने क्रेन से बस को हटवाकर सड़क किनारे कराया। इस बीच बस के एक्सेल समेत कई उपकरण टूटकर अलग हो गए। पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित कराया। उधरए, बस की चपेट में आकर डिवाइडर पर रखे गमले और लगे बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गए।

जिला अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक 17 घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। इनमे मोहित, नसीर, अजीमुल रहमान, सुनैना, एलिजा, सुल्तान, तन्वी, शारिक, राकेश, खुशबू, समीना, इरशाद, यूनिस, मोहम्मद साहिल, फुरकाद, जयवीर, तारुनुम आदि रहे। जिला अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि 17 घायलों में से आठ को रेफर की गया। इनमें से अजीमुल रहमान, एलिजा, सुल्तान, तन्वी, शारिक, इरशाद, यूनिस, तारुनुम को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा मार्ग पर लंबा जाम लग गया। यातायात को सुचारु करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाने का काम शुरू किया गया। घंटों बाद जाम खत्म हुआ और यातायात बहाल हुआ। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और बस का संतुलन बिगड़ना दुर्घटना की मुख्य बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, बस चालक से पूछताछ कर रही है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का सफर: मंत्री जयवीर सिंह

**केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर जन जागरुकता अभियान के तहत प्रभारी मंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास और सरकार के 12 साल बेमिसाल साबित हुए है। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह एक दिवसीय दौरे पर आये थे। जिन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में वार्ता के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि इस अवसर पर जन जागरुकता अभियान के तहत सरकार द्वारा कराये गये कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष की विकास, विश्वास और जन कल्याण। मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, साथ



वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री, अधिकारी व जनप्रतिनिधि

विकास का मंत्र नारा ही नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक जन आंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके है। तकनीकी और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीखे बैंक खातों में पैसा डीबीटी भेजकर लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया, इससे न सिर्फ आम आदमी का काम आसान हुआ है बल्कि देश के 4 करोड़ 31 लाख गलत हाथों में जाने से बच गया। आज देश की सीमायें और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है।

सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्यवाही ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता है, जो कि मुहं तोड़ जबाव देता है। मोदी सरकार की मजबूत इच्छा शक्ति की बजह से देश आज नक्सलबाद से मुक्त हो रहा है और हमारा रेड कॉरिडोर अब ग्रीन ग्रोथ जोन में बदल चुका है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी अब कटमनी और भ्रष्टाचार की नीति खत्म हो रही है। वहां के लोगों को उनका हक मिलना शुरु रहा है। संक्षेप में कहे तो मोदी सरकार के विगत 12 वर्ष सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का एक शानदार सफर है, आदि केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

**उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष की प्रमुख उपलब्धियां**

योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनी। डबल इंजन की सरकार के समन्वय से तेज और संतुलित विकास 25 करोड़ जनता का विश्वास परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति, राज्य की बदलती पहचान, माफिया, भ्रष्टाचार से मुक्ति, कानून व्यवस्था में जीरो टॉलरेंस नीति लागू के तहत 4 हजार करोड़ की माफियाओं की संपत्ति जब्त, ध्वस्त की गई। 153 गैंगों का सफाया कर 977 एनएस की कार्यवाही की गई। 2.19 लाख पुलिस भर्ती में 44 हजार महिला की भर्ती जो की देश के सभी प्रदेश में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। डकैती 89 प्रतिशत, लूट 85 प्रतिशत, हत्या 47 प्रतिशत, यूपी 112 आदि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं अब तक जनपद फर्रुखाबाद में कराये गये कार्यों की भी जानकारी दी।

## प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने डॉ. रजनी सरीन को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साहित्य, कला और संस्कृति की संरक्षक, समाज सेविका एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डॉ0 रजनी सरीन को प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लोहाई रोड स्थित उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा, ठा0 वीरेंद्र सिंह राठौड़, शिवांग रस्तोगी, जितेंद्र सिंह राजावत और विश्वास गुप्ता सहित कई कार्यकर्ताओं ने डॉ0 सरीन को श्रद्धांजलि दी। मंत्री जयवीर सिंह ने डॉ0 सरीन की पुत्री डॉ0 कोमल, डॉ0 पायल और उनके नाती से मिलकर परिवार का हाल-चाल पूछा और सांत्वना दी। विश्वास गुप्ता ने प्रभारी मंत्री को लोहाई रोड का नाम बदलकर डॉ0 रजनी सरीन मार्ग किए जाने का प्रस्ताव सौंपा। मंत्री जयवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव स्वीकार कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। कार्यक्रम में उदय पाल, राहुल कश्यप, अनिल, सुजीत, छोटू आदि लोग उपस्थित रहे। डॉ0 रजनी सरीन के समाज सेवा, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान को सभी ने स्मरण किया।



# नगर पालिका परिषद संघ के अध्यक्ष नन्हे पंडित ने बनाये पदाधिकारी



कार्यक्रम में मौजूद सभासद संघ के पदाधिकारी

**पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल बने मार्ग दर्शक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सभासदों द्वारा गठित नगर पालिका परिषद संघ की कमेटी घोषित की गई। जिसमें नवीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को संघ में मार्गदर्शक बनाया गया। संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष नन्हे पंडित बने। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल का सभासदों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सभी सभासदों ने कहा कि जनता सर्वोपरि है। अपने वार्ड में अधिक से अधिक काम कराने के लिए सभासद तैयार रहते है। आज जो पहचान बनी है वह विकास की बजह से बनी है। विकास को और गति देना है। सर्वसम्मति से अध्यक्ष नन्हे पंडत ने सभी सभासदों को जिम्मेदारी सौंपी और मनोनयन पत्र वितरित किये। मनोज अग्रवाल ने कहा कि 20 वर्षों से सेवा और विकास का कार्य निरंतर चला आ रहा है। उससे सक्रियता के साथ पूर्ण करना होगा। नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका जनता और उसका समर्थन है। ऐसे में सभी सभासदों ने समाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में तेजी लाने के प्रति तर्त्परता दिखायी। इस मौके पर सभासद आलोक मिश्रा, असलम अंसारी, रानू शुक्ला, विजय अनुरागी, अनिल यादव, धर्मेन्द्र कनौजिया, शक्ति सिंह कुशवाहा, प्रबल त्रिपाठी, रफी अंसारी, रावेश मिश्रा, अतुल शंकर दुबे, शशांक शेखर मिश्रा आदि सभासद व अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के त्रिदिवसीय जनकल्याणकारी शिविर का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मोदी सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड नवाबगंज में त्रिदिवसीय विशाल जनकल्याणकारी शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना और पात्र लाभार्थियों को सीधे योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। थाना क्षेत्र के विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तथा विकास खंड कार्यालय के कर्मचारियों ने मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12वर्ष के पूर्ण कार्यकाल होने पर जनता की बीच उपलब्धियां गिनाई। रविवार को विकास खण्ड नवाबगंज में मोदी सरकार के 12 साल के उपलक्ष में त्रिदिवसीय जनकल्याणकारी शिविर आयोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मंत्री भाजपा मनोज गंगवार, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, एडीओ कृष्णपाल सिंह, एडीओ सुखदेश सिंह, अनुज शुक्ला ने सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण किया। भाजपा नेताओं कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नवाबगंज ब्लॉक के हर पात्र व्यक्ति को आवास, शौचालय और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना प्राथमिकता है।



# विश्व रक्तदाता दिवस पर 25 लोगों ने किया रक्तदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व रक्तदाता दिवस पर फर्रुखाबाद चैरिटेबल ब्लड बैंक में डॉ0 आरपी मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी कादरीगेट एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ0 आरपी मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी समिति के अध्यक्ष डॉ0 ऋषि नाथ गुप्ता के साथ अमरनाथ गुप्ता के नेतृत्व में लोगों ने 25 यूनिट रक्तदान किया। रक्त देने वाले लखन दीक्षित, रितेश दीक्षित, नितिन शुक्ला, कौशलेंद्र सिंह, दिवाकर गुप्ता, कृष्णवीर सिंह, दिव्यांश सक्सेना, जया पुरवार, शशांक पाठक, अभिषेक राय, रोमित अवस्थी सहित कई लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। अभिषेक गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, पंकज अवस्थी, ऋषभ गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



रक्तदान शिविर में भाग लेते पदाधिकारी

भारत विकास परिषद से राजीव पुरवार, राजेंद्र सक्सेना, नरेश चंद्र गुप्ता, अभिलाष वर्मा, अंजना सक्सेना, सार्थक गुप्ता सहित सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप घड़ी उपहार में भेंट की गई। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के हर वर्ग को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक में बनाये गये कई युवा पदाधिकारी

**संगठन को मजबूत कर समाज की वास्तविक जरुरतें को पूरा करना मेरा उद्देश्य: सुशील सिंह**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला कार्यालय बरौन पर समवेश कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के युवा नगर अध्यक्ष सिद्धांत सिंह, राष्ट्रीय लोक दल के जिला संयोजक अवनीश तोमर के साथ-साथ योगेंद्र सिंह राठौर, हसन सिद्दीकी, सुमित बाल्मीकि, सिद्धार्थ वर्मा, शिवम मिश्रा, हरीश कश्यप,



कार्यक्रम में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

सौरभ राजपूत, अरविंद चौहान, संजीव सिंह राठौर, मुकेश चौहान सहित भारी संख्या में समर्थक शामिल हुए।

जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने कहा हमारे समाज की वास्तविक जरूरतें विकास, सुरक्षा और न्याय हैं। आज का समावेश इस बात का प्रतीक है कि जब नेक इरादे और जनता का विश्वास मिलते हैं तो सीमाएँ टूट जाती हैं। उन्होंने कहा कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक हर वर्ग के साथ खड़ा रहेगा और स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिये जनआंदोलन को तेज किया जाएगा।

विभिन्न संगठनों व नेता-वर्गों का समावेश यह प्रमाणित करता है कि स्थानीय हितों के लिये सभी मिलकर काम कर सकते हैं। सड़कों, स्वच्छता, पानी एवं बिजली और रोज़गार पर तात्कालिक ध्यान दिया जाएगा। लोकहित व उत्तरदायित्वरू जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जनता की आवाज़ बनकर उनके मुद्दों को सशक्त रूप से उठाएगा। उपस्थित लोगों ने मिलकर जिला स्तर पर समन्वय को मजबूत करने, आगामी जनसांख्यिक अभियान और नागरिक सुविधाओं के लिए तुलनीय रणनीतियाँ बनाने पर सहमति व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित की नीति के साथ स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बढ़ाएंगे, ताकि विकास योजनाएँ शीघ्रता से जमीन पर उतरें।

# नए थानाध्यक्ष दर्शन सिंह सोलंकी का हुआ स्वागत

**तत्कालीन थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह को दी गई विदाई**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गैर जनपद तबादला होने पर अमृतपुर थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को विदाई दी गई। थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में क्षेत्र नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा पुलिस कर्मियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। अमृतपुर थाने में तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह का कानपुर देहात के लिए तबादला हुआ है। अपने लगभग दो माह के कार्यकाल में प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने निष्पक्ष कार्यशैली, बेहतर कानून-व्यवस्था और जनसंपर्क के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों के बीच विशेष पहचान बनाई।

उनकी कार्यकुशलता और व्यवहार के कारण आमजन से उनके आत्मीय संबंध स्थापित हो गए थे। वक्ताओं ने कहा कि इंद्रजीत सिंह ने



नवांगतुक थानाध्यक्ष का स्वागत करते स्थानीय लोग

कम समय में ही जनता का विश्वास जीतकर पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। इसी कारण उनके स्थानांतरण की खबर से क्षेत्रीय लोगों में मायूसी देखने को मिली।

विदाई के दौरान प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह भी भावुक नजर आए। इस अवसर पर नवांगतुक थाना प्रभारी दर्शन सिंह सोलंकी का भी क्षेत्रीय लोगों एवं पुलिस कर्मियों ने फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### कई बार मरम्मत के बाद भी पांचाल घाट पुल दे रहा हादसे को दावत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के महत्वपूर्ण पांचाल घाट पुल की कई बार मरम्मत कराई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद पुल की स्थिति संतोषजनक नहीं दिखाई दे रही है। इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित यह पुल जिले का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। पुल पर लगातार मरम्मत कार्य होने के बावजूद बार-बार सामने आ रही खामियां लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से पुल की मरम्मत के नाम पर कार्य होते रहे हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। मरम्मत के दौरान कई बार लंबा जाम लगा, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को आज भी वह दर्दनाक घटना याद है, जब जाम में फंसी एंबुलेंस में एक मां और बच्ची की मौत हो गई थी। जनता सवाल उठा रही है कि आखिर बार-बार मरम्मत के बावजूद पुल की स्थिति क्यों नहीं सुधर रही है। क्या निर्माण या मरम्मत कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई? क्या इस्तेमाल की गई सामग्री की जांच होनी चाहिए? इन सवालों के जवाब आम लोगों को अभी तक नहीं मिल सके हैं। फर्रुखाबाद में चार विधायक, एक सांसद और कई जनप्रतिनिधि होने के बावजूद पुल की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाने पर भी लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जिले के सबसे महत्वपूर्ण पुल की स्थिति नहीं सुधर पा रही है, तो विकास के अन्य दावों पर भी प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पांचाल घाट पुल की तकनीकी जांच कराई जाए और यदि आवश्यक हो तो इसके समानांतर एक नया पुल बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका समाप्त हो सके। जनता का कहना है कि जनपद को बेहतर सड़क और पुल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिससे जिले का विकास तेज गति से हो सके।



### देवराहा बाबा तपोस्थली पर टीन शेड निर्माण की मांग

**अजय कुमार चौहान ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान लल्ला भैया ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह से मिलकर अमृतपुर कस्बे स्थित देवराहा बाबा की तपोस्थली ठाकुरद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन टीन शेड निर्माण की मांग का ज्ञापन सौंपा। लल्ला भैया ने मंत्री को अवगत कराया कि ठाकुरद्वारा परिसर में भागवत कथा, राम जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समेत विभिन्न धार्मिक आयोजनों के दौरान हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। वर्तमान में पर्याप्त छायादार व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं को तेज धूप और बारिश के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



# 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर व जनकल्याण मेले का रुपेश गुप्ता ने किया उद्घाटन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** आम जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कायमगंज ब्लॉक परिसर में 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर एवं जनकल्याण मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन भाजपाा के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। मेले में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन सहित कई विभागों ने अपने स्टालों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को लाभ दिलाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किया। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों की मुफ्त जांच कर दवाएं वितरित की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण



मेले का शुभारम्भ करते रुपेश गुप्ता मौजूद ब्लाक प्रमुख आदि

दुबे, संदेश राजपूत, मनोज तिवारी, शुभम पाठक, नगर अध्यक्ष चेतन तिवारी, अखिलेश शर्मा, ऋषिपाल सिसौदिया, सुरेंद्र कठेरिया सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि इस तरह के मेले का उद्देश्य है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे ने कहा कि स्वास्थ्य, कृषि और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं को एक मंच पर लाकर जनता को बड़ी राहत दी गई है। 3 दिवसीय जनकल्याण मेले में स्वास्थ्य जांच से लेकर कृषि सलाह और आजीविका मिशन के तहत समूहों की जानकारी तक, एक ही परिसर में लोगों को सभी सुविधाएं मिलीं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मेले का लाभ उठाया।

### 7 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बालक-बालिकाओं के उत्तम संस्कार, चरित्र निर्माण एवं नैतिक विकास के उद्देश्य से आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में 7 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ 15 जून से आर्य समाज मंदिर कमालगंज में होगा। शिविर के संचालक आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में बच्चों को धर्म, संस्कृति, यज्ञ, संध्या, योग, प्राणायाम, ध्यान तथा नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्रदान की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक दल की बैठक में जिला सम्मेलन करने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में लखनऊ के जिला प्रभारी चौधरी भूपाल सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर मण्डल नरेन्द्र सिंह यादव व कन्नौज जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा एवं राजीव रंजन व जिलाध्यक्ष सूरज सिंह आदि लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गयी।

राष्ट्रीय महासचिव गिलोक त्यागी ने जिला सम्मेलन पर चर्चा की। साथ ही संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस मौके पर



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

जिला महासचिव अनिल सिंह चौहान, सतीश राजपूत, शैलेन्द्र भदौरिया, दीपक दुबे, इमामुद्दीन, रवि कुमार, नईम खान, अनुराग दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# जमीन के अधिकार के संरक्षण के लिए जन सत्याग्रह का शंखनाद, किसानों ने किया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमलैया आशामंद में किसान आंदोलन के बैनर तले किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में औद्योगिक गलियारे के नाम पर प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण का पुरजोर विरोध करते हुए इसे किसानों के साथ बड़ा धोखा करार दिया गया। हजारों की संख्या में एकत्रित किसानों ने एक स्वर में अपनी उपजाऊ भूमि को न सौंपने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल ने कहा कि वर्ष 1978 में संविधान संशोधन द्वारा संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार से हटाकर केवल कानूनी अधिकार बना दिया गया। इसके बाद से 1894 के कानून का दुरुपयोग कर देश भर में लाखों एकड़ जमीन जबरन अधिग्रहित की गई और किसानों को उचित मुआवजा तक नहीं मिला। वर्तमान सरकार को चाहिए कि वह संविधान में पुनरू संशोधन कर संपत्ति



सम्मेलन में मौजूद किसान

के अधिकार को मूल अधिकार बनाए। कानूनी बारीकियों पर चर्चा करते हुए कहा किए किसानों के संघर्ष के बाद 2013 में नया भूमि अधिग्रहण कानून बना, लेकिन बाद में उसमें संशोधन करके किसानों के हितों से खिलवाड़ किया गया। यहाँ तक कि सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से नए कानून की धारा 24(2) के प्रावधानों को भी बदल दिया गया। सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाकर या अध्यादेश लाकर नए कानून को उसके मूल स्वरूप में बहाल करना चाहिए। उन्होंने 2015 के शासनादेश पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सीधे खरीद की आड़ में सरकार किसानों को पुनर्वास, पुनर्स्थापन और उपजाऊ जमीन की सुरक्षा के लाभ से वंचित कर रही है, जो कि सरासर अन्याय है। प्रदेश प्रभारी अशोक कटियार ने कहा कि औद्योगिक गलियारे के लिए यह अधिग्रहण प्रस्ताव पूरी तरह मनमाना है। सरकार उपजाऊ बहुफसली भूमि को उजाड़ने के बजाय पहले से अधिग्रहित बंजर भूमि का उपयोग करे। हम किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं होने देंगे। उत्तर प्रदेश के निवासियों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अन्य राज्यों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में 300 यूनिट बिजली मुफ्त, महिलाओं को 3,000 रुपये प्रति माह सम्मान राशि और बेरोजगार युवाओं को 4,000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की। नेताओं ने बताया कि 27 जून को ढाई घर स्थित गंगा तट पर किसान माँ गंगा का आशीर्वाद लेकर पूर्णतः अहिंसक सत्याग्रह की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में देवेश चतुर्वेदी, आकाश कटियार, राजीव यादव, राजवीर कठेरिया, मोनू कटियार, अरविंद राजपूत, प्रमोद गंगवार, मृदुल गंगवार, अभिनंदन गंगवार, प्रभाकर पाण्डेय, आर्येष पटेल, हर्ष गंगवार, वीरेंद्र आर्य, दीपू राठौर, राजाराम शर्मा, गुड्डू शाक्य, राजीव शाक्य, नीरज पाल, रविन्द्र पाल, साहबेज अली आदि किसान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गोला इंडियंस ने लखीमपुर इलेवन को हराया, मनोज बने मैन ऑफ द मैच



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर के लखीमपुर रोड स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में डे नाइट लखीमपुर इलेवन और गोला इंडियंस के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच का मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में गोला इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। रोमांचक मुकाबले का हाल टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखीमपुर इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में शानदार खेल दिखाते हुए कुल 88 रनों का स्कोर खड़ा किया और विपक्षी टीम को 89 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोला इंडियंस की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। मजबूत बल्लेबाजी के दम पर गोला इंडियंस ने महज 9 ओवरों में ही (एक ओवर शेष रहते) जीत का लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मनोज बने मैन ऑफ द मैच मैच में अपने बेहतरीन और ऑलराउंडर प्रदर्शन से टीम को जीत की दहलीज पार कराने वाले खिलाड़ी मनोज को शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। दीपक राजपूत, कप्तान गोला इंडियंस ने बताया पूरी टीम ने एकजुट होकर बेहतरीन खेल दिखाया। गेंदबाजों से लेकर बल्लेबाजों तक, सभी ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। मुझे अपनी टीम के हर खिलाड़ी पर गर्व है। मैच के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय खेल प्रेमी और दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों के साथ दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### महाराजा सुहेलदेव पासी पर कथित टिप्पणी के विरोध में एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का पुतला फूंका



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** महाराजा सुहेलदेव पासी को लेकर एआईएमआईएम के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा दिए गए कथित बयान के विरोध में रविवार को गोला नगर के विकास चौराहे पर लाखन आर्मी संगठन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शौकत अली का पुतला दहन कर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व लाखन आर्मी के जिला अध्यक्ष श्याम किशोर पासी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि शौकत अली ने महाराजा सुहेलदेव पासी के इतिहास और योगदान पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उनके गौरवशाली इतिहास को काल्पनिक और मनगढ़ंत बताया है। इस बयान से पासी समाज सहित विभिन्न वर्गों में नाराजगी व्याप्त है। श्याम किशोर पासी ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव पासी भारतीय इतिहास के महान योद्धा और राष्ट्रवीर थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष कर देश और धर्म की रक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरुष के सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और समाज ऐसे बयानों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करता रहेगा। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव पासी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद करो तथा लाखन आर्मी जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। कुछ समय के लिए चौराहे पर माहौल गर्म रहा, हालांकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदर्शन में लाखन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष वेदराम पासी, अंकुल पासी, मनोज पासी, रितेश पासी, उत्तम पासी, सूरज पासी, हरीश पासी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगा जन कल्याणकारी शिविर

**हलिया (मिर्जापुर)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हलिया विकास खंड मुख्यालय पर रविवार से मंगलवार तक तीन दिवसीय समेकित जन कल्याणकारी एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी हलिया द्वारा जिलाधिकारी मिर्जापुर के निर्देश पर विकास खंड मुख्यालय पर जन कल्याणकारी शिविर/कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में हलिया में तीन दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य, बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, जल जीवन मिशन, मनरेगा, कृषि और अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी और लाभ दिए जाएंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं खण्ड विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिविर में किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### कार सवार के साथ मारपीट करने वाले दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के तिलाव कलंदर पुर निवासी सत्यम सिंह ने रविवार को थाने में तहरीर देकर दो नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की शनिवार को 12बजे रात्रि अपने साथी बंजारी कला गांव निवासी मोतीलाल कोल व ज्ञान कुमार व लालगंज थाना क्षेत्र के कटाई गांव निवासी अभिमन्यु सिंह के साथ कार से बंजारी कला अपने साथी को घर छोड़ने जा रहे थे की पंवारी कला गांव में पंवारी कला गांव निवासी गोपाल सिंह व मनधारी सिंह व तीन अज्ञात रोककर गाली गलौज देते हुए मारपीट कर चोटिल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है । जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की कार सवार के साथ मारपीट करने वाले दो नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### सपा के जोन प्रभारी बने, महेंद्र



**हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद लाल यादव ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से हलिया कस्बा निवासी महेंद्र उपाध्याय को जोन प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी हाईकमान द्वारा जारी सूची में उनका नाम शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। महेंद्र उपाध्याय को यह जिम्मेदारी उनके संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए दी गई है। नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सक्रिय होगा।जोन प्रभारी बनने के बाद महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की आवाज को हर स्तर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 के चुनावों की तैयारी में जुटने की अपील की। समर्थकों का कहना है कि महेंद्र उपाध्याय की नियुक्ति से क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी और नए कार्यकर्ता जुड़ेंगे।

### जिला स्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आग्रह, जनसंपर्क अभियान पर जोर




**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में रविवार को जिला बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य और पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन ने किया। प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता, जिला एवं मंडल पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शिक्षक एमएलसी तथा स्नातक एमएलसी के चुनाव होने हैं, इसलिए जनसंपर्क अभियान अभी से मजबूत तरीके से चलाया जाए ताकि पार्टी जिले में विजय सुनिश्चित कर सके।काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संपर्क अभियान की बारीकियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ प्रति व्यक्ति आय के मामले में उत्तर प्रदेश में पिछड़ा हुआ है और इस स्थिति को सुधारने की जिम्मेदारी उन्होंने उठाई है। मौर्य ने स्पष्ट किया कि प्रतापगढ़ जब तक अग्रणी पंक्ति में नहीं आ जाता, वे अपने संकल्प से पीछे नहीं हटेंगे।जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने निर्देश दिए कि आगामी सभी शक्ति केंद्रों पर निश्चित तिथि पर बैठकों का आयोजन किया जाए और प्रत्येक मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों में बैठक कर मजबूती से कार्ययोजना बनाएं। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सचेत किया कि बिना खुद बैठकों में शामिल हुए गलत रिपोर्टिंग करने से संगठन कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभारी स्वयं बैठकों में उपस्थित होकर सटीक विवरण भेजें। बैठक में प्रमुख रूप से अजय वर्मा जिला महामंत्री, विशाल विक्रम सिंह नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, रुचि केसरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष के.के. सिंह, बृजेश पांडे, अशोक मिश्रा, अशोक सिंह, अशोक सरोज, राघवेंद्र शुक्ल, देवेश त्रिपाठी, आशीष तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं जिला कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**योजनाओं की दी जानकारी**


**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को निघासन और फूलबेहड़ में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया गया। निघासन ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने फीता काटकर किया। उन्होंने कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व, बाल विकास, सहकारिता समेत विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को आवासों की चाबियां वितरित की गईं। बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं को पोषण किट और फल की टोकरी दी गई। अन्नप्राशन कार्यक्रम में नवजात बच्चों को अन्न ग्रहण कराया गया। अजय मिश्र टेनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने



का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कन्या सुमंगला जैसी योजनाओं से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं, विकास खंड मुख्यालय फूलबेहड़ में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी ने किया। 14 से 16 जून तक चलने वाले मेले में स्वच्छ भारत मिशन, पशुपालन, बाल विकास, लघु सिंचाई, शिक्षा विभाग और स्वयं सहायता समूहों समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, विधवा, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। विधायक मंजू त्यागी ने अधिक से अधिक पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आवेदन-पंजीकरण कराया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, अरविंद सिंह संजय, दयाशंकर मौर्य, रतीराम लोधी, संजय गिरी, अशोक तिवारी, महेश गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, अनमोल सिंह, विपिन मौर्य, विमल तिवारी, दिग्विजय गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## छत से गिरकर 4 वर्षीय मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** गोला देहात क्षेत्र के ग्राम भुसौरिया में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में चार वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम भुसौरिया निवासी देवक सिंह की पुत्री नेहा सिंह (4 वर्ष) शनिवार शाम करीब 7:30 बजे अपने घर की छत पर खेल रही थी। परिजनों के मुताबिक खेलते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गई। बच्ची के गिरते ही परिवार के लोग घबरा गए और उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्ची की गंभीर हालत देखते हुए जांच की, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि बच्ची का सुकन्या योजना से संबंधित बीमा संचालित था। इसी प्रक्रिया के तहत आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पड़ोसी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने बताया कि नेहा परिवार की लाड़ली थी और उसकी असमय मौत से सभी लोग स्तब्ध हैं।

## ईसानगर ब्लॉक मुख्यालय पर तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को विकास खंड मुख्यालय ईसानगर में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री अनुराग मिश्रा ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, ब्लॉक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। मेले में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना सहित केंद्र सरकार की



विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियां भी प्रदर्शित की गईं। इसके अलावा राज्य सरकार की मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना, मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा ओडीओपी और ओडीओसी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए। वहीं शिविर में पात्र एवं इच्छुक व्यक्तियों के पंजीकरण की कार्यवाही भी संपन्न कराई गई। खंड विकास अधिकारी धन प्राप्त यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा इच्छुक व्यक्तियों का पंजीकरण भी कराया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से मेले में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मितौली में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड मितौली परिसर में रविवार को तीन दिवसीय भव्य जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कस्ता विधानसभा के विधायक सौरभ सिंह सोनू ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर 14 से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों की योजनाओं, नीतियों एवं नियमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। शिविर के प्रथम दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत



योजना के तहत पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) तथा शिक्षा विभाग ने बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा एवं महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विभाग ने किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, कृषि उपकरणों पर मिलने वाली सब्सिडी और पीएम किसान सम्मान निधि योजना के बारे में जागरूक किया। ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन समेत ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से अपील की कि 15 एवं 16 जून को भी आयोजित होने वाले इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस ने बरामद किए 17 खोए स्मार्टफोन, मालिकों को लौटाए



**ढाई लाख रुपये कीमत के मोबाइल पाकर खिले चेहरे, सीईआईआर पोर्टल और सर्विलांस की मदद से मिली सफलता**

**निघासन, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली निघासन पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न स्थानों से खोए 17 एंड्रॉएड स्मार्टफोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। अपने खोए हुए कीमती मोबाइल फोन वापस पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। रविवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी (सीओ) शिवम कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर ने बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल फोन गुम होने संबंधी शिकायतें सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज कराई गई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और सर्विलांस की मदद से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की और उन्हें बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के हैं, जिनमें रीयलमी, विवो, सैमसंग, वनप्लस और ओप्पो जैसी प्रमुख कंपनियों के महंगे स्मार्टफोन शामिल हैं। पुलिस टीम ने लगातार तकनीकी निगरानी और सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए सभी 17 मोबाइल फोन बरामद किए। सीओ शिवम कुमार ने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे मोबाइल की ट्रैकिंग और बरामदगी में आसानी हो सके। प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि मोबाइल बरामदगी अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और सर्विलांस प्रणाली की मदद से गुम हुए मोबाइल फोन खोजने में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। मोबाइल बरामदगी अभियान में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी सर्वेश कुमार यादव, कांस्टेबल गौरव सिंह तथा कांस्टेबल संजय यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। मोबाइल वापस पाने वाले लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ फोन दोबारा मिल सकेगा। पुलिस की सक्रियता और तकनीकी दक्षता के चलते उनके कीमती मोबाइल सुरक्षित वापस मिल गए, जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। बरामदगी की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में पुलिस की सराहना की जा रही है।

### अंकित मिश्रा बने चार्टर्ड अकाउंटेंट, क्षेत्र में हर्ष

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी मोतीलाल मिश्रा के छोटे भाई अमर नाथ मिश्रा के पुत्र अंकित मिश्रा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे गांव में खुशी का माहौल है।अंकित ने कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय, नई दिल्ली से सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत पूरी की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के दौरान उन्होंने भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सीए की उपाधि प्राप्त की। गांव वालों का कहना है कि अंकित बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और घर से बाहर रहकर उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया। शुभचिंतकों ने कहा कि अंकित की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## विकासखंड सदर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विकास खंडों में 14 जून से 16 जून तक आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला विकासखंड सदर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।शिविर में पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय



ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई।सांसद ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर स्वयं अपना ब्लड प्रेशर एवं शुगर परीक्षण कराया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, जिला प्रभारी कौशलेंद्र, उपाध्यक्ष पवन गौतम, सांसद प्रतिनिधि राय साहब सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए.एन. प्रसाद, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र त्रिपाठी, एडीओ (एसटी) प्रदीप पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आरोग्य मेला का हुआ आयोजन, 196 मरीजों का उपचार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया।

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 56 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 47 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण



मिश्रा ने 49 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 41 मरीजों का उपचार किया कुल 196 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया।सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को दी जानकारी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास खंड हलिया सभागार में रविवार को ष्विशेष जनसम्पर्क सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम किसान गौरव दिवस और खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों और महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, बीटीएम सर्वेश मिश्रा, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद ने कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में



विस्तार से बताया। किसानों को खेती में नई तकनीकों, फसल बीमा, मृदा परीक्षण और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभ लेने के तरीके समझाए गए। आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे, इसलिए इस तरह के शिविर गांव-गांव तक ले जाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योजनाओं को लेकर सवाल भी पूछे, जिनका अधिकारियों ने मौके पर समाधान किया।